THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 221 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक शु.2 2081 रविवार, 3 नवंबर-2024

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✼ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

KEDIA सेजस्थान

महा दिवाली

एक बार वीडियो देखिए
धाँसू लगे तो ही लीजिए

वीडियो देखने के लिए QR कोड स्कैन करें

FIXED PRICE GUARANTEED

NO MIDDLE-MEN

आज मध्य रात्रि 15 लाख रेट बढ़ेगी !

कल करोड़ों में मिलेगी कोठी !

FIXED PRICE & RENTAL

| PRODUCT TYPE | UNIT TYPE | SIZE | FIXED PRICE | PROPOSED RENTAL (AFTER POSSESSION) |
|---|---|---|---|---|
| WALK-UP APARTMENT | 2 BHK (GF) | 1350 Sq Ft | 63.45 LACS | 22,000 |
| | 3 BHK (SF) | 1900 Sq Ft | 70.50 LACS | 25,000 |
| | 3 BHK (FF) | 1900 Sq Ft | 77.55 LACS | 28,000 |
| KOTHI | 3 BHK BIG | 2000 Sq Ft | 84.60 LACS | 30,000 |
| | 4 BHK BIGGER | 2325 Sq Ft | 98.70 LACS | 40,000 |
| | 4 BHK BIGGEST | 3200 Sq Ft | 1.41 CRORE | 50,000 |

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

POSSESSION: DEC. 2025

बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट



KEDIA®

1800-120-2323
78770-72737

info@kedia.com
www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in
RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
• LOCATION
• ROUTE MAP
• SITE 360 TOUR
• E-BROCHURE
• WALKTHROUGH

*T&C Apply

# फायरिंग का मामला : लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल को यूएस से लाने की तैयारी

## मुंबई पुलिस ने प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू की




मुंबई, 2 नवंबर (एजेंसियां)। अभिनेता सलमान खान के घर फायरिंग करवाने के मामले में आरोपी अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सलमान के घर 14 अप्रैल को बाइक सवार दो लोगों ने फायरिंग की थी। हालांकि, इसमें जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। अनमोल, साबरमती जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का छोटा भाई है।

मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच के एक सीनियर अफसर ने बताया कि महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (एमसीओसीए) कोर्ट ने अनमोल की गिरफ्तारी के लिए पहले ही गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया है। कोर्ट ने विदेश में उसकी तलाश के लिए रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया है। मुंबई पुलिस के मुताबिक, अभी कुछ अदालती दस्तावेजों का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई के लिए केंद्र सरकार को एक प्रत्यर्पण के लिए औपचारिक प्रस्ताव भेजा जाएगा। स्पेशल कोर्ट ने 16 अक्टूबर को क्राइम ब्रांच के उनके आवेदन को मंजूरी दे दी थी। उम्मीद है कि पुलिस को जल्द ही डॉक्युमेंट्स मिल जाएंगे। इससे पहले 25 अक्टूबर को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई की गिरफ्तारी के लिए 10 लाख रुपए के इनाम की घोषणा की थी। सलमान के घर पर फायरिंग के अलावा अनमोल पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला और बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में भी आरोपी है।

**फायरिंग के वक्त घर पर ही थे सलमान खान**

सलमान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पर 14 अप्रैल को सुबह 5 बजे दो बाइक सवार हमलावरों ने 4 राउंड फायर किए थे। फायरिंग के वक्त सलमान अपने घर में ही थे। घटना के बाद महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने सलमान खान से फोन पर बात की थी। शिंदे ने मुंबई पुलिस कमिश्नर को सलमान की सिक्योरिटी बढ़ाने के लिए कहा था। फायरिंग की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप ने ली थी। ग्रुप के मेंबर अनमोल बिश्नोई ने एक पोस्ट शेयर की थी। इसमें लिखा कि आने वाले समय में भी सलमान पर हमला हो सकता है। हालांकि, पुलिस की तरफ से इस पोस्ट की पुष्टि नहीं की गई।

**मार्च 2023 में लॉरेंस ने दी थी सलमान को धमकी**

मार्च 2023 में लॉरेंस बिश्नोई से धमकी मिलने के बाद सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। उन्हें महाराष्ट्र सरकार की तरफ से Y+ कैटेगरी की सुरक्षा मिली हुई है। एनआईए ने कहा था कि खान उन 10 लोगों की लिस्ट में टॉप पर हैं, जिन्हें जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने मारने की धमकी दी थी। 1998 में हुई काले हिरण के शिकार की घटना से बिश्नोई समुदाय नाराज है, जिसका हवाला देते हुए लॉरेंस ने एक टीवी इंटरव्यू में सलमान को मारने की धमकी दी थी।

# स्वाति मालीवाल ने सीएम हाउस के बाहर काला पानी छिड़का

## बोलीं-आतिशी को शर्म नहीं आती, ये दिल्ली सरकार की 'नल से कोका-कोला' की स्कीम है

नई दिल्ली, 2 नवंबर (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल शनिवार को दिल्ली सीएम आवास पहुंचीं। मालीवाल अपने साथ बोतल में काला पानी लेकर पहुंचीं थीं। उन्होंने घर के बाहर पानी को छिड़का और बोतल गेट के पास रख दी।

मालीवाल ने कहा-यह वही काला पानी है जो दिल्ली की जनता पी रही है। उन्हें (सीएम) कोई शर्म नहीं है। क्या दिल्ली में रहने वाले ये दूषित पानी पिएंगे। ये दिल्ली सरकार की नल से कोका-कोला की स्कीम है। मैंने मुख्यमंत्री को चेतावनी दी है कि ये तो बस एक सैंपल था। अगर 15 दिन के अंदर वो पूरी दिल्ली की पानी सप्लाई ठीक नहीं करती हैं तो मैं एक पूरा टैंकर भर पानी लेकर आऊंगी। स्वाति मालीवाल ने कहा, सागरपुर, द्वारका के लोगों ने मुझे फोन किया था और वहां की स्थिति बहुत खराब है। मैं एक घर में गई और वहां काला पानी सप्लाई हो रहा था। मैंने उस काले पानी को एक बोतल में भरा और मैं उस पानी को यहां, मुख्यमंत्री आवास पर लेकर आई। 2015 से हम सुन रहे हैं कि अगले साल सब ठीक हो जाएगा। मैंने जो पानी उन्हें दिया है, वो इस पानी से नहा सकती हैं, इस पानी को पी सकती हैं या अपने पापों को धो सकती हैं। छठ पूजा आ रही है। आज गोवर्धन पूजा थी, कल दिवाली थी और दिल्ली का ये हाल है। कौन इस पानी को पीकर जिंदा रह सकता है? मुख्यमंत्री जल मंत्री भी हैं। क्या उनका काम सिर्फ हर दिन 10 प्रेस कॉन्फ्रेंस करके मजाक उड़ाना है?

स्वाति मालीवाल का आम आदमी पार्टी से विवाद इसी साल मई में सामने आया था। दरअसल 13 मई को स्वाति मालीवाल उस वक्त सीएम रहे केजरीवाल से मुलाकात करने पहुंची थीं। सीएम आवास में उनकी पीए बिभव कुमार से बहस हुई। बाहर आकर उन्होंने आरोप लगाया कि बिभव ने उनके साथ मारपीट की। जांच के बाद 18 मई को बिभव को गिरफ्तार कर लिया गया था।

# खबरें जरा हटके

## फटे कपड़े पहन बैंक में कैश जमा करने पहुंचा 'भिखारी'

### जैसे ही झोले से निकाला पैसे, सब रह गए दंग!




एक कहावत है, किसी किताब को उसके बाहरी कवर से मत आंकिए, यानी किसी इंसान को उसके बाहरी रूप से नहीं आंकना चाहिए. हम अक्सर सोचते हैं कि जो कम सुंदर दिख रहा है, जो कम जानकार लग रहा है, वो हर परिस्थिति में हमसे कम दर्जे का होगा. पर ऐसा जरूरी नहीं है. इस बात का सबूत आपको एक वायरल वीडियो देखकर मिल जाएगा, जिसमें एक 'भिखारी' बैंक में पैसे जमा करने आता है. वो फटे-पुराने कपड़े पहना रहता है, इस वजह से लोग उसका अपमान करते हैं. पर जैसे ही वो झोले में से पैसे निकालता है, उसे देखकर हर कोई दंग हो जाता है.

इंस्टाग्राम यूजर ने हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें वो एक भिखारी का रूप लेकर बैंक पहुंचे हैं. जी हां, वीडियो में दिख रहा व्यक्ति असल में भिखारी नहीं है, बल्कि एक कंटेंट क्रिएटर है जो लोगों के रिएक्शन देखने के लिए ऐसी हालत में बैंक पहुंचा है. शख्स के कपड़े फटे हैं, वो गरीब दिख रहा है और उसके हाथ में एक झोला है. उसकी हालत देखकर लोग उसका अपमान करते हैं, उसे खुद से दूर भगाते हैं और दुत्कारने लगते हैं.

## मोबाइल और टीवी से दूर, 5 साल के अथर्व ने चुनी किचन की दुनिया

### बनाता है ऐसा खाना की चाटते रह जाएंगे उंगली



मांड्य : मसालेदार पदार्थों को हाथ में लेकर खाना बना रहा यह बच्चा केवल 5 साल का है. मांड्य शहर का निवासी श्रीविद्या का बेटा, 5 वर्षीय अथर्व, घरवालों के लिए खाना बनाता है. जब स्कूल में छुट्टियाँ होती हैं, तब वह मोबाइल, टीवी का समय बर्बाद करने के बजाय अपनी माँ से खाना बनाना सीखने में रुचि दिखाता है. आम तौर पर बच्चे स्कूल की छुट्टियों में खेलना, संगीत, नृत्य, चित्रकला आदि में समय बिताते हैं. हाल के दिनों में बच्चे मोबाइल, टीवी देखने में अधिक समय बिताते हैं. लेकिन मांड्य का अथर्व सभी से थोड़ा अलग है. वह अपनी माँ के साथ मिलकर खाना बनाकर अपनी स्कूल की छुट्टियाँ बिता रहा है.

**माँ का प्रोत्साहन**

जब माँ खाना बना रही होती हैं, तो अथर्व उनके पास खड़े होकर देखता है. अब वह खुद कुछ व्यंजन बनाने में सक्षम हो गया है. अथर्व चपाती, डोसा, टमाटर भात, पुलाव सहित कई प्रकार के व्यंजन बनाता है. अथर्व के पिता-माता एक मोमबत्ती के व्यवसाय का संचालन कर रहे हैं. अथर्व की खाना बनाने में रुचि को देखते हुए माँ विद्या उसे प्रोत्साहित कर रही हैं. अथर्व अब तक मसालेदार पदार्थों और दालों के बारे में जान चुका है. माँ जब खाना बनाती हैं, तब अथर्व उनके साथ रहकर मदद करता है. कुल मिलाकर, माता-पिता को अपने बच्चों की रुचियों को पहचानना चाहिए और उन्हें सीखने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए. इससे बच्चों का विकास होता है और इससे बच्चे मोबाइल और टीवी देखने में भी कम समय बिताते हैं. अथर्व की कहानी हमें यह सिखाती है कि बच्चों को उनके रुचियों के अनुसार मार्गदर्शन देना कितना महत्वपूर्ण है. जब माता-पिता अपने बच्चों के प्रति जागरूक होते हैं, तो वे उन्हें ऐसे अनुभवों का मौका देते हैं, जो न केवल मनोरंजक होते हैं बल्कि उन्हें नई कौशल भी सिखाते हैं.

## दुकान में घुसे चोर, खुद को बताया ग्राहक 22 हजार किलो चीज़ लेकर हुए चंपत

### *कीमत सुनकर उड़ जाएंगे होश!*



जिस तरह भारत में लोग पनीर बड़े चाव से खाते हैं, उसी तरह विदेशों में चीज़ के शौकीन कई लोग होते हैं. चीज़ को आप पनीर का ही रूप मान सकते हैं. हालांकि, चीज़ और पनीर में जो सबसे बड़ा अंतर होता है, वो ये कि जब आप चीज़ को गर्म करेंगे, तो वो पिघल जाता है. पिज्जा या अन्य फास्ट फूड के ऊपर चीज़ डालना काफी आम बात है. क्या आपने कभी सोचा है कि कोई इस चीज़ की चोरी कर ले? हाल ही में ऐसा ही हुआ इंग्लैंड में, जहां चोरों ने 1-2 किलो नहीं, 22 हजार किलो चीज़ चुरा ली. जब आप उसकी कीमत सुनेंगे, तो आपके होश उड़ जाएंगे.

डेली स्टार न्यूज वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार बीते 21 अक्टूबर को लंदन की नील्स यार्ड डेरी से 22 टन चीज़ चुरा ली गई. अब इस चोरी के मामले में 63 साल के एक व्यक्ति की फ्रॉड के मामले में गिरफ्तारी हुई है. हालांकि, फिलहाल उस व्यक्ति के ऊपर सिर्फ शक है. हुआ यूं कि चोर दुकान पर ग्राहक और फ्रांस के एक बड़े चीज विक्रेता बनकर पहुंचे. उन्होंने दुकानदार से 22 टन चीज़ ले लिया, मगर बाद में दुकानदार को पता चला कि वो सिर्फ एक स्कैम था और चोर उसकी 22 टन चीज़ लेकर फरार हो गए हैं.

**22 टन चीज हुआ चोरी**

आपको जानकर हैरानी होगी कि चोरी हुए 22 हजार किलो चीज़ की कीमत 3.2 करोड़ रुपये है. मेट्रोपॉलिटन पुलिस के प्रवक्ता ने डेली स्टार से बात करते हुए बताया कि 21 अक्टूबर को उन्हें रिपोर्ट मिली कि साउथवॉर्क में बहुत बड़े चीज विक्रेता के यहां से 22 टन चीज़ की चोरी हो चुकी है. उसके बाद 63 साल के शख्स को गिरफ्तार किया गया. उसके ऊपर खुद की गलत पहचान बताकर फ्रॉड करने और चोरी किए हुए सामान होने का केस दर्ज किया गया है. शख्स को साउथ लंदन के पुलिस स्टेशन ले जाया गया, जहां उससे सवाल-जवाब किए जा रहे हैं.

# ओडिशा के सुंदरगढ़ में यात्रियों से भरी वैन ट्रक से टकराई-छह लोगों की मौत

भुवनेश्वर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में शनिवार की सुबह को एक वाहन और ट्रक की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में पांच घायल भी हुए हैं। यह घटना गायकानापाली क्षेत्र में घटी। यात्रियों को ले जा रही वैन ट्रक से टकरा गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस घटना की जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा, ₹कीर्तन समूह के छह सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। शायद यह घटना कुहासा के कारण घटी। यह कीर्तन पार्टी दिवाली के मौके पर एक कार्यक्रम के लिए चक्कप्लाई गांव गई थी। वापस लौटने के दौरान यह घटना घटी।₹ मृतक कंडागोड़ा और समरपिंडा गांवों के रहने वाले थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग करते हुए स्थानीय लोगों ने सड़कों को जाम कर दिया।

## छात्रा ने रेप के बाद किया था सुसाइड-फोरेंसिक रिपोर्ट में पुष्टि

ग्वालियर, 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। ग्वालियर में 4 महीने पहले 8वीं मंजिल से 15 साल की छात्रा गिरी नहीं थी, उसने सुसाइड किया था। फोरेंसिक रिपोर्ट में उसके साथ रेप की पुष्टि हुई है। पुलिस का मानना है कि इसी बात से दुखी होकर उसने जान दे दी। हालांकि, फोरेंसिक रिपोर्ट में रेप की घटना सुसाइड से दो-तीन पहले की बताई जा रही है। घटना 22 जून 2024 गोला का मंदिर इलाके की है। बिल्डिंग से कूदने से पहले उसने अपनी क्लासमेट को मैसेज भेजा था- गुडबाय। जब क्लासमेट ने उससे पूछा कि ऐसा क्यों लिख रही है? इस पर छात्रा का कहना था, मेरा कोई दोस्त नहीं है। छात्रा की मौत के बाद कई तरह के सवाल उठे थे।

# पीएम के ट्वीट पर बोली कांग्रेस-हमारी गारंटियां देश में सुधार ला रहीं, भाजपा ने किया पलटवार




नई दिल्ली, 2 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस पर निशाना साधा था और कहा कि विपक्षी पार्टी जनता के सामने 'बुरी तरह बेनकाब' हो गई है, क्योंकि वह लोगों से ऐसे वादे करती है, जिन्हें वह खुद जानती है कि पूरा नहीं कर पाएगी। पीएम मोदी ने कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर पलटवार किया था। दरअसल खरगे ने कहा था कि कांग्रेस शासित राज्य सरकारों को ऐसे वादे करने चाहिए, जो सही तरीके से बजट में शामिल हों और जिनके लिए पैसे की समस्या न आए।

**पीएम के ट्वीट पर कांग्रेस ने साधा निशाना**

वहीं पीएम मोदी के इस ट्वीट पर आज कांग्रेस की तरफ से हमला किया गया है, मंगलुरु में पत्रकारों से बात करते हुए कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा, हमारी गारंटी देश में सुधार ला रही है। पूरा देश हमारे मॉडल को देख रहा है। भाजपा शासित कुछ राज्य हमारे मॉडल की नकल कर रहे हैं। हमारी गारंटी लोगों के विकास में मदद कर रही है। वे राजनीति देखते हैं, हम विकास देखते हैं।

**भाजपा की तरफ से कांग्रेस-खरगे पर पलटवार**

इधर भाजपा ने भी कांग्रेस और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर पलटवार किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सीआर केसवन ने कहा, कांग्रेस पार्टी को आगामी महाराष्ट्र और झारखंड चुनावों में भारी हार का सामना करना पड़ रहा है, यही वजह है कि कांग्रेस पार्टी हताशा में है। मल्लिकार्जुन खड़गे के कल के घबराए हुए ट्वीट चुनावों में कांग्रेस की आगामी हार की स्पष्ट स्वीकृति और स्वीकारोक्ति हैं।

**कांग्रेस ने लोगों को बार-बार धोखा दिया- भाजपा**

उन्होंने आगे कहा, हमारे देश के लोग कांग्रेस पार्टी की चालबाजी और मोदी की गारंटी के बीच के अंतर को अच्छी तरह से जानते और समझते हैं। फर्जी और झूठे वादों और प्रतिज्ञाओं के राहुल गांधी के तर्कहीन 'तुगलकनोमिक्स' पर आधारित कांग्रेस पार्टी की चालबाजी ने बार-बार लोगों को धोखा दिया है और उन्हें विफल किया है। दूसरी ओर, मोदी की गारंटी ने लोगों के जीवन में बड़े पैमाने पर विकास की शुरुआत की है और हमारे देश को बदल दिया है।

# 'उन्हें सिर्फ लेना आता है, उनके पास देने का इरादा नहीं'

## > सीएम एकनाथ शिंदे का कांग्रेस पर हमला




मुंबई, 2 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के झूठे वादे न करने संबंधी बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'खटा-खट' टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि कुछ लोगों ने 'खटा-खट, खटा-खट' करके लोगों को एक भी रुपया नहीं दिया गया और महाराष्ट्र सरकार लोगों के खातों में 'पटा-पट, पटा-पट' पैसा डालती है।

**उनके पास देने का इरादा नहीं है- सीएम शिंदे**

सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि कांग्रेस के पास देने का इरादा नहीं है, उन्होंने लोगों से सिर्फ लेना सीखा है। सीएम शिंदे ने कहा, वह सही हैं, क्योंकि उनके पास देने का इरादा नहीं है। उन्हें देना नहीं आता, उन्हें लेना आता है। अगर पीएम मोदी एक रुपया भेजते हैं तो पूरा रुपया डीबीटी (डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर) में चला जाता है।

**'हमने आरबीआई और केंद्र निर्देशों का किया पालन'**

उन्होंने आगे कहा, हमने आरबीआई और केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन किया। हम जीडीपी का 25 प्रतिशत ऋण ले सकते हैं। हमारा ऋण 17.5 प्रतिशत है और हम एफआरबीएम (राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम) के 3 प्रतिशत के भीतर हैं। हम हर दिशा-निर्देश का पालन करते हैं, हमने किसी चीज का उल्लंघन नहीं किया है, इसलिए हमने इसके लिए पूरे साल का बजट रखा है, इसलिए इस योजना को बंद नहीं किया जाएगा। लाडली बहन योजना को कोई नहीं रोक पाएगा।

**'हिमाचल, कर्नाटक, तेलंगाना में कांग्रेस के वादे अधूरे'**

वहीं हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना का उदाहरण देते हुए सीएम ने कहा कि इन राज्यों से कांग्रेस पार्टी के वादे अधूरे रह गए। उन्होंने कहा, विपक्ष के लिए यह सब अप्रत्याशित था, उन्हें लगता है कि हम सिर्फ कठपुतली हैं। उन्हें नहीं पता था कि हम इतनी बड़ी योजना चलाएंगे और विकास को आगे बढ़ाएंगे। उद्योग जगत भी हम पर भरोसा कर रहा है। हमारी सरकार लोगों के लिए काम करती है और पिछली सरकार अपने लिए काम करती थी, अपनी संपत्ति बनाती थी, अपने फायदे के लिए... उनके कुछ नेता कहते थे, खटा, खट, खटा-खट, एक भी रुपया नहीं दिया। हमारी सरकार ने लोगों के खातों में पैसा डाला, पटा-पट, पटा पट।

**मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस इकाइयों को दी सलाह**

इससे पहले, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चुनाव के लिए तैयार कांग्रेस इकाइयों को सलाह दी कि वे अपने बजट के आधार पर गारंटी की घोषणा करें। सीएम शिंदे ने आगे कहा कि नवंबर महीने के लिए लाडली बहन योजना का पैसा अक्टूबर में ही बैंक खाते में ट्रांसफर किया जा रहा है। उन्होंने कहा, आचार संहिता के कारण लाडली बहन योजना का पैसा रुकना नहीं चाहिए, इसलिए हमने नवंबर का पैसा अक्टूबर में दे दिया।

# 'उमर सरकार को अस्थिर करने की कोशिश, घाटी में बढ़ते आतंकी हमलों के पीछे एजेंसियां तो नहीं?'



श्रीनगर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में पिछले कुछ दिनों से आतंकवाद की घटनाएं लगातार बढ़ रही है. पिछले 24 घंटे के अंदर ही राज्य में 3 आतंकी हमले हुए हैं जिसमें कल पहले बडगाम और बांदीपुरा में फायरिंग हुई और आज श्रीनगर में फायरिंग हुई. आतंक की इन बढ़ती घटनाओं पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के मुखिया फारूक अब्दुल्ला को साजिश की बू नजर आ रही है.

मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हमला क्राइसिस पैदा करने की कोशिश है. हमलावरों को पकड़ना चाहिए तब पता चलेगा कि इन आतंकियों के पीछे कौन है. इनको मारना नहीं चाहिए. उन्होंने कहा कि इनको पकड़ो और पूछो कि आखिर कौन करवा रहा है ये सब. अभी ही ये घटनाएं क्यों हो रही है .. पहले क्यों बंद थे ये हमले और अभी ही क्यों हो रहे हैं? बडगाम में मजदूरों पर हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, इसकी जांच होनी चाहिए. कैसे यहां सरकार बन गई है और ये हो रहा है. मुझे तो शक है कि यह वो लोग तो नहीं कर रहे हैं जो इस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं?

पहले क्यों बंद थे ये हमले और अभी ही क्यों हो रहे हैं...? यह सब एक संकट पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं. कश्मीर को अस्थिर करने की कोशिश है .. क्या कोई एजेंसिया तो नहीं है इन हमलों के पीछे जो उमर अब्दुल्ला सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि यह पहली बार नहीं है, जब जम्मू-कश्मीर में गैर-कश्मीरियों पर गोलीबारी का मामला सामने आया हो. इससे पहले भी कई बार गैर-कश्मीरी नागरिकों को आतंकियों के द्वारा निशाने पर लिया गया है.

# कैसे हुई 10 हाथियों की मौत

## *वन विभाग खेतों में कोदो की फसल जला रहा; एक्सपर्ट बोले-ये जहरीली नहीं*

उमरिया, 2 नवंबर (एजेंसियां)। बांधवगढ़ नेशनल पार्क में दो दिन में 10 हाथियों की मौत का रहस्य अब भी बरकरार है। वन विभाग की टीम मौत का वास्तविक कारण पता नहीं लगा सकी है। महकमा प्रारंभिक रूप से कोदो की फसल को ही जिम्मेदार मान रहा है। हाथियों में कोदो से जहर फैलने की आशंका के चलते अब विभाग इस फसल को ही नष्ट करा रहा है। हालांकि विभाग के लोग ये भी कहते हैं कि इस बार मिलेट्स यानी मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए इस फसल के बीज बांटे जाने थे। वहीं अब लगी हुई फसल में आग लगानी पड़ रही है। हाथियों की मौत के रहस्य से जुड़े तमाम सवालों पर हमने स्थानीय लोगों, वन विभाग के जिम्मेदार अफसरों और एक्सपर्ट्स से बात की। बांधवगढ़ नेशनल पार्क में 10 हाथियों की मौत को दो दिन बीत चुके हैं। इलाके में अजब सी खामोशी पसरी है। वन विभाग की आवाजाही से ये खामोशी टूटती है। वन विभाग की टीम यहां 31 अक्टूबर से खेतों में लगी कोदो की फसल को नष्ट करा रही है। महकमे के आला अफसरों के आदेश हैं इसलिए मातहत अफसर भी बिना सवाल किए हुक्म बजा रहे हैं। गांव वालों को अपनी सूखी फसल जो कट चुकी थी उसको उठाने नहीं दिया गया।

# शाइना एनसी को 'इम्पोर्टेड माल' कहने पर अरविंद सावंत ने मांगी माफी



मुंबई, 2 नवंबर (एजेंसियां)। मुंबा देवी सीट से शिवसेना शिंदे की उम्मीदवार शाइना एनसी को 'इम्पोर्टेड माल' कहने पर बुरी तरह घिरे शिवसेना यूबीटी के अरविंद सावंत ने अपने बयान पर माफी मांग ली है.

उन्होंने कहा है कि मेरे बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया जबकि मैंने अपने 55 साल के राजनीतिक करियर में मैंने कभी भी महिलाओं का अपमान नहीं किया। अपने बयान में अरविंद सावंत ने कहा, 'अगर मेरे बयान से किसी को ठेस पहुंची है तो मैं माफी मांगता हूं और पूरा सम्मान करता हूं. सुर्पणका, रेवन्ना रेड्डी, मणिपुर की घटना .. इन सबको लेकर क्या बयानबाजी हुई? . किशोरी पेडनेकर के बारे में आशीष शेलार ने क्या कहा? रामे कसम वाला बयान, अब्दुल सत्तार ने सुप्रिया सुले के बारे में क्या कहा? क्या सभी घटनाओं में एफआईआर दर्ज की गई? मैं मांग करता हूं कि ऐसी सभी घटनाओं में एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए। अरविंद सावंत ने कहा, 'केवल राजनीतिक लाभ लेने के लिए ऐसा किया गया. मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं था, मैंने अपना नाम भी नहीं लिया. एक बार फिर मैं कहना चाहता हूं कि अगर मेरे बयानों से किसी को ठेस पहुंची है तो मैं माफी मांगता हूं। शाइना एनसी को महायुति का उम्मीदवार बनाए जाने पर अरविंद सावंत ने कहा था कि उनकी हालत देखिए... वो जिंदगीभर बीजेपी में रहीं. टिकट मिला एकनाथ शिंदे की शिवसेना से. यहां इम्पोर्टेड नहीं चलेगा. हमारे यहां ऑरिजनल माल चलता है. अमीन पटेल ही ऑरिजनल उम्मीदवार हैं.

**दर्ज हुई थी एफआईआर**

इस बयान के बाद शाइना एनसी ने नागपाड़ा पुलिस स्टेशन में अरविंद सावंत के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी. सावंत के बयान पर शाइना ने नाराजगी जताते हुए कहा, 'वो एक महिला का सम्मान नहीं कर सकते हैं. एक सक्षम महिला जो एक प्रोफेशनल है और राजनीति में आती है. उनके लिए आप ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करते हैं?






THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 221 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक शु.2 2081 रविवार, 3 नवंबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## 36 घंटे में 3 एनकाउंटर, 3 आतंकी ढेर

श्रीनगर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में शनिवार को सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में 2 आतंकियों को ढेर कर दिया। शांगुस लार्नू के जंगल में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच शनिवार सुबह एनकाउंटर शुरू हुआ। यहां 3 आतंकियों के छिपे होने की जानकारी थी। एक आतंकी अब भी छिपकर फायरिंग कर रहा है।

जम्मू-कश्मीर में 36 घंटे में यह तीसरा एनकाउंटर है। श्रीनगर के खान्यार और बांदीपोरा के पन्नेर में भी मुठभेड़ चल रही है। श्रीनगर एनकाउंटर में 2-3 आतंकी छिपे हुए हैं। यहां गोलीबारी में 2 सीआरपीएफ के जवान और 2 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। दोनों का इलाज चल रहा है। फिलहाल दोनों की हालत स्थिर है।

# जस्टिन ट्रूडो को भारत का करारा जवाब

नई दिल्ली, 2 नवंबर (एजेंसियां)। भारत और कनाडा के बीच रिश्ते बिगड़ते ही जा रहे हैं। कनाडा ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर बड़ा आरोप लगाया और अब भारत ने भी करारा जवाब दिया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा है कि कनाडा में भारतीय राजनयिकों का फोन टैप हुआ और हमने उसका विरोध जताया है। भारत ने कनाडा पर आरोप लगाते हुए कहा कि इंटरनेशनल मीडिया में खबरें प्लांट की जा रही हैं और गलत सूचनाएं लीक की जा रही हैं।


विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल।

**कनाडा में डर के माहौल में काम कर रहे राजनयिक :**

भारत ने साफ कहा कि कनाडा में भारतीय राजनयिक उत्पीड़न और डर के माहौल में काम कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कनाडा सरकार उत्पीड़न और धमकी में शामिल है। भारत ने कनाडा को चेतावनी भी दी है। भारत ने कनाडा के ताजा बयानों पर कहा कि वह गैर जिम्मेदाराना है और उसके गंभीर नतीजे होंगे। भारत ने शुक्रवार को कनाडा हाई कमिशन के राजनयिकों को भी तलब किया था। कनाडा द्वारा गृहमंत्री अमित शाह पर दिए गए बयान की भारत ने कड़ी निंदा भी की है। भारत ने कहा कि कनाडा के ताजा बयानों के कारण दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर परिणाम होंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कनाडा अन्य देशों को प्रभावित करने की एक सोची समझी रणनीति के तहत जानबूझकर गलत बयानबाजी कर रहा है। भारत ने कहा, इंटरनेशनल मीडिया में खबरें प्लांट की जा रही हैं और गलत सूचनाएं लीक की जा रही हैं। यह उसी प्लान का हिस्सा हैं, जो वर्षों से चला आ रहा है। कनाडा सरकार का यह भारत के साथ शत्रुतापूर्ण रवैया है। हमने बार-बार उन्हें चेताया है कि इस तरह की बयानबाजी के गंभीर नतीजे होंगे।

**सूचना लीक करने की बात कनाडा ने स्वीकार की :**

कनाडा ने सूचना लीक करते हुए कहा था कि खालिस्तानी आतंकियों को निशाना बनाने के अभियान के पीछे गृह मंत्री अमित शाह का हाथ था। हालांकि उन्होंने इसको लेकर कोई सबूत नहीं दिया। प्रधानमंत्री ट्रूडो के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर और डिप्टी फॉरेन मिनिस्टर ने वॉशिंगटन पोस्ट को सूचना लीक करने की बात भी स्वीकार की थी।

## ग्रीस भारत में दो नए वाणिज्यिक दूतावास खोलेगा

नई दिल्ली, 2 नवंबर (एजेंसियां)। ग्रीस भारत में दो नए दूतावास खोलेगा। यह जानकारी ग्रीस के प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी को किए एक कॉल पर दी। नए वाणिज्य दूतावास मुंबई और बेंगलुरू में खोले जाएंगे। इसका उद्देश्य भारत के साथ राजनयिक उपस्थिति और जुड़ाव को बढ़ाना है। ग्रीक प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने टेलीफोन पर बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस निर्णय के बारे में बताया। वर्तमान में, ग्रीस के भारत में तीन राजनयिक कार्यालय हैं, जिनमें नई दिल्ली में दूतावास तथा चेन्नई और कोलकाता में वाणिज्य दूतावास शामिल हैं। ग्रीस सरकार का यह कदम भारत-ग्रीस संबंधों को बढ़ाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा माना जा रहा है।

# 'भारत आपदा जोखिम को कम करने के लिए सेंडाई फ्रेमवर्क के प्रति प्रतिबद्ध'


पीएम के प्रधान सचिव बोले

नई दिल्ली, 2 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए सेंडाई फ्रेमवर्क के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है और वैश्विक स्तर पर आपदा लचीलापन बढ़ाने के लिए ज्ञान साझाकरण, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सतत विकास पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, पीके मिश्रा ने ब्राजील के बेलेम में जी-20 आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्य समूह (डीआरआरडब्ल्यूजी) की मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेते हुए यह बात कही। उन्होंने एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, जिसने 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित बैठक में भाग लिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल की सक्रिय भागीदारी के साथ, आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) पर पहली मंत्रिस्तरीय घोषणा को अंतिम रूप देने पर आम सहमति बनी। कई सत्रों के दौरान, पीके मिश्रा ने आपदा जोखिमों को कम करने और आपदा वित्तपोषण को बढ़ाने में भारत सरकार की तरफ से की गई प्रगति को साझा किया। उन्होंने आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए भारत के सक्रिय दृष्टिकोण पर जोर दिया, जो कि जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान घोषित की गई आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्य समूह की पांच प्राथमिकताओं पर आधारित है- प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना, डीआरआर वित्तपोषण, प्रतिरोधी पुनर्प्राप्ति और प्रकृति आधारित समाधान। विपत्ति प्रतिरोधी अवसंरचना पर, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना गठबंधन (सीडीआरआई) की वैश्विक पहल के बारे में बात की, जिसके अब 40 देश और सात अंतर्राष्ट्रीय संगठन सदस्य हैं, विज्ञप्ति में कहा गया है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के मंत्रियों के साथ एक त्रिपक्षीय बैठक में भी भाग लिया।

## वक्फ भूमि बताकर किसानों को भेजे गए नोटिस होंगे वापस

*सीएम सिद्धारमैया ने जारी किए निर्देश*



बेंगलूरू, 2 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक में मुस्लिम किसानों की जमीन को वक्फ संपत्ति बताकर भेजे गए नोटिस वापस लिए जाएंगे। इस मुद्दे पर भाजपा के हमले के बाद कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने सभी अधिकारियों को नोटिस तुरंत वापस लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अफसरों से यह भी कहा कि किसी भी किसान को दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े।

उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने का आह्वान किया। साथ ही अधिकारियों को मामले को गंभीरता से हल करने के निर्देश दिए। कर्नाटक में मुस्लिम किसानों की जमीन को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताकर नोटिस भेजे गए थे। राज्य के विजयपुरा, कलबुर्गी, बीदर और शिवमोग्गा के किसानों ने जमीन को नोटिस मिलने की शिकायत की थी। नोटिस में उनकी जमीन को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताया गया। इसे लेकर भाजपा ने सिद्धारमैया सरकार को घेरा था।

# फर्जी आंकड़ों पर आधारित है कांग्रेस नीति : केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली, 2 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय तेल मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस की झूठ, मनगढ़ंत और फर्जी आंकड़ों पर आधारित है सोशल मीडिया नीति फिर से सक्रिय हो गई है। पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली सरकार वादों की विश्वसनीयता के लिए खड़ी है, जबकि कांग्रेस विश्वसनीयता के संकट के लिए खड़ी है। कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता अपनी भ्रामक राय सार्वजनिक करने से पहले तथ्यों की जांच नहीं करते हैं।



एक्स पर एक पोस्ट में पुरी ने लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने पिछले कुछ वर्षों में रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है। रोजगार में लगभग 36 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे 2016-17 और 2022-23 के बीच लगभग 170 मिलियन नौकरियां जुड़ी हैं। मैं उन्हें यह भी याद दिलाना चाहता हूं कि भारत की आर्थिक प्रगति प्रमुख क्षेत्रों में निरंतर रोजगार सृजन को दर्शाती है। हम बहुत जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर हैं, जबकि उनके प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और नीतियां 2014 में हमें 11वें स्थान पर छोड़ गई थीं। तेल मंत्री ने कहा कि भारत के युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्रदान करते हुए देश की जीडीपी इसी अवधि के दौरान औसतन 6.5 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ी। रोजगार में सुधार पर प्रकाश डालते हुए पुरी ने कहा कि भारतीय श्रम बाजार संकेतक बताते हैं कि 2022-23 में बेरोजगारी दर घटकर 3.2 प्रतिशत हो गई है।

कृषि क्षेत्र प्रमुख बना हुआ है, जिसमें 45 प्रतिशत से अधिक कार्यबल कार्यरत हैं तथा विनिर्माण और सेवाओं की ओर धीरे-धीरे बदलाव हो रहा है। उन्होंने लिखा, पीएलएफएस के अनुसार, युवा (आयु 15-29 वर्ष) बेरोजगारी दर 2017-18 में 17.8 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 10 प्रतिशत हो गई है। ईपीएफओ 2024 में 131.5 लाख तक पहुंच गया है, जबकि गिग इकॉनमी कार्यबल 2029-30 तक बढ़कर 2.35 करोड़ होने की उम्मीद है।


## आरजी कर मामला-सीबीआई को एमबीबीएस चयन में अनियमितताओं में घोष के हाथ होने के सुराग मिले

कोलकाता, 2 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) कोलकाता में सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रही है। सीबीआई अधिकारियों को एमबीबीएस चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी में पूर्व प्राचार्य संदीप घोष की संलिप्तता के सुराग मिले हैं।

सूत्रों ने बताया कि सीबीआई अधिकारियों ने पिछले महीने कलकत्ता हाईकोर्ट में दायर अपनी रिपोर्ट में भी इन निष्कर्षों का उल्लेख किया था। सीबीआई अधिकारियों के निष्कर्षों के अनुसार, एमबीबीएस चयन प्रक्रिया में अनियमितताएं 2021 में हुईं थीं। इसमें घोष ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इन गड़बड़ियों को सबसे पहले एक व्हिसलब्लोअर और आरजी कर के पूर्व उप अधीक्षक अख्तर अली ने उजागर किया था, जिनकी याचिका के आधार पर कलकत्ता हाईकोर्ट की सिंगल-जज बेंच ने सीबीआई को मामले के वित्तीय पहलू की जांच करने का निर्देश दिया था। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट के साथ 2021 में एमबीबीएस चयन से संबंधित कुछ प्रासंगिक सहायक सबूत कोलकाता हाईकोर्ट को सौंपे हैं।

## 25 नवंबर से शुरू होगा संसद का शीतकालीन सत्र

*✲ कई अहम बिलों पर होगी चर्चा*



नई दिल्ली, 2 नवंबर (एजेंसियां)। संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा। यह 20 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान कई अहम बिलों पर चर्चा होगी। शीतकालीन सत्र के दौरान वन नेशन-वन इलेक्शन और वक्फ विधेयक बिल पर भारी हंगामा होने के आसार है। वन नेशन-वन इलेक्शन पर रिपोर्ट को कैबिनेट से मंजूरी के बाद बिल को शीतकालीन सत्र में पेश किया जाएगा। बता दें कि विपक्षी दल वन नेशन-वन इलेक्शन का विरोध कर रहे हैं और देश में एक साथ चुनाव के पक्ष में नहीं हैं। संविधान की 75वीं वर्षगांठ यानी 26 नवंबर को संसद भवन के सेंट्रल हॉल में संसद का संयुक्त सत्र आयोजित किया जा सकता है।

इसके अलावा वक्फ विधेयक पर गठित जेपीसी संसद के शीतकालीन सत्र में अपनी रिपोर्ट पेश कर सकती है। इस पर भी हंमामे के आसार हैं। बता दें कि हाल ही में गृहमंत्री अमित शाह ने वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर बोलते हुए कहा था कि यह विधेयक संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान पारित किया जाएगा।

18वीं लोकसभा का पहला मानसून सत्र 22 जुलाई से 9 अगस्त तक चला था। तब 12 विधेयक पेश किए गए थे, इसमें से 4 विधेयक पारित हुए थे। इनमें वित्त विधेयक 2024, विनियोग विधेयक 2024, जम्मू और कश्मीर विनियोग विधेयक 2024 और भारतीय वायुयान विधेयक शामिल था।

## ऑस्ट्रेलिया-सिंगापुर दौरे पर जाएंगे विदेश मंत्री

*रायसीना और गोलमेज सम्मेलन समेत कई कार्यक्रम*

नई दिल्ली, 2 नवंबर (एजेंसियां)। विदेश मंत्रालय ने बताया है कि विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर के दौरे पर जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया में विदेश मंत्री के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विदेश मंत्रालय ने बताया, यात्रा के दौरान विदेश मंत्री ब्रिसबेन भी जाएंगे। यहां डॉ. जयशंकर ऑस्ट्रेलिया में भारत के चौथे वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन भी करेंगे। इससे पहले डॉ. जयशंकर ने आज नई दिल्ली में थाईलैंड के विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी की। उन्होंने इसकी जानकारी एक्स हैंडल पर तस्वीरें साझा कर दी।

**दूसरे रायसीना डाउन अंडर के उद्घाटन सत्र में भाषण :**

ब्रिसबेन के अलावा विदेश मंत्री कैनबरा में ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ 15वें विदेश मंत्रियों की रूपरेखा वार्ता (एफएमएफडी) की सह-अध्यक्षता भी करेंगे। विदेश मंत्री ऑस्ट्रेलियाई संसद भवन में आयोजित होने वाले दूसरे रायसीना डाउन अंडर के उद्घाटन सत्र में भाषण भी देंगे। विदेश मंत्री का ऑस्ट्रेलियाई नेतृत्व, सांसदों, भारतीय प्रवासियों, व्यापारिक समुदाय, मीडिया और थिंक टैंक के सदस्यों के साथ मुलाकात और बातचीत करने का भी कार्यक्रम है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के बाद विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर सिंगापुर दौरे पर भी जाएंगे। यात्रा के दूसरे चरण में सिंगापुर में डॉ. जयशंकर आसियान-भारत थिंक टैंक नेटवर्क के 8वें गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वे सिंगापुर के नेतृत्व से मिलकर दोनों देशों के बीच घनिष्ठ साझेदारी की समीक्षा करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने के लिए रास्ते तलाशेंगे।

## शरद पवार बोले-सत्ता पक्ष के उम्मीदवारों की मदद के लिए पुलिस वाहन प्रयोग हो रहे, रोहित ने अजित को घेरा



मुंबई, 2 नवंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-एसपी के अध्यक्ष शरद पवार ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सत्ता पक्ष दलों के उम्मीदवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पुलिस वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर खुलकर बोलना चाहते हैं, लेकिन वे इससे बच रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह इसलिए खुलकर नहीं बोल रहे हैं, क्योंकि ऐसा करना से उन अधिकारियों को ठेस पहुंचेगी जिन्होंने यह जानकारी साझा की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में शरद पवार के पोते और पार्टी के उम्मीदवार युगेंद्र पवार (बारामती) और रोहित पवार (कर्जत-जामखेड) भी मौजूद थे।

पवार परिवार हर साल गोविंदबाग में एकत्रित होते है, लेकिन इस साल महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राकांपा प्रमुख अजित पवार और उनका परिवार शामिल नहीं हुए। शरद पवार ने दावा करते हुए कहा, हमें कई जिलों के अधिकारियों से पता चला कि सत्ता पक्ष दलों के उम्मीदवारों को चुनाव के लिए वित्तीय सहायता मिल रही है। इसके लिए पुलिस वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने भी ऐसा कहा।

**रोहित पवार ने अजित पवार को घेरा :**

राकांपा-एसपी उम्मीदवार रोहित पवार ने शनिवार को पत्रकारों से बात की। उन्होंने बताया कि राकांपा-एसपी के शरद पवार ने दिवाली पड़वा मनाने की परंपरा शुरू की थी, लेकिन अजित पवार ने एक और पड़वा उत्सव शुरू किया। उन्होंने कहा, राकांपा-एसपी के शरद पवार ने बारामती में दिवाली पड़वा मनाने की परंपरा शुरू की थी। यहां लोग उनसे मिलने आते हैं और पिछले 35-40 वर्षों से यह परंपरा जारी है।

# केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी को नहीं मिलेगा स्कूल ओलंपिक का न्योता

*> सीपीआई ने केंद्र सरकार पर बोला हमला*



कोच्चि, 2 नवंबर (एजेंसियां)। एर्नाकुलम में चार से 11 नवंबर तक होने वाले स्कूल ओलंपिक में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी को निमंत्रण नहीं दिया जाएगा। केरल के शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी स्कूल ओलंपिक में आमंत्रित नहीं किया जाएगा क्योंकि वह बच्चों के सामने आपत्तिजनक टिप्पणी कर सकते हैं। वहीं सीपीआई एम ने सांसद वी शिवदासन को वेनेजुएला में होने वाले संसदीय फोरम में भाग लेने की अनुमति न देने पर केंद्र सरकार पर हमला बोला। सीपीआई ने कहा कि सरकार उन लोगों की आवाज दबा रही है, जो उनके विचारों से सहमत नहीं होते।

**गोपी ने त्रिशूरपुरम मामले में की थी विवादित टिप्पणी**

हाल ही में केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने राज्य सरकार से त्रिशूर पूरम से संबंधित विवादों की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग करते हुए कुछ आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। हालांकि बाद में केंद्रीय पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और पर्यटन मंत्री ने कहा था कि उनका कोई अपमानजनक टिप्पणी करने का इरादा नहीं था और उन्होंने केवल कुछ फिल्मी संवाद दोहराए। इस पर केरल के राज्य मंत्री ने कहा कि अगर वह स्कूल ओलंपिक में आते हैं और बच्चों के सामने कुछ आपत्तिजनक कहते हैं तो हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते। इसलिए सुरेश गोपी को आमंत्रित नहीं किया जाएगा।

**पहले टिप्पणी वापस लें केंद्रीय मंत्री :**

केरल के शिक्षा मंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री को कार्यक्रम में तभी आमंत्रित किया जाएगा जब वह राज्य के लोगों का अपमान करने वाली अपनी आपत्तिजनक टिप्पणी वापस ले लेंगे। कार्यक्रम के निमंत्रण पहले ही छप चुके हैं। केरल ने अपने गठन के बाद कई घटनाएं देखी हैं, लेकिन उसने सुरेश गोपी द्वारा की गई टिप्पणी जैसी कोई टिप्पणी नहीं सुनी है। ये टिप्पणियां राज्य के इतिहास में अंकित हो जाएंगी। सामान्य शिक्षा मंत्री ने स्कूल ओलंपिक के लिए किसी भी सहायता की घोषणा नहीं करने पर भी गोपी पर निशाना साधा।

**राजनीतिक भेदभाव कर रही सरकार :**

सीपीआई(एम) ने सांसद को वेनेजुएला में होने वाले संसदीय फोरम में पार्टी के सांसद को भाग लेने की अनुमति न देने पर केंद्र सरकार को घेरा। पार्टी ने कहा कि सरकार राजनीतिक भेदभाव कर रही है। यह सभी विपक्षी दलों और उनके सांसदों के लिए चिंता का विषय है। पार्टी की तरफ ने कहा कि पार्टी का पोलित ब्यूरो केंद्र सरकार के फैसले की निंदा करता है। जिसमें वेनेजुएला के काराकस में आयोजित फासीवाद के खिलाफ संसदीय मंच में भाग लेने के लिए संसद सदस्य (राज्यसभा) डॉ.वी शिवदासन को राजनीतिक मंजूरी देने से इनकार कर दिया गया है।

## केरल-तमिलनाडु में मूसलाधार बारिश

नई दिल्ली, 2 नवंबर (एजेंसियां)। मौसम विभाग ने भारी बारिश का पूर्वानुमान जाहिर किया है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले 24-48 घंटे की अवधि दक्षिण भारतीय राज्यों के लिए खास तौर पर संवेदनशील रहेंगे। मौसम विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के मुताबिक दो नवंबर को केरल, पुडुचेरी के माहे जिले और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में मूसलाधार बारिश हुई। मन्नार की खाड़ी के क्षेत्र में गहरे परिसंचरण के कारण दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और तमिलनाडु के दक्षिणी क्षेत्र में शनिवार को भारी बारिश हुई।

**अगले 2-3 दिनों तक तमिलनाडु और केरल में भारी वर्षा का अनुमान :**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित मौसम विज्ञान केंद्र में आईएमडी वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय ने कहा, हमें भारी वर्षा की रिपोर्ट मिली है। मुख्य रूप से दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और तमिलनाडु में बारिश के आसार हैं। देश के बाकी हिस्सों में भारी वर्षा के संकेत नहीं हैं। अभी तक ऐसी कोई सूचना भी सामने नहीं आई है। अगले 2-3 दिनों तक तमिलनाडु और केरल में भारी वर्षा की आशंका है।

# जयराम रमेश के आरोपों पर अजित पवार का जवाब

*14 साल पहले लगे थे आरोप, मैं सभी जांचों से गुजरा*



मुंबई, 2 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के आरोपों का डिप्टी सीएम अजित पवार ने जवाब दिया है। अजित पवार ने कहा कि मुझ पर 2010 में आरोप लगाए गए थे। अब 14 साल हो गए हैं। मैं सभी जांचों से गुजर चुका हूं। सभी केंद्रीय और राज्य एजेंसियां जिनके पास अधिकार हैं, उन्होंने मुझसे पूछताछ की।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया था कि अजीत पवार को एनडीए में लाने के लिए कथित तौर पर 'ब्लैकमेल' और 'जबरदस्ती' के इस्तेमाल की जांच की जाए। उन्होंने कहा था कि भाजपा की 'वाशिंग मशीन' महाराष्ट्र से ज्यादा कहीं और शक्तिशाली नहीं है। 2014 से पहले विपक्ष में रहते हुए, भाजपा ने तत्कालीन राज्य के सिंचाई और जल संसाधन मंत्री अजीत पवार पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे।

**फडणवीस ने अजित पवार को दिखाई थी फाइल :**

कांग्रेस नेता ने दावा किया था कि अजित पवार ने अब पुष्टि की है कि इन आरोपों के इर्द-गिर्द ब्लैकमेल और दबाव का इस्तेमाल भाजपा ने उन्हें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में लाने के लिए किया था। उन्होंने कहा कि गैर-जैविक प्रधानमंत्री ने खुद ही इस आरोप का नेतृत्व किया और एनसीपी को स्वाभाविक रूप से भ्रष्ट पार्टी करार दिया, जो अब राज्य और केंद्र में उनकी बहुत प्रिय सहयोगी है। रमेश ने कहा था कि अजित पवार ने अब खुलासा किया है कि मुख्यमंत्री बनने के बाद, देवेंद्र फडणवीस ने उन्हें कथित सिंचाई घोटाले में अजित पवार के खिलाफ खुली जांच की सिफारिश करने वाली एक फाइल दिखाई थी। कोई केवल उस खतरे की कल्पना कर सकता है जो इस कदम में निहित था: हमारे सामने झुक जाओ, या कार्रवाई का सामना करो।

**पीएम सोचने के बाद करते हैं ट्वीट**

कांग्रेस को लेकर पीएम मोदी की ओर से किए गए ट्वीट को लेकर अजित पवार ने कहा कि वह पीएम हैं। ऐसी कौन सी चीजें हैं जिन पर उन्हें ट्वीट करना चाहिए या नहीं, वह बहुत सोच-विचार के बाद ऐसा करते हैं।

## डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने खारिज किए शरद पवार के आरोप, कहा-एनसीपी प्रमुख को भ्रम हो गया है

मुंबई, 2 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को एनसीपी प्रमुख शरद पवार के आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि एनसीपी प्रमुख को भ्रम हो गया है। जब विपक्षी दल सत्ता में थे तब उम्मीदवारों की मदद के लिए पुलिस वाहन का प्रयोग करते थे।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-एसपी के अध्यक्ष शरद पवार ने आरोप लगाया था कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सत्ता पक्ष दलों के उम्मीदवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पुलिस वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा था कि वह इस मुद्दे पर खुलकर बोलना चाहते हैं, लेकिन वे इससे बच रहे हैं। वह इसलिए खुलकर नहीं बोल रहे हैं, क्योंकि ऐसा करना से उन अधिकारियों को ठेस पहुंचेगी जिन्होंने यह जानकारी साझा की। इसे लेकर पुणे में डिप्टी सीएम फडणवीस ने कहा कि एनसीपी प्रमुख को भ्रम हो रहा है, क्योंकि ऐसी चीजें तब होती थीं जब विपक्षी दल सत्ता में थे। उन्होंने कहा कि दौंड और पुरंदर सीटों पर एनसीपी के बागी उम्मीदवार अपनी उम्मीदवारी वापस ले लेंगे। उन्होंने वरिष्ठ नेता गोपाल शेट्टी से पार्टी के बारे में सोचने के लिए कहा है। हाल ही में मुंबई उत्तर से दो बार लोकसभा सांसद रहे शेट्टी ने कहा था कि वह बोरीवली से अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

# सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

*बोले-पैसों की कमी से नहीं रुकेगा किसी का इलाज, भू-माफियाओं पर कार्रवाई के दिए निर्देश*



गोरखपुर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन कार्यक्रम में करीब 200 लोगों से मुलाकात की। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याएं खुद जाकर सुनीं और त्वरित समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने में बाधा न हो।

**माफियाओं पर सख्त कार्रवाई का आदेश**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि अपराध से संबंधित शिकायतों पर तुरंत और कठोर कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि समाज में किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय न हो और हर नागरिक को बिना भेदभाव न्याय मिले।

**गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद का आश्वासन**

जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर आए थे। मुख्यमंत्री योगी ने भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, उनके इलाज के इस्टीमेट को शीघ्रता से तैयार कर सरकार को भेजा जाए, ताकि त्वरित फंड जारी किया जा सके।

**दक्षिण भारत से आए गोवंश के साथ बिताया समय**

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर की गोशाला में गोवंश की सेवा की। उन्होंने आंध्र प्रदेश से लाई गई पुंगनूर नस्ल के बछिया 'भवानी' और बछड़े 'भोलू' को गुड़ खिलाकर अपना विशेष स्नेह जताया। मुख्यमंत्री का गोवंश से यह जुड़ाव और उनकी देखभाल की संवेदनशीलता, समाज में सेवा और करुणा का संदेश देती है।

**जन सेवा और न्याय के प्रति मुख्यमंत्री का दृढ़ संकल्प**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह प्रवास उनके संवेदनशील और प्रखर नेतृत्व की मिसाल है। वे जनता की समस्याओं के समाधान के लिए दृढ़ता से खड़े हैं और हर नागरिक को न्याय दिलाने के प्रति कटिबद्ध हैं। उनके इस व्यावहारिक और मानवीय दृष्टिकोण से गोरखपुर के लोग उनके प्रति गहरी आत्मीयता महसूस करते हैं।

## लखनऊ में ज्वेलरी शॉप से 15 लाख की लूट

लखनऊ, 2 नवंबर (एजेंसियां)। लखनऊ के इंदिरा नगर इलाके में शुक्रवार-शनिवार की रात चोरों ने ज्वेलरी की दुकान का शटर तोड़कर 15 लाख के गहने लूट लिए। दिवाली के ठीक एक दिन बाद रात को इस घटना को अंजाम दिया गया। फिलहाल, पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है। जानकारी के मुताबिक पान वाली गली चौक के रहने वाले रामकुमार वर्मा पुत्र प्रेम शंकर वर्मा की सुगामऊ स्थित प्रांजल हाइट्स के बेसमेंट में शुभ ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। शुक्रवार की रात रामकुमार दुकान बंद करके घर चले गए। अगली सुबह दुकान पहुंचे तो शटर व चैनल टूटा हुआ मिला।

# पीके बोले-चुनाव में सलाह देने के 100 करोड़ लेता था

*10 राज्यों में मेरी बनाई सरकार, मुझे लोग इतना कमजोर ना समझें*

गया, 2 नवंबर (एजेंसियां)। प्रशांत किशोर किसी भी पार्टी या नेता को केवल सलाह देने के लिए 100 करोड़ रुपए से भी ज्यादा फीस लेते थे। ये बयान उन्होंने 31 अक्टूबर को गया की बेलागंज विधानसभा में अपने कैंडिडेट के प्रचार के दौरान दिया।

प्रशांत ने आगे कहा कि 'दस राज्यों में मेरी बनाई सरकार चल रही है। लोग अक्सर पूछते हैं कि मैं अपने अभियान के लिए पैसे कहां से लाता हूं। मेरी बनाई सरकारें आज देश के 10 राज्यों में शासन कर रही है। तो हमको क्या अपने अभियान के लिए टेंट और तंबू लगाने के लिए पैसा नहीं मिलेगा? आप लोगों ने मुझे इतना कमजोर समझ रखा है क्या?'

दरअसल, 13 नवंबर को बिहार की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। पहली बार



प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी ने भी सभी सीटों पर अपने कैंडिडेट उतारे हैं। बेलागंज से मोहम्मद अमजद, इमामगंज से जितेंद्र पासवान, रामगढ़ से सुशील कुमार सिंह कुशवाहा और तरारी से किरण सिंह पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है।

उपचुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। 2 साल तक बिहार में पदयात्रा करने के बाद प्रशांत किशोर ने 2 अक्टूबर को जन सुराज पार्टी की नींव रखी। पटना में प्रशांत किशोर ने जन सुराज को आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया। एससी समुदाय से आने वाले मनोज भारती को जन सुराज का पहला कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है।

## बच्चे के पेट में सेल-ब्लेड के टुकड़े समेत 56 सामान

हाथरस, 2 नवंबर (एजेंसियां)। हाथरस में रत्नगर्भा कॉलोनी निवासी एक किशोर की दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। 15 वर्षीय यह किशोर कक्षा 9 का छात्र था। उसके पेट में घड़ी में लगने वाले सेल, ब्लेड के टुकड़े सहित 56 सामान बरामद हुए हैं। पेट में ब्लेड मिलने के बाद भी उसके गले में कोई घाव नहीं था, जिसे देख डॉक्टर भी हैरान थे। मृतक छात्र आदित्य के पिता संचेत शर्मा ने बताया कि 13 अक्तूबर को उनके बेटे के पेट में दर्द व श्वास लेने में दिक्कत हुई थी। वह उसे शहर के एक निजी अस्पताल लेकर गए। यहां से उसे रेफर कर दिया गया। जयपुर के एसडीएमएच अस्पताल ले गए, यहां पांच दिन उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। घर पर आने के बाद आदित्य ने 19 अक्तूबर को फिर से सांस लेने में दिक्कत होने की बात कही। अलीगढ़ के एक निजी अस्पताल में जांच कराई गई, जांच रिपोर्ट सही थी और उसे घर भेज दिया फिर से समस्या होने पर 25 अक्तूबर को चिकित्सक ने नाक का सीटी स्कैन कराया।

## तीन बच्चों समेत पांच की मौत, तेज रफ्तार कार मोड़ पर हुई बेकाबू, सात फीट हवा में उछली

हाथरस, 2 नवंबर (एजेंसियां)। आगरा-अलीगढ़ राजमार्ग पर तेज रफ्तार पर दौड़ रही कार पर चालक नियंत्रण खो बैठा और डिवाइडर से टकराने के बाद कार करीब सात फीट हवा में उछली और फिर पेड़ से टकराने के बाद 15 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में एक ही परिवार के तीन बच्चों और दो महिलाओं की मौत हो गई। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए। दोनों भाई परिवार के साथ 1 नवंबर सुबह अपनी कार से बेलौन वाली देवी के दर्शन करने और गंगा स्नान करने गए थे। हादसे के वक्त आगरा लौट रहे थे। गाड़ी हार्डवेयर कारोबारी अनुज अग्रवाल चला रहे थे। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। धमाके की आवाज सुनकर हाईवे से गुजर रहे वाहन सवार लोग रुक गए और घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े। लोगों ने बमुश्किल घायलों और मृतकों को गाड़ी से निकाला। सूचना पर कोतवाली चंदपा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम कराने के बाद आगरा भिजवा दिया है।

## लॉरेंस के नाम से पप्पू यादव को धमकाने वाला दिल्ली से अरेस्ट

### यूएई में रह रही साली का सिम यूज कर बनाया प्लान



पूर्णिया, 2 नवंबर (एजेंसियां)। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को जान से मारने की धमकी देने वाला शख्स दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया है. पूर्णिया पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने हाट थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी. इस मामले में पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने बड़ा खुलासा किया है और दिल्ली से महेश पांडेय नाम के एक शख्स को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपी ने अपना जुल्म कुबूल कर लिया है. आरोपी ने जिस मोबाइल और सिम का प्रयोग किया था उसे भी कब्जे में ले लिया गया है. पूर्णिया एसपी ने बताया कि महेश पांडेय का किसी गिरोह से कुछ लेना देना नहीं है, वह पहले भी बड़े नेताओ के यहां काम कर चुका है ओर जब इस बात की जानकारी मीडिया के माध्यम से महेश को मिली फिर उसने अपने यूएई में रहने वाली साली के सीम से पूरा प्लान रचा. पूर्णिया एसपी ने बताया कि इस मामले में जल्द ही और भी खुलासे होंगे. उन्होंने कहा कि महेश पांडेय की गिरफ्तारी दिल्ली से की गई है. बता दें कि कुछ समय पहले पप्पू यादव ने लॉरेंस गैंग द्वारा सलमान खान को मिल रही धमकी को लेकर पोस्ट किया था. पोस्ट में उन्होंने लॉरेंस गैंग को चुनौती देते हुए उसके नेटवर्क को 24 घंटे में खत्म करने की बात कही थी.

# धार्मिक गुरु से मिलने हरिहर धाम पहुंचे राजनाथ सिंह

*रक्षा मंत्री बोले-भारत अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे रिश्ते बना रहा है*

कानपुर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। आईआईटी कानपुर का अपना 65वां स्थापना दिवस शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इससे पहले रक्षा मंत्री ने हरिहरधाम में अपने धार्मिक गुरु से मुलाकात की। इस दौरान पार्षद दल के नेता नवीन पंडित और भाजपा नेत्री पूनम द्विवेदी को भी उनसे मिलने पहुंचे।



धार्मिक गुरु से मिलने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- पहले के समय में जम्मू कश्मीर में जितनी आतंकवादी घटनाएं होती थी, उसके मुकाबले अब घटनाएं काफी कम हो गई हैं। सिक्योरिटी फोर्स पूरी तरह से वहां की सजग है। वहां पर ऐसी स्थिति पैदा होगी की पूरी तरह से आतंकवाद का खात्मा होगा। जम्मू कश्मीर में तेजी से डेवलपमेंट हो रहा है। इधर बीच आतंकवादी घटनाएं बहुत कम हो गई थीं। हाल ही में दो-चार घटनाएं हुई हैं जो कि काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। जो भी घटनाएं हो रही हैं उस पर हम लोग जवाब भी दे रहे हैं। बहुत सारे आतंकवादी मारे भी गए हैं। भारत और चीन के रिश्ते पर रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते अच्छे बना रहा है। भारत और चीन के बीच लगातार एक डेढ़ साल से बातचीत चल रही थी। आर्मी के लेवल पर। सब समाधान हो चुका है। बॉर्डर पर भारत और चीन का पेट्रोलिंग चालू हो गया है, जैसे होना चाहिए था।

**कौन हैं हरिहर दास महाराज?**

हरदोई जिले के सवायजपुर गांव के रहने वाले संतोष कुमार द्विवेदी 80 के दशक में संन्यास लेकर साधु बन गए थे। उनके शिष्य उनको हरिदास महाराज के नाम से पुकारते हैं। उन्होने कानपुर के श्याम नगर में 90 के दशक में एक आश्रम बनवाया। यहां साल भर धार्मिक और सामाजिक कार्य होते रहते हैं। हरिदास महाराज ने गांव में एक कन्या महाविद्यालय और आंखों का अस्पताल भी बनवाया है। उनकी दो बेटियां हैं, जिनमें से एक आंखों की डॉक्टर हैं। दोनों ही बेटियों की शादी हो चुकी है।

**आईआईटी क स्थापना दिवस में शामिल होंगे रक्षा मंत्री**

संस्थान के डायरेक्टर प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने कहा, आईआईटी कानपुर की 65वां स्थापना दिवस शोध और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करने के साथ अकादमिक उत्कृष्टता की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हमें इस यादगार दिन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

# डिप्टी सीएम केशव का तंज : अखिलेश का पीडीए परिवारवाद की एजेंसी, टिकट सिर्फ परिवार के लोगों को देते हैं



लखनऊ, 2 नवंबर (एजेंसियां)। यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के पीडीए फार्मूले पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का पीडीए सिर्फ परिवारवाद का ही मॉडल है। वहीं, पीएम मोदी लाखों युवाओं को राजनीति में लाने के लिए लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत कर रहे हैं। जनता परिवार मॉडल और विकास मॉडल का फर्क समझ रही है।

उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि अखिलेश यादव का 'पीडीए' असल में परिवार डेवलपमेंट एजेंसी ही है। नाम तो गरीबों, पिछड़ों और दलितों का असल मकसद सिर्फ अपने परिवार का विस्तार करना है। असलियत में टिकटों की लिस्ट आएगी तो बस चाचा-भतीजे और करीबी ही नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि सपा ने ग्राम सभा से लेकर लोकसभा तक परिवारवाद का झंडा, इतिहास और वर्तमान दोनों है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं, जो लाखों गैर-राजनीतिक परिवारों के युवाओं को ग्राम सभा से लेकर लोकसभा तक में शामिल कर परिवारवाद के दलदल से लोकतंत्र की बुनियाद मजबूत कर रहे हैं। सपा के पीडीए का मतलब सिर्फ परिवार का विकास, भाजपा का लक्ष्य लोकतंत्र का विस्तार! 'परिवार माडल और विकास मॉडल' का फर्क जनता समझ रही है।

## हमलावरों ने फाड़ दी वर्दी संभल में पुलिस टीम पर हमला

*चौकी इंचार्ज समेत चार कर्मियों को जमकर पीटा*

जुनावई(संभल), 2 नवंबर (एजेंसियां)। जुनावई थाना क्षेत्र के गांव देवर कंचन में छोटी दिवाली की रात दो पक्षों में झगड़ा होने पर पहुंची पुलिस टीम पर हमला बोल दिया गया। चौकी इंचार्ज समेत चार पुलिस कर्मी जख्मी हो गए। घायल पुलिस कर्मियों का सीएचसी में मेडिकल कराया गया है। इस मामले में चौकी इंचार्ज की ओर से नौ नामजद समेत अन्य ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। जुनावई थाना क्षेत्र के देवर कंचन गांव में दूध की गाड़ी घुमाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया और जमकर मारपीट हुई। सूचना पाकर 112 पुलिस मौके पर पहुंची और मामला बढ़ता देख थाना पुलिस को सूचना दे दी। चौकी बेरपुर प्रभारी सुनील कुमार भाटी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और झगड़ा कर रहे लोगों को समझा बुझा कर शांत कराने का प्रयास किया। आरोप है कि ग्रामीण पुलिस टीम पर हमलावर हो गए और मारपीट करने लगे। हमले में चौकी प्रभारी समेत नईम अहमद, पीयूष कुमार, साजिद अहमद पुलिस कर्मी घायल हो गए। सूचना पर पुलिस फोर्स गांव पहुंचा। जिससे हमलावर भाग निकले। घायल पुलिस कर्मियों का सीएचसी में उपचार कराया गया है। पुलिस ने चौकी इंचार्ज की तहरीर के आधार पर शिवकुमार, रामू, श्यामू, रिया, कामिनी, मीरा, भूपाल दत्त शर्मा, राजीव, कुलदीप समेत समस्त ग्राम वासियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकद्मा दर्ज कर लिया है।

# चोरी के आरोप में महिला का मुंडन कर सड़क पर घुमाया

*भीड़ ने जमकर पीटा; वीडियो सामने आया*

बेतिया, 2 नवंबर (एजेंसियां)। बेतिया जिले के वाल्मीकि नगर थानाक्षेत्र से मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक घटना सामने आई है। यहां एक 38 वर्षीय महिला पर चोरी का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने उसका मुंडन कर सड़क पर घुमाया और उसके साथ मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे व्यापक आक्रोश का माहौल बन गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया गया है। जानकारी के अनुसार, बगहा थानाक्षेत्र के कुम्हिया विशुनपुरा गांव की निवासी उमरावती देवी पर एक स्थानीय व्यक्ति सत्तन चौरसिया के घर में घुसकर गहने और नकदी चोरी करने का आरोप है। घटना के समय महिला चोरी कर भागने की कोशिश कर रही थी, जिसे 20 वर्षीय युवती सरिता कुमारी ने देख लिया। महिला को भागते देख सरिता ने उसे गन्ने के खेत में जाकर पकड़ लिया। वहीं, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस की डायल 112 टीम ने भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया और किसी तरह महिला को



भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर थाना लेकर गई। ग्रामीणों का आरोप है कि चोरी पकड़े जाने के बाद उमरावती देवी ने पकड़ने वाली युवती पर नशीला पाउडर छिड़क दिया, जिससे युवती की तबीयत बिगड़ने लगी। इस घटना से नाराज होकर ग्रामीणों ने आरोपी महिला की जमकर पिटाई की, उसके हाथ बांध दिए और सिर का मुंडन कर उसे सड़क पर घुमाया। ग्रामीण इतने आक्रोशित थे कि वे इस बात पर अड़े हुए थे कि महिला को पैदल ही थाने ले जाया जाए।

# कुशवाहा का लालू परिवार पर हमला : उपचुनाव में चारों सीट पर एनडीए की जीत का किया दावा

गया, 2 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार में चार स्थानों पर उपचुनाव हो रहा है। चार में दो गया जिले के बेलागंज और इमामगंज में उपचुनाव हो रहा है।

बेलागंज विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। करीब दो दर्जन गांवों में गया और मतदाताओं से मिले। एनडीए के प्रति लोगों में काफी उत्साह है। 75% लोग एनडीए के पक्ष में मतदान करने का मन बना लिया है। मेरा दावा है कि इस चुनाव में बेलागंज विधानसभा क्षेत्र से जितने मतों से कोई नहीं जीता होगा। उससे अधिक मतों से एनडीए प्रत्याशी मनोरमा देवी की जीत होगी। उक्त बातें शनिवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहीं। उन्होंने कहा कि आज लोगों को देश के पीएम नरेंद्र मोदी और बिहार के मुखिया नीतीश कुमार पर भरोसा है। देश के पीएम जो बोलते हैं, वह पूरा करते हैं। विपक्ष के लोग पीएम पर धर्म के आधार पर कई आरोप लगाते हैं, लेकिन पीएम के हर योजना में सभी धर्म को सम्मान लाभ मिलता है। इसलिए यह आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद है।

**बढ़ा है एनडीए की ओर झुकाव**

वहीं उन्होंने कहा विभिन्न राज्य में चुनाव हो रहा है। पीएम के द्वारा देश में चलाया जा रहे योजना के कारण एनडीए को चुनाव में काफी लाभ मिलेगा। वहीं उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की बिहार में लगातार सरकार रही है। पहले की तुलना में एनडीए के प्रति लोगों का झुकाव अधिक हुआ है। उपचुनाव में सभी सीटों पर इंडिया की जीत होगी। परिवारवाद के सवाल पर उन्होंने कहा कि परिवारवाद मामले में राष्ट्रीय जनता दल पहले से नंगा है। समझ में तेजस्वी यादव का क्या योगदान है। पिता लालू यादव के विरासत के आधार पर है। जिसे अपना कुछ नहीं हो वह राजनीति में दावा कर रहे हैं और दूसरों पर परिवारवाद का आरोप लगा रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा कि जीतन राम मांझी के परिवार में सभी लोग शिक्षित और पढ़े लिखे हैं। साथ ही उन्होंने क्रीमीलेयर पर कहा कि समाज की सच्चाई के आधार पर कानून बना है।

## बटेंगे तो कटेंगे पर मायावती का वार, बीएसपी से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित रहेंगे

लखनऊ, 2 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में इन दिनों उपचुनावों की हलचल है। इसी कड़ी में शनिवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यूपी की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनावों की घोषणा हो गई है। बीएसपी इन सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसको लेकर बीजेपी और एसपी के गठबंधन दलों की नींद उड़ गई है। उपचुनावों के दौरान बीजेपी और एसपी अपने-अपने गठबंधन दलों के साथ दोस्ताना मुकाबला करते थे। क्योंकि, बीएसपी आमतौर पर ज्यादा उपचुनाव नहीं लड़ती थी। बीजेपी लोगों को गुमराह करने के लिए कह रही है, 'बटेंगे तो कटेंगे'। जबकि एसपी कह रही है 'जुड़ेंगे तो जीतेंगे'। उनके दोहरेपन को ध्यान में रखते हुए यह होना चाहिए कि 'बीएसपी से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित रहेंगे'।

## बैरक में मिली एएसआई की लाश

पटना, 2 नवंबर (एजेंसियां)। पटना में एएसआई अजीत सिंह (40) ने खुशकुशी कर ली है। गांधी मैदान थाना क्षेत्र के एकता भवन के बैरक में उनकी लाश मिली है। पुलिस का कहना है कि अजीत सिंह ने अपने ही सर्विस पिस्टल से खुद को गोली मार ली। वह आरा के रहने वाले थे। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिसकर्मियों की भीड़ लग गई। इधर सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए।

पिता विनोद सिंह का आरोप है कि उन्हें विश्वास नहीं हो रहा है कि उनके बेटे ने खुद को गोली मार दी। वह दबाव लग रहा था। दीपावली में घर आना चाहता था लेकिन छुट्टी नहीं मिली थी। छठ में घर आने की कोशिश कर रहा था। परिजनों का कहना है कि वरीय अधिकारी इस मामले को गंभीरता से लें और उच्च स्तरीय जांच करवाएं।

# आस्था का सैलाब : विभिन्न देशों के भक्तों ने विधि-विधान से किया गोवर्धन पूजन, लगाई परिक्रमा

मथुरा, 2 नवंबर (एजेंसियां)। गिरिराज जी की तलहटी में द्वापर युग की परंपरा में पूजा हुई। माखन-मिश्री की मटकी व छप्पन भोग की टोकरी लेकर देशी-विदेशी भक्त गोवर्धन पहुंचे। सब देवन कौ देव है आज यई को ध्यान धरिंगे... तोपे पान चढै तौपे दूध चढ़े और चढ़े दूध की धार... आदि भजनों की धुन पर गिरिराज जी के प्राकट्य स्थल गिरिराज धाम में लाखों भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। क्या देशी क्या विदेशी भक्त चहुंओर गिरिराज महाराज के जयकारे गूंज रहे हैं।

भक्तों की उमड़ी भीड़

आस्था का सैलाब इस प्रकार उमड़ा कि परिक्रमा में भक्तों की भीड़ ही भीड़ दिखाई दे रही है। गिरिराज धाम में एक बार फिर से द्वापर युग की याद ताजा हो गई। द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों के संग गोवर्धन नाथ की पूजा की थी।



आज देश ही नहीं बल्कि विदेशों से आये भक्तों ने पूजा की। गिरिराज जी के समक्ष छप्पन भोग लगाए गये। आस्था में जगह-जगह फूल बंगला व ठाकुर जी के श्रृंगार के अदभुत दर्शन हुए। भक्त गिरधारी गौड़ीय मठ से छप्पन भोग की टोकरी सिर पर रखकर मानसी गंगा की परिक्रमा करते हुए राजा वाले मंदिर पर पहुंचे। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार द्वापर युग में भगवान कृष्ण ने इन्द्र का मान मर्दन करते हुए बृजवासियों से गिरिराज पर्वत की पूजा कराई थी। पूजा में बृजवासियों ने घर घर में अन्नकूट व व्यंजन बनाकर गोवर्धन पर्वत को अर्पित किये तो भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत मे प्रवेश कर स्वयं अन्नकूट ग्रहण किया था। बृजवासियों को साक्षात दर्शन दिये थे तथा इन्द्र का मान मर्दन किया। तभी से गोवर्धन के साथ संपूर्ण बृज मे गोवर्धन पूजा के साथ अन्नकूट महोत्सव मनाया जाता है।

भक्तों ने लगाई परिक्रमा

यह पूजा साक्षात परमेश्वर श्रीकृष्ण की पूजा है कि जो कि ब्रज में गिरिराज जी के रूप में विराजमान हैं। वहीं दूसरी ओर गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में लाखों भक्तों ने गिरिराज जी की परिक्रमा लगाई। परिक्रमा में भीड़ का ऐसा सैलाब उमड़ा कि मानव श्रृंखला दिखाई दी। भक्तों ने गिरिराज दानघाटी मंदिर दर्शन कर आन्यौर, पूंछरी, जतीपुरा, मानसी गंगा होते हुए परिक्रमा पूरी। जगह-जगह अन्नकूट महोत्सव का प्रसादी वितरित किया गया। मुख्य गिरिराज दानघाटी मंदिर, मानसी गंगा जगह-जगह अन्नकूट महोत्सव का प्रसादी वितरित किया गया।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता
# मेरा हैदराबाद
रविवार, 3 नवंबर, 2024 

सुविचार: लोग आपके बारे में क्या सोचते है यह बात का परवह न करे लोगों का काम है कहना बस आप मंजिल को हासिल करने के लिए काम करते रहे।

## रेवंत अगले चार साल तक सीएम बने रहेंगे : पोंगुलेटी

### कांग्रेस नेतृत्व का मुख्यमंत्री को बदलने का कोई इरादा नहीं

हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अगले साल जून के बाद रेवंत रेड्डी की जगह नए मुख्यमंत्री को नियुक्त किए जाने की अटकलों का खंडन करते हुए राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने स्पष्ट किया कि मौजूदा मुख्यमंत्री अगले चार साल तक अपने पद पर बने रहेंगे और कांग्रेस नेतृत्व का मुख्यमंत्री को बदलने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने विपक्ष के बयानों की आलोचना की और उन्हें विपक्ष की ठेठ बयानबाजी बताया। शनिवार को यहां मीडियाकर्मियों से बातचीत में पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने इंदिराम्मा हाउसिंग प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता दोहराई, भले ही वित्तीय बाधाओं के कारण असामान्य उपायों की आवश्यकता हो। उन्होंने सरकार के लिए परियोजना के महत्व को



रेखांकित करते हुए कहा कि वंचित नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण आवास निर्माण बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के आगे बढ़ेगा। लाभार्थियों का चयन 5 और 6 नवंबर को ग्राम समितियों के माध्यम से शुरू होगा, जिसका लक्ष्य 15 दिनों के भीतर सूची को अंतिम रूप देना है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रक्रिया को डिजिटल किया जाएगा, जिसमें विवरण आधार प्रणाली से जुड़े होंगे। उन्होंने कहा कि केवल पात्र महिलाओं, विशेष रूप से गरीब पृष्ठभूमि से, को इस योजना के तहत आवास के लिए मंजूरी मिलेगी, जिससे उन्हें कम से कम 400 वर्ग फीट क्षेत्र वाले घरों को डिजाइन और निर्माण करने की स्वतंत्रता मिलेगी। परियोजना को चार निर्माण चरणों में विभाजित किया गया है, प्रत्येक चरण के पूरा होने पर लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे धन वितरित किया जाता है। नींव के लिए 1 लाख रुपये, दीवारों के लिए 1.25 लाख रुपये, छत के लिए 1.5 लाख रुपये और पूरा होने पर 1 लाख रुपये आवंटित किए जाएंगे। तेलंगाना देश का एकमात्र राज्य है जो बड़े पैमाने पर आवास पहल को लागू कर रहा है, जो प्रति लाभार्थी 5 लाख रुपये की सब्सिडी प्रदान करता है। मंत्री ने पिछली आवासीय परियोजनाओं को भी संबोधित किया जो पिछली सरकारों द्वारा अधूरी छोड़ दी गई थीं, उन्होंने शेष 600-800 घरों को पूरा करने के लिए समर्थन देने का वादा किया। आवास बजट के लिए लगभग 7,740 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिसमें केंद्र सरकार से अतिरिक्त धनराशि प्राप्त की गई है। पोंगुलेटी ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना का लक्ष्य अगले चार वर्षों में 20 लाख घर बनाना है, जिसमें प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में कम से कम 3,500 घर बनाए जाएंगे, जिससे राज्य की आवास की कमी को दूर करने में मदद मिलेगी।

## उत्तम ने अधिकारियों को तेलंगाना में धान की निर्बाध खरीद सुनिश्चित करने का निर्देश दिया

### नागरिक आपूर्ति मंत्री ने धान खरीद पर जिला कलेक्टरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की

हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। नागरिक आपूर्ति और सिंचाई मंत्री कैप्टन एन उत्तम कुमार रेड्डी ने अधिकारियों को तेलंगाना में धान खरीद प्रक्रिया को सुचारू और कुशल बनाने का निर्देश दिया, उन्होंने त्रुटिहीन संचालन के महत्व पर जोर दिया। प्रधान सचिव और नागरिक आपूर्ति आयुक्त डीएस चौहान द्वारा आयोजित सभी जिला कलेक्टरों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, मंत्री ने सावधानीपूर्वक योजना बनाने का आग्रह किया क्योंकि धान बड़ी मात्रा में खरीद केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गया है। बैठक में संयुक्त सचिव प्रियंका अला, विपणन निदेशक उदय कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। उत्तम कुमार रेड्डी ने बताया कि इस सीजन में धान की फसल 150 लाख मीट्रिक टन होने की उम्मीद है, जिसकी कीमत 30,000 करोड़ रुपये है। राज्य ने खरीद के लिए 20,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, साथ ही आवश्यकतानुसार अतिरिक्त धन का प्रावधान भी किया है। सरकार को मिलिंग शुल्क में बढ़िया धान के लिए 40 रुपये और मोटे धान के लिए 30 रुपये की वृद्धि के बाद मिलर्स से मजबूत सहयोग की उम्मीद है। उत्तम कुमार रेड्डी ने बताया कि सरकार अब स्टॉक को सुरक्षित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है, जिसके तहत साफ-सुथरे रिकॉर्ड वाले मिलर्स से 10 प्रतिशत बैंक गारंटी की आवश्यकता है, जबकि डिफॉल्ट के इतिहास वाले मिलर्स को 20 प्रतिशत गारंटी देनी होगी। उत्तम कुमार रेड्डी ने जिला कलेक्टरों को नागरिक आपूर्ति आयुक्त के साथ समन्वय करके किसी भी खरीद मुद्दे को तुरंत हल करने की सलाह दी। उन्होंने स्थानीय खरीद चुनौतियों के बारे में कामारेड्डी के सरकारी सलाहकार शब्बीर अली और विधायकों पोचाराम श्रीनिवास रेड्डी, सुदर्शन रेड्डी, मदन मोहन राव, अनिल रेड्डी द्वारा उठाई गई चिंताओं का उल्लेख किया। कलेक्टरों को सीधे हस्तक्षेप करने और मिलर्स द्वारा धान उठाने में देरी होने पर मध्यस्थ गोदामों में धान का भंडारण करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मंत्री ने जिला कलेक्टरों को निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने के लिए नागरिक आपूर्ति आयुक्त को सूचित करते हुए स्थानीय निर्णय लेने का अधिकार दिया। सरकार ने किसी भी आकस्मिकता से



निपटने के लिए 30 लाख मीट्रिक टन की भंडारण क्षमता वाले मध्यस्थ गोदाम स्थापित किए हैं। देरी की स्थिति में जिला कलेक्टरों को राज्य भंडारण निगम या कृषि विपणन समितियों द्वारा प्रबंधित गोदामों में धान का भंडारण करना चाहिए।

उत्तम कुमार रेड्डी ने एक महीने की इस खरीद प्रक्रिया की महत्वपूर्ण प्रकृति को रेखांकित करते हुए कहा कि वर्तमान में 4,598 धान खरीद केंद्र चालू हैं। उन्होंने अधिकारियों से सभी 7,572 केंद्रों को तुरंत खोलने और यदि आवश्यक हो तो अतिरिक्त केंद्र स्थापित करने का आग्रह किया।

## यूओएच छात्र अध्यक्ष चुनाव की पुनर्मतगणना में देरी

### प्रदर्शनकारी चुनाव आयोग के आह्वान पर सहमत

हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद विश्वविद्यालय (यूओएच) छात्र संघ (एसयू) के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए पुनर्मतगणना शनिवार तक स्थगित कर दी गई। 1 नवंबर को प्रस्तावित पुनर्मतगणना का विभिन्न छात्र संगठनों ने विरोध किया और कहा कि यह संवैधानिक उल्लंघन है। बाद में, प्रदर्शनकारी आगामी अकादमिक परिषद (एसी) की बैठक को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के चुनाव आयोग के निर्णय के साथ जाने के लिए सहमत हो गए। 30 अक्टूबर को चुनाव आयोग ने एक सर्कुलर जारी कर अध्यक्ष पद के लिए पुनर्मतगणना की घोषणा की। 2024-2025 यूओएच-एसयू अध्यक्ष पद के चुनाव के नतीजों को इस सप्ताह की शुरूआत में चुनाव आयोग ने रोक दिया था। घोषणा की मनमानी प्रकृति ने कई छात्र संगठनों और विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच संदेह पैदा कर दिया।

चुनाव आयोग और शिकायत आयोग दोनों ही पुनर्मतगणना के औचित्य के संबंध में अस्पष्टता पर उठाई गई चिंता का समाधान करने में कथित रूप से विफल रहे हैं। इसके अलावा, घोषणापत्र के संबंध में लिंगदोह आयोग की रिपोर्ट और छात्र संघ संविधान के खुले उल्लंघन की ओर भी संबंधित पक्षों ने ध्यान दिलाया। चुनाव शिकायत आयोग के कामकाज में पारदर्शिता की कमी के कारण भी छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। शिकायत आयोग को पहले पक्षपातपूर्ण कहा गया था, क्योंकि आयोग का एक छात्र सदस्य अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का सक्रिय सदस्य था।

स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), अंबेडकर स्टूडेंट्स एसोसिएशन (एएसए), दलित स्टूडेंट्स यूनियन (डीएसयू) और बहुजन स्टूडेंट्स फ्रंट (बीएसएफ) द्वारा जारी एक संयुक्त बयान के अनुसार, पुनर्मतगणना के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए एक पत्र प्रस्तुत किया गया।

## किसानों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएं कृषि अधिकारी : तुम्मला

### कृषि मंत्री ने नवनियुक्त कृषि अधिकारियों को संबोधित किया

हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार के कृषि, विपणन सहयोग, हथकरघा और वस्त्र मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने 21 अक्टूबर से 9 नवंबर, 2024 तक डॉ. एमसीआर एचआरडी इंस्टीट्यूट ऑफ तेलंगाना में आयोजित किए जा रहे 21 दिवसीय प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे नवनियुक्त तेलंगाना के 143 कृषि अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कृषि में तेलंगाना की प्रगति को स्वीकार किया और राज्य के लिए निर्यात-गुणवत्ता वाले कृषि उत्पादों में वैश्विक मानक प्राप्त करने के लिए अपना दृष्टिकोण साझा किया, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि यह अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करता है। मंत्री ने तेलंगाना के किसानों को सशक्त बनाने के महत्व पर जोर दिया, जो उच्च गुणवत्ता वाली फसलें पैदा कर रहे हैं, लेकिन कभी-कभी अन्य राज्यों के किसानों की तुलना में उचित मूल्य प्राप्त करने के लिए संघर्ष करते हैं। उन्होंने कृषि अधिकारियों से प्राकृतिक खेती के तरीकों की वकालत करने और बाजरा और ताड़ के तेल जैसी



उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती को बढ़ावा देने का आग्रह किया, जिससे स्थानीय किसानों की आय बढ़ सकती है और स्थायी कृषि विकास में योगदान मिल सकता है। कृषि अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, मंत्री ने उन्हें किसानों का रक्षक कहा और कृषक समुदाय में विश्वास पैदा करने की उनकी जिम्मेदारी पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को अपने संबंधित मंडलों के भीतर स्थायी संबंध बनाने के लिए प्रोत्साहित किया, किसानों को सभी कृषि आवश्यकताओं के लिए उनके मार्गदर्शन और समर्थन का आश्वासन दिया। तेलंगाना सरकार ने हाल ही में जमीनी स्तर पर कृषि विकास को बढ़ावा देने के लिए 143 कृषि अधिकारियों की भर्ती की, उन्हें विभिन्न जिलों में तैनात किया। अधिकारियों ने अपने चल रहे प्रशिक्षण से अंतर्दृष्टि साझा की, और मंत्री ने उनके साथ एक संवादात्मक सत्र में भाग लिया। डॉ. एमसीआर एचआरडी संस्थान के महानिदेशक और सरकार के विशेष मुख्य सचिव डॉ. शशांक गोयल ने कहा कि एमसीआर एचआरडीआईटी राज्य स्तरीय कार्यक्रमों से लेकर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। उन्होंने इस व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए संसाधन जुटाकर कृषि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों का समर्थन करने के लिए संस्थान के समर्पण पर प्रकाश डाला।

## संवैधानिक अधिकारों का हो रहा उल्लंघन

### वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक पर बोले ओवैसी

### वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्य रखने पर उठाए सवाल

हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को कहा कि प्रस्तावित वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक और वक्फ बोर्ड समितियों में गैर-मुस्लिमों को शामिल करना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 26 का उल्लंघन है। उन्होंने पूछा कि जब देश भर के हिंदू बंदोबस्ती बोर्डों में एक भी मुस्लिम सदस्य नहीं है, तो वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्य रखने की क्या जरूरत है? ओवैसी की प्रतिक्रिया तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के नवगठित बोर्ड और उसके नए अध्यक्ष द्वारा टीटीडी के कर्मचारियों के संबंध में की गई टिप्पणियों के संदर्भ में आई है।

तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के नवनियुक्त अध्यक्ष बीआर नायुडू ने 31 अक्टूबर को कहा कि तिरुपति मंदिर में कार्यरत सभी कर्मचारी हिंदू होने चाहिए। नायुडू ने कहा कि वह आंध्र प्रदेश सरकार से परामर्श करेंगे कि अल्पसंख्यकों से संबंधित कर्मचारियों के साथ कैसे व्यवहार किया जाए? क्या उन्हें अन्य सरकारी विभागों में भेजा जाना चाहिए या वीआरएस (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना) दी जानी चाहिए। चेयरमैन ने कहा कि तिरुमाला में काम करने वाला हर व्यक्ति हिंदू होना चाहिए। यह मेरा पहला प्रयास होगा। इसमें कई मुद्दे



हैं। हमें इस पर विचार करना होगा। नायुडू ने कहा कि टीटीडी बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त होना सौभाग्य की बात है।

एआईएमआईएम अध्यक्ष ने कहा कि बोर्ड के नए अध्यक्ष ने कहा है कि टीटीडी का स्टाफ हिंदू होना चाहिए। मुझे लगता है कि वह हिंदू धर्म के अनुसार काम कर रहे हैं और हमें इससे कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक लेकर आई है, जिसके अनुसार केंद्रीय वक्फ परिषद में दो गैर-मुस्लिम सदस्य होने चाहिए, जिसे बढ़ाकर 12 किया जा सकता है। ओवैसी ने पूछा कि जब टीटीडी या एपी हिंदू एंडोमेंट बोर्ड में कोई गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं है, तो वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्य रखने का प्रस्ताव क्यों है? उन्होंने कहा कि बोर्डों में समानता होनी चाहिए और कहा कि जब टीटीडी जैसे बोर्डों में कोई गैर-हिंदू सदस्य नहीं है तो गैर-मुस्लिम केंद्रीय या राज्य वक्फ बोर्ड का हिस्सा क्यों होना चाहिए?

## पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी बनाए रखना राष्ट्र की समृद्धि का मार्ग : अरुण जैन

### एससीआर का 'ईमानदारी वॉकथॉन' आयोजित




हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे ने शनिवार को नेकलेस रोड रेलवे स्टेशन पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह के हिस्से के रूप में ईमानदारी वॉकथॉन का आयोजन किया। अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक, एससीआर, नीरज अग्रवाल, अतिरिक्त महाप्रबंधक, एससीआर, जे. विनयन, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, एससीआर, प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक, हैदराबाद मंडल, वरिष्ठ रेलवे अधिकारी, खेल कार्मिक, कर्मचारी और स्कूली छात्रों ने वॉकथॉन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लिया। अरुण कुमार जैन ने समाज की समृद्धि के लिए ईमानदारी के महत्व पर जनता और रेलवे कर्मचारियों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए रैली को हरी झंडी दिखाई और उसका नेतृत्व किया। रैली का उद्देश्य सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने, लोगों में जागरूकता पैदा करने, भ्रष्टाचार के प्रतिकूल प्रभाव को प्रचारित करने और भ्रष्टाचार के खतरे को शून्य पर लाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करना था। जनसमूह को संबोधित करते हुए, श्री जैन ने कहा कि ईमानदारी का मतलब सिर्फ ईमानदारी नहीं है, बल्कि इसका मतलब हमारे दिल और दिमाग का एकीकरण भी है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने जीवन में अच्छे मूल्यों और प्रथाओं को शामिल करना चाहिए और बेहतर परिणाम के लिए सहकर्मियों और पड़ोसियों के बीच भी इसे प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ अपने बीच ही ईमानदारी का अभ्यास नहीं करना चाहिए, बल्कि अपने आसपास भी ईमानदारी की संस्कृति बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम जो भी सच्चे दिल और दिमाग से करते हैं, वह हमारे राष्ट्र की समृद्धि में इजाफा करेगा। उन्होंने कहा कि आइए हम यह संकल्प लें कि हम अपने राष्ट्र की समृद्धि के लिए पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी बनाए रखेंगे। इससे पहले, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक जे. विनयन ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि वॉकथॉन सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हर साल सतर्कता जागरूकता सप्ताह सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है, जो एक महान नेता थे, जो ईमानदारी और चरित्र की मजबूती के माध्यम से राष्ट्र के एकीकरण के लिए जाने जाते थे। महाप्रबंधक ने जवाहरलाल नेहरू वास्तुकला और ललित कला विश्वविद्यालय में 'राष्ट्र की समृद्धि के लिए निष्ठा की संस्कृति' विषय पर आयोजित कैरिकेचर पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।

## दिवाली पर पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार कम प्रदूषण

हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार को दिवाली के त्यौहार के दौरान शहर में प्रदूषण के कुछ मानकों में सामान्य दिनों की तुलना में तेजी से वृद्धि देखी गई, लेकिन पिछले वर्ष त्यौहार के दिनों की तुलना में यह वृद्धि कम है। तेलंगाना प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 24 अक्टूबर से 7 नवंबर तक विशेष प्रयोजन (दिवाली) एक्यूआई निगरानी कर रहा है। इस दिवाली के दिन एकत्रित पीसीबी के आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में पीएम 2.5 और पीएम 10 की सांद्रता में कमी आई है। हालांकि पीएम 2.5 सामान्य दिनों में औसतन 44 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से बढ़कर त्यौहार के दिन 84 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हो गया, लेकिन यह पिछले वर्ष दिवाली के दिन दर्ज 119 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से काफी कम था।



इसी प्रकार, पिछले वर्ष की तुलना में इस त्यौहार के दिन 4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की गिरावट देखी गई। गैसों के संदर्भ में, पीसीबी के आंकड़ों से पता चला कि सामान्य दिनों की तुलना में सांद्रता में मामूली वृद्धि हुई, लेकिन यह स्वीकार्य मानकों के भीतर ही रही। 80 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के मानक के मुकाबले सल्फर डाइऑक्साइड 12 से बढ़कर 14 हो गई, जबकि नाइट्रोजन ऑक्साइड सिर्फ 40 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर थी।

प्रदूषण बोर्ड द्वारा ध्वनि स्तर पर भी नजर रखी गई और आंकड़ों से पता चला कि दिवाली से पहले और दिवाली के दौरान दिन में ध्वनि का स्तर एक समान था, जबकि औद्योगिक क्षेत्रों में रात के समय में यह 2.3 डीबी तक बढ़ गया। वाणिज्यिक क्षेत्रों में दिवाली के दौरान दिन और रात में शोर का स्तर कम हो गया, जबकि आवासीय क्षेत्रों में सामान्य दिनों की तुलना में त्यौहार के दिन शोर का स्तर बढ़ गया। दिलचस्प बात यह है कि संवेदनशील इलाकों में दिवाली के दिन सामान्य दिनों की तुलना में शोर का स्तर कम रहा।

## मूसी नदी के किनारे को सुंदर बनाने का प्राकृतिक तरीका

### कूड़ा बीनने के काम को व्यवसाय बनाने का अवसर

हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मूसी नदी के किनारों को सुंदर बनाने का एक प्राकृतिक तरीका है, जो दशकों से किया जा रहा है। नदी को पुनर्जीवित करने और इसके किनारों पर रहने वाले लोगों के लिए स्थायी आजीविका बनाने के राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी प्रयासों के साथ, कूड़ा बीनने के काम को एक सार्थक व्यवसाय बनाने का अवसर आ गया है।

कूड़ा बीनने वाले वे लोग हैं जो विकास के पिरामिड के निचले हिस्से में रहते हैं और हर दिन मूसी के तट पर फेंके गए सूखे कचरे को साफ करते हैं। चाहे वह कांच, प्लास्टिक या धातु का संग्रह हो, मूसी के सौंदर्यीकरण में कूड़ा बीनने वालों के योगदान की बदौलत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उद्योग दशकों से फल-फूल रहा है।



शहर में सैकड़ों, हजारों कूड़ा बीनने वाले हैं, जिनमें से अधिकांश निस्वार्थ मूसी पर जीवित हैं, जो कचरा और मल-मूत्र तो ले लेता है, लेकिन ऐसा कूड़ा देता है जिसे पैसे में बदला जा सकता है। सलमान (बदला हुआ नाम) एक मेहनती नौजवान है जो मूसारामबाग में मूसी के किनारे रहता है। वह कूड़ा बीनने वाला है जो ज़्यादातर प्लास्टिक और धातु को किनारों से इकट्ठा करता है। वह सालों से यह काम कर रहा है और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उद्योग की आपूर्ति-श्रृंखला, मांग-आपूर्ति पहलुओं से अच्छी तरह वाकिफ है।

उन्होंने बताया कि वे लोहे के लिए लगभग 300 रुपये प्रति किलोग्राम और तांबे के लिए और भी अधिक भुगतान करते हैं, लेकिन कांच की कोई मांग नहीं है, जिसके लिए वे 2 रुपये प्रति किलोग्राम का भुगतान करते हैं। वह बैंकों में छोड़े गए प्लास्टिक के सामान भी इकट्ठा करते हैं, जिन्हें बड़ी कंपनियों द्वारा खरीदा जाता है, उसके बाद उनके जैसे कूड़ा बीनने वाले उन्हें स्क्रैप डीलर की दुकानों पर पहुंचाते हैं।

## आतंकवाद को बढ़ावा देने के आरोप में वेबसाइट पर केस

हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद पुलिस ने एक वेबसाइट के खिलाफ एक विशेष समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और साइबर आतंकवाद के आरोप में मामला दर्ज किया है। शहर के एक वकील ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि वेबसाइट आतंकवाद को बढ़ावा दे रही है और लोगों को देश में बहुसंख्यक समुदाय के सदस्यों पर हमला करने के लिए उकसा रही है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने वेबसाइट और 5 अन्य लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 और आईटी एक्ट की धारा 66(एफ)(2) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस जांच कर रही है।

**सिविल कॉन्ट्रैक्टर्स की आवश्यकता**

गच्चीबावली के निकट मल्टी स्टोरिड हाई राईज कंस्ट्रक्शन कंपनी के लिए प्लाईवुड, एल्यूमिनियम, फॉर्मवर्क्स, सेन्ट्रिंग, स्टील, कॉन्क्रीट, ब्रिकवर्क एवं प्लास्टिंग कार्य के लिए 250+ अनुभवी व्यक्तियों द्वारा निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने वाले कॉन्ट्रैक्टर्स की आवश्यकता है। संपर्क करें :

9010000737, 9000128578

Mail Id : jayasriuppalapu@gmail.com

# 8 लाख करोड़ की पेनकिलर्स खा रहे लोग : दर्द मिटाने वाली दवा ही बन गई दर्द

हमारे सिर में दर्द होता है तो हम एस्पिरिन खा लेते हैं। मसल्स में दर्द होता है तो पैरासिटामॉल खा लेते हैं। इसी तरह पेट या दांत में दर्द होने पर किसी मेडिकल स्टोर से पेन किलर लेकर खा लेते हैं। इससे फौरन राहत भी मिल जाती है। यही कारण है कि पेनकिलर्स पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली ओवर-द-काउंटर दवाओं में से एक हैं।

हम पेनकिलर्स को जितने सामान्य तरीके से इस्तेमाल कर रहे हैं, इनके साइड इफेक्ट्स उतने ही खतरनाक होते हैं। ये दवाएं खासतौर पर हमारे पेट और किडनी को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती हैं। इनके अत्यधिक या अनुचित इस्तेमाल से पेट में अल्सर हो सकता है, लिवर डैमेज हो सकता है और किडनी भी डैमेज हो सकती है।

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में जुलाई, 2021 में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, ज्यादा पेनकिलर्स खाने या इन्हें लंबे समय तक खाने से लिवर और किडनी डैमेज होने का खतरा होता है। यहां तक कि इससे दिल की बीमारियों का भी जोखिम बढ़ता है।


पेनकिलर्स का बाजार कितना बड़ा है?

पेनकिलर्स क्या हैं और किस तरह काम करते हैं?

इससे किडनी की सेहत क्यों बिगड़ रही है?

**हर दिन बढ़ रहा है पेनकिलर्स का बाजार**

दुनिया के हर तरह के बाजार पर ग्लोबल रिसर्च करने वाली कंपनी 'मार्केट रिसर्च फ्यूचर' के मुताबिक, पेनकिलर्स का बाजार दुनिया के सबसे तेजी से ग्रो कर रहे बाजारों में से एक है। बीते कुछ सालों में इनकी मांग जितनी तेजी से बढ़ी है, उसके आधार पर




अनुमान लगाया जा रहा है कि इनका बाजार साल 2024 से साल 2032 के बीच 7.2% के कंपाउंड ग्रोथ रेट से आगे बढ़ सकता है।

भारत में पेनकिलर्स का बाजार दुनिया के मुकाबले ज्यादा तेजी से बढ़ रहा है। अनुमान है कि यह साल 2024 से साल 2029 के बीच 9.21% की कंपाउंड ग्रोथ रेट से आगे बढ़ सकता है।

**पेनकिलर्स क्या हैं?**

मेडिसिन की भाषा में पेनकिलर्स को एनेल्जेसिक (Analgesic) कहा जाता है। ये ऐसी दवाएं हैं, जो दर्द को कंट्रोल करने और बुखार कम करने में मदद करती हैं। इनमें कुछ दवाएं ऐसी भी हैं, जिनसे सूजन भी कम हो सकती है। इन्हें मुख्य तौर पर दो कैटेगरी में बांटा जाता है-

नॉन स्टेरॉयडल एंटी-इंफ्लेमेटरी ड्रग्स (NSAIDs)

ओपिओइड्स (Opioids)

ये दवाएं कैसे काम करती हैं?

NSAIDs सूजन कम करती हैं और शरीर को दर्द का एहसास कराने वाले संकेतों को ब्लॉक कर देती हैं। इसलिए इन्हें खाने के बाद दर्द का एहसास होना बंद हो जाता है।

ओपिओइड्स सीधे नर्वस सिस्टम को कंट्रोल करते हैं। ये ब्रेन रिसेप्टर्स को ब्लॉक कर देते हैं। इससे ब्रेन तक यह मैसेज ही नहीं पहुंच पाता है कि शरीर के किसी हिस्से में दर्द हो रहा है। इसलिए इन्हें खाने के बाद दर्द का एहसास होना बंद हो जाता है।

**पेनकिलर्स से सेहत को क्या नुकसान हो रहा है?**

डॉ. कहते हैं कि हमें सबसे पहले ये समझना जरूरी है कि कोई भी दवा पूरी तरह से रिस्क फ्री नहीं होती है। चूंकि पेनकिलर्स हमारे ब्रेन रिसेप्टर्स और नर्वस सिस्टम के साथ पूरे शरीर को प्रभावित करते हैं तो इसके नुकसान भी अधिक होते हैं। आइए ग्राफिक में देखते हैं कि इनके क्या साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं।

**सबसे अधिक नुकसान किडनी को होता है**

डॉ. कहते हैं कि पेनकिलर्स से सबसे अधिक नुकसान किडनी को होता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि पेनकिलर्स से किडनी की ओर ब्लड फ्लो कम हो जाता है। इससे किडनी का कामकाज प्रभावित होता है। इसके अलावा इनसे किडनी के टिश्यूज भी डैमेज होते हैं। सबसे आखिर में इन दवाओं को छानकर शरीर से बाहर निकालने का काम भी किडनी का ही है। उस दौरान भी ये दवाएं किडनी को प्रभावित करती हैं। यही वजह है कि ज्यादा पेनकिलर्स खाने से किडनी डैमेज होने का खतरा बढ़ जाता है।

**किडनी फेल्योर के 5% मामले पेन किलर के कारण**

अमेरिकन नेशनल किडनी फाउंडेशन के मुताबिक, पेनकिलर्स के अनुचित इस्तेमाल से किडनी सहित पूरे शरीर में समस्याएं पैदा हो सकती हैं। हर साल क्रॉनिक किडनी फेल्योर के 3% से 5% नए मामले इन पेनकिलर्स के अत्यधिक उपयोग के कारण होते हैं। अगर किसी को एक बार किडनी की कोई बीमारी हो जाती है तो इन दवाओं का निरंतर प्रयोग कंडीशन को और बदतर बना देता है।

**पेनकिलर्स दुश्मन नहीं हैं**

डॉ. कहते हैं कि पेनकिलर्स हमारे दर्द को कम करने और राहत देने के लिए बनी हैं। अगर इनको डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के मुताबिक सावधानी से खाया जाए तो इससे होने वाले




नुकसान कम किए जा सकते हैं। ये इंस्ट्रक्शन फॉलो करके पेनकिलर्स के साइड इफेक्ट्स कम किए जा सकते हैं:

**डोज संबंधी इंस्ट्रक्शन फॉलो करें:** अगर पेन किलर खा रहे हैं तो हमेशा प्रिस्क्राइब्ड या रिकमेंडेड डोज का पालन करें। अगर आपको लगातार दर्द की समस्या रहती है तो खुद से दवाएं लेने की बजाय डॉक्टर से कंसल्ट करें।

**कम-से-कम इस्तेमाल करें:** पेनकिलर्स का उपयोग जितना हो सके, कम-से-कम करें। अगर लगातार दर्द बना रहता है तो डॉक्टर से सलाह लेकर उसकी मूल समस्या का इलाज करवाएं।

**इनका विकल्प खोजें:** दर्द के कारण के आधार पर इसे कम करने के कई विकल्प हो सकते हैं। इसमें किसी तरह की दवा नहीं लेनी पड़ती है। फिजिकल थेरेपी, एक्यूपंक्चर या माइंडफुलनेस जैसी चीजें सामान्य दर्द में राहत प्रदान कर सकती हैं।

**नियमित जांच करवाएं:** अगर आप किसी मेडिकल या फिजिकल कंडीशन के कारण नियमित रूप से पेनकिलर्स खाते हैं तो पेट और किडनी की नियमित रूप से जांच करवाते रहें। इससे यह पता चलेगा कि ये दवाएं किडनी और पेट को कितना प्रभावित कर रही हैं। उसके मुताबिक डॉक्टर इनके डोज में बदलाव कर सकते हैं।

**शराब से दूरी बनाएं:** अगर पेनकिलर्स के साथ कोई शराब पी रहा है तो इससे पेट के अल्सर और किडनी खराब होने का खतरा बढ़ सकता है। इससे लिवर डैमेज होने का जोखिम भी बढ़ जाता है। इसलिए इस दौरान शराब से दूरी बनाएं।

# काव्य कुंज

## सद्भावना



जे गंगाधर 'गंध'
जियागुडा,हैदराबाद

सदाचारी हो सद्भावना
व्यक्ति व्यक्ति में व्याप्त हो,
हम एक है नेक भावना।
सम रस सम भावना सद्भावना।।
जात पात जमात को दे मात,
वर्ग वर्ण विशेष की न हो बात,
एक भारत श्रेष्ठ भारत का हो विधान।
सम रस सम भावना सद्भावना।।
अपनाया जाय अपनापन एक मत,
हाव भाव समभाव हो नेक अभिमत,
मिलकर रहें खिलकर उगे हो समाधान ।
सम रस सम भावना सद्भावना।।
त्यागे अलग थलग दुर्भावना,
पृथकतावादी मानसिक साधना,
विलायती व्यसन विकृत विवेचना।
सम रस सम भावना सद्भावना।।
अधर्मी विधर्मी विध्वंसकारी कृत्य,
आतंकी अलगाववादी अहित विकृत,
विनाशकारी प्रवृतियों की हो भर्त्सना।
सम रस सम भावना सद्भावना।।
सुसांस्कृतिक संयमित सुसभ्य आचरण,
भारतीयता की प्रभासित हो भव्याचरण,
समाज सापेक्षत सेवा समर्पण हो सद्भावना।
सम रस सम भावना सद्भावना।।
सक्षम हो संरक्षित हो समभाव सद्भावना,
सुरस हो सुरूचिपूर्ण हो संवर्धित सद्भावना,
मिलनसार हो मैत्रीभावमय वैभव सद्भावना,
वसुधैव कुटुंब भावना हो साकार सद्भावना।

## मुट्ठियों में...



दर्शन सिंह
हैदराबाद

रुकता भी है इंसान, हर विषय पर बात करता है
जाते जाते ऐसी नस दबा जाता है,
अखियां अश्रुओं से भर देता है
कहता,कुछ भी कहो
आज का दिन मस्त हो गया
देखा ,कैसा हूं शूरवीर,
सामने वाले को पस्त कर दिया
भले ही परिणाम से अवगत,
यथार्थ बतलाया न करो
मुट्ठियों में लिए फिरते हैं नमक आज के लोग
अपने जख्मों को किसी हाल दिखाया न करो
चाटुकारिता स्वाभाविक अच्छी लगती है
चौबीसों घंटे यूं ही मौसम रहे, सुहावनी लगती है
अखियां खुलती है,भोर हो जाती है
शून्य शून्य शून्य ,शोर सुनाई पड़ती है
भले ही खंडित हाथ की लकीरें,
भविष्य बताया न करो
मुट्ठियों में...
जानता वह भी है,जानता मैं भी ,
अंधकार किसे कहते हैं
नैय्या तो बहा दी है, झेलना तो पड़ेगा,
मझधार किसे कहते हैं
थाह का पता तो तब चलता है,
जब गहराई में उतरते हैं
हरे लगे न फिटकरी रंग आए चोखा,
फकीर कहते हैं
चाहिए जीत, लहरों के विपरित बहो
अन्यथा घर का बिखरा सामान दिखाया न करो
मुट्ठियों में..

## वक्त



डॉ डी डी देसाई

आज मेरा वक्त खराब है।
साथ नहीं दे रहा ।
इसलिए मैं चुप हूँ ।
तुम बोलते रहना –
दिल दहलाने वाले शब्द,
कुचल देना मेरी हर ख्वाहिश
टूट के बिखर जाने दे ।
टस से मस नहीं करूंगा,
तुम हर टोटका आजमा लेना ।
डांट -डपट करना,
या कर दे गाली-गलौच ।
तुझे हक है।
मैं सब सहता रहूँगा ।
पलट के जवाब देने की मेरी आदत नहीं,
तुम ढ़ाती रहना हर वो सितम,
तुझे डरने की जरूरत नहीं ।
डरते वो हैं, जिन्हें खोने का डर हो,
बिलकुल मेरी तरह............ ।
मैं तो तुम्हारा आँगन
छोड़ नहीं जाऊँगा ।
पर तुझे हक़ हैं मनमानी का,
लेकिन... किन्तु... परन्तु...
याद रहें संसार का नियम...
हर पल का हिसाब होगा,
हर घड़ी तुमसे जवाब माँगेगी
बीते पलों का हिसाब माँगेगी ।
तब तुम निशब्द होगी,
आँखों से शब्द बहने लगेंगे ।
सुनने वाला कोई न होगा...
न ही समझने वाला कोई होगा।
आज वक्त तुम्हारा है -
तब वक्त मेरा होगा ।

## भाई दूज



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

भाई दूज का त्यौहार।
सजे भाई बहन का प्यार।
स्नेह से बहन भोजन परोसे,
झूम उठा संसार।
बहन के हाथ की मिठाई।
उम्र की करती लम्बाई।
भाई देवे कोई उपहार,
रूपये देती फ़िर भौजाई।
चरण स्पर्श ननद के करती।
मन भर भर आशीष है लेती।
भाई भतीजा खुश देखकर,
मां भी खुश हो लेती।
माथे तिलक सोहे भाई के।
बहन के हाथ चूड़ी कलाई के।
भाई आशीष लेके ही जाता,
बहन भाई एक मां जाई के।
यम की बहन यमुना है जाती।
यमराज देख खुश हो जाती।
तभी से निकली रीत सुहानी,
बहन भाई की बनी कहानी।

## भैया दूज



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

कार्तिक शुक्ल पक्ष दूज।
कहते है भाई-भैया दूज।।
पवित्र प्रेम का रिश्ता है ये,
बहन भाई दिल में बसता है ये,
सब रिश्तो से ऊँचा है ये
बड़े भाग्य से मिलता है ये,
सब रिश्तो से अनोखा अनूप।
कहते हैं भाई - भैया दूज।।
पवित्र यम - यमुना का प्यार,
भाई बहन को दे उपहार,
दूज दिन यमुना में करले स्नान
खुल जाएंगे स्वर्ग के द्वार।
कितना सुंदर ये वरदान स्वरूप।
कहते हैं भाई - भैया दूज।।
बहन के घर भोजन पाकर,
बहन हाथ टीका लगवाकर,
बहन आशीर्वचन दुआए लेकर
भाई जाता अनेक उपहार लेकर,
रहता भाई-बहन प्यार महफूज।
कहते हैं भाई - भैया दूज।।

## श्री कृष्ण



कुमुद बाला,
हैदराबाद

हाथों में श्री कृष्ण के बाँसुरी,
पर श्री सुदर्शन चक्र भी जरूरी है
व्यवहार में हो अव्यवहारिकता तो
,परिवर्तन तंत्र भी जरूरी है
दृष्टि तुम्हारी जिधर भी गयी,
बोर्ड के लिए वही सही
ना कोई कागज़ात की जरूरत ,
और न कोई बही
कनून के इकतारे पर ,
तुम्हारी धुन बजनी चाहिए
अगर ना मानी बात तो,तन सर से जुदा होगा अभी
सेक्युलरिज़्म पर बात नहीं करते,रक्षा सनातन की भी जरूरी है
हाथों में श्री कृष्ण के बाँसुरी पर श्री , सुदर्शन चक्र भी जरूरी है
व्यवहार में हो अव्यवहारिकता तो , परिवर्तन तंत्र भी जरूरी है
उन्नति की बातों पे लगती है ,धर्म की खिचड़ी पकने
गर्म तवे पर कच्ची-पक्की , रोटियाँ हैं लगती सिंकने
कहाँ,कौन,किसकी कमज़ोरी,लगते मगर तीर छलने
धर्म के नाम पर वे झुला रहे , सहूलियत के पलने
प्रदूषित पर्यावरण संरक्षण हेतु , वातावरण यंत्र भी जरूरी है
हाथों में श्री कृष्ण के बाँसुरी पर श्री,सुदर्शन चक्र भी जरूरी है
व्यवहार में हो अव्यवहारिकता तो ,परिवर्तन तंत्र भी जरूरी है
सनातन धर्म की रक्षा हेतु , बोर्ड का गठन जरूरी
देश की पीड़ित मिट्टी पर फिर से,चिंतन-मनन जरूरी
कर्म कहता - देश के लिए जियें , देश की ख़ातिर मरें
ग़लत नीतियों के मार्ग में , दृष्टि व हृदय मंथन जरूरी
एक आयोग,एक नीति की ख़ातिर,पुनरावलोकन भी जरूरी है
हाथों में श्री कृष्ण के बाँसुरी पर श्री ,सुदर्शन चक्र भी जरूरी है
व्यवहार में हो अव्यवहारिकता तो , परिवर्तन तंत्र भी जरूरी है

## बेहिसाब मोहब्बत



संजय एम.
तराणेकर

दिन हो या रात बस फरियाद करते हैं,
भूलों गिले-शिकवे सफर साथ करते हैं।
हम उनकी मोहब्बत को याद करते हैं,
भले ना मिलो प्यार बेहिसाब करते हैं।
क्यों ख़फ़ा हो आओ मुलाकात करते हैं?
अब हम प्यार की बातें सरेआम करते हैं।
हम उनकी मोहब्बत को याद करते हैं,
भले ना मिलो प्यार बेहिसाब करते हैं।
दुनिया के जुल्मों-सितम से भी डरते हैं,
रिश्तों में आई दरार आज ही भरते हैं।
हम उनकी मोहब्बत को याद करते हैं,
भले ना मिलो प्यार बेहिसाब करते हैं।
वह खत, वह तस्वीरें भी बयाँ करते हैं,
मिलों सितारों से चाँद की बात करते हैं।
हम उनकी मोहब्बत को याद करते हैं,
भले ना मिलो प्यार बेहिसाब करते हैं।
मैं इतना मसरूफ़ नहीं साथ चलते हैं,
बिछड़ जाए अगले जन्म में मिलते हैं।
हम उनकी मोहब्बत को याद करते हैं,
भले ना मिलो प्यार बेहिसाब करते हैं।

## माँ बाप



टी तारासिंह
हैदराबाद

जिन लोगो के मां बाप है जिंदा
उनके बच्चे बडे ही किस्मत वाले है
उनके सर पर छत का साया है
है उनको मां बाप का आशीर्वाद
है उनके सर पर खुशियो का ताज
यही है दुनिया की सबसे बडी दौलत
वक़्त निकालकर कर लेना मां बाप की सेवा
फिर जनम हो तो मां बाप यही होना
कभी पूछ लेना उनका दुःख और दर्द ओर
बेझिझक होकर करना उनकी मदद
वो दुनिया देखे है कर लेना उनसे मशवरा
जिंदगी छोटी है इंसानियत की कद्र करना
हम सब है मुसाफिर इस दुनिया के
कोई आगे है तो कोई पिछे
एक दिन तो छोड जाना है इस जहाँ को
ना कर घमण्ड सबसे मिलकर हसते हुए रह ।।

## गुस्से का तेरा कहर पसंद आया



संजीव ठाकुर,
रायपुर

गुस्से का तेरा कहर हमें पसंद आया,
हसीन मीठा जहर हमें पसन्द आया।।
कमसिन हो रंजिश की नहीं है उम्र,
गुस्से का नजराना हमें पसंद आया।
तिरछी नजरों से यूँ न देखा करो हमें
ये कातिलाना अंदाज हमें पसंद आया।
आते हो सुलह के बहाने रोज मिलने,
रूठ कर बापस जाना हमे पसंद आया।
दुश्मनी का अंदाज भी बेहद निराला है,
ख्वाबों में आंखें दिखाना पसंद आया।
ईश्वर ने तुम्हे बक्शी है सारी मासूमियत
खुलकर खिलखिलाना हमे पसंद आया।
कसमें खाती कभी ना मिलनें की फिर
भूल सब गले लग जाना हमें पंसन्द आया।

## आदेश



हेमंत सुराना,
उदयपुर

जिंदगी तेरा साथ निभाते गए,
बिना कुछ कहे आगे बढ़ते गए
बर्बादी का जश्न मनाते गए,
खुद में ही अपनी दुनिया ढूंढते गए
कुछ रहे ,कुछ छोड़ कर चले गए,
खुद को स्वयं से रिश्ता निभाने गए
अकेले रहकर खुद से दोस्ती करते गए,
बीती खुशियों के सहारे वक्त गुजारते गए
खुद को स्वयं से जोड़कर रिश्ते बनते गए,
अकेलेपन में खुद से प्यार करते गए
बेवजह रूठे हुए लोगों को मानते गए,
ना चाहने वाले वादे भी निभाते गए
जो मिल गया उसी को किस्मत समझते गए,
जो खो गया उसे भूलते गए
परवाज जिन्हें ना थी ,हाल उनको सुनाते गए,
खामियों को नजरअंदाज कर, साथ उनका निभाते गए
रंगमंच पर किरदार अपना निभाते गए ,
रंगमंच पर किरदार अपना निभाते गए ।

## दीप जले मन के अंदर



कमलेश झा

दीप जले जो जग के अंदर
जग में फैलेगा उजयारा।
दीप जले जो मन के अंदर
मन मे फैलेगा उजयारा ।।
मन उजयारा राह दिखाए
स्वछ और स्वतंत्र विचार।
कलुषित मन से भाव मिटाए
मन में उपजे स्वछ विचार।।
राह चुने फिर नेकी का
समाज सेवा में लगे जो तन।
द्वेष ईर्ष्या और बईमानी
निकलते जाए फिर अपने मन।।
समदर्शी का ज्ञान जगाए
मन के अंदर जलता दीप।
उचित अनुचित का अंतर बताए
मन के भीतर प्रज्वल दीप।।
हृदय दीप जब खुद जलता तो
फूटता अंकुर प्यार सना।
मानस मन मे भाव बढ़ाता
हृदय दीप प्यार भरा।।
प्यार बढ़ाता हृदय दीप
अपने सहित समाज मे आप।
मानव मन में मानवता भरता
फलता फूलता समाज सहित साथ।।
दीप लालिमा हमे दिखाता
आगे बढ़ने की ही चाह।
ज्ञान चक्षु को खोलकर रखता
और बताता आगे बढ़ने की राह।।
दीप लौ जब पड़ता है
सीधे मन मस्तिष्क पर।
ज्ञान द्वार फिर खुल जाता है
असर करता सीधे मन मस्तिष्क पर।।
दीप के उस प्रकाश पुंज को
मानें अपना आत्म तत्व।
सात्विक और सही सोच को
मानें अपना ज्ञान तत्व।।
ज्ञान तत्व के इस आधारस्तंभ पर
अब रखें एक नया आधार।
जीवन पथ को सुगम करेगा
आत्म ज्ञान का यह आधार।।

## उमंग

जब जब भी आती है उमंग,
मन में उठती है एक तरंग,
जीवन बन जाता मस्त मलंग,
स्फूर्ति भर जाती अंतरंग।
एक दूजे में भर दो स्व-उमंग,
उष्मा का संचार प्रवाहित हो,
मन वाद्यवृन्द फिर हर्षित हो,
हो श्वासों का आरोहण पुलकित,
सुख रोम रोम में हो आच्छादित,
सृष्टि का कण-कण हो आल्हादित।।
ऐसा जतन-यतन कर ले मन,
दुख पल में हो जाए खण्डित,
हो जन जीवन फिरसे रोमांचित,
पुनर्जागरण- नवनिर्माण भाव,
हर जन- मानस में हो पोषित।।।
हिंसा- विध्वंस के तिमिर को हरके,
युद्ध के तांडव को नष्ट करके,
अक्लांत मन हो फिर से स्थिर,
संवेदना- चेतना हो पल्लवित।।

## तेरी यादों का उजाला

तेरी यादों में डूबा ये दिल बेसहारा,
हर लम्हा अब लगता है सूना-सपना हमारा।
तेरी हंसी की गूंज अब भी कानों में है बाकी,
तेरे बिना हर ख़ुशी लगती है जैसे रोता हुआ कोई बच्चा बेचारा।
तेरी राहों में आंखें बिछाए खड़ा हूँ यूं ही,
हर खामोशी में छिपी है लौट आने की आस।
सब कुछ मिटा दिया मैंने अपना,
बस तुझे ही पाने की अब एक ही उम्मीद है मेरे पास।
अब दिवाली का उजाला भी फीका सा लगता है,
तेरे बिना ये त्यौहार भी अधूरा सा लगता है।
दीप जलते हैं, पर रोशनी नहीं मेरे दिल में,
तेरे बिना हर लम्हा बस अंधेरा सा लगता है।
*प्रेम का इंतज़ार अपनी दिकु के लिए*

प्रेम ठक्कर दिकुप्रेमी,सूरत गुजरात

## मेरे नयन

नयन मेरे है दोनों शीतल स्पूर्ति,
देखन है तेरी ,सुंदरमंजुल मूर्ती,
इनमें कली-सी छवि तेरी दिखती,
देख तेरे प्रेम से ही है मन की सरोज खिलती ।
लगा के इनमें प्रेम का अंजन,
कर दूँ हर कुदृष्टि का भंजन,
ले माथे पर तेरे नाम की रोली,
बन तुलसी आंगन, चली तेरी गली।
भृकुटियों से तुमसे करती बातें,
हिय का हर भेद खोलती रातें,
मिलन की अमृत वेला की ज्योति
मैं निशब्द दोनों आँखें चार होती ।
स्नेह का यह अटूट पावन बंधन,
हर क्षण चाहूँ मैं ,साथ तेरा रंजन,
कर मैं आई नख-शिख सोलह श्रृंगार,
तुम भी बन मेरा चाँद कर निहार ।

-वर्षा शिवंशिका, कुवैत

## समय बहारों का



-बलविंदर सिंह,
गुरदासपुर

समयांतर ने निचोड़ लिए हैं
सूहे रंग बहारों के।
क्या करने हैं पतझड़ जैसे
चेहरे अब गुलज़ारों के।
दुश्मन ने दुश्मन से
छीन के दुश्मन के ऊपर चलाईं,
रंग बदल गए ढंग बदल गए
संग बदले तलवारों के।
घर की हर इक मर्यादा को नज़र अंदाज़ किया है,
निज कमाई कर के ही घमंड बड़े हैं नारों के।
जबसे आंधी ने बस्ती में राज स्थापित किया है,
पहले जैसे मखमल जैसे रूप नहीं कचनारों के।
पापी पाप कमा कर बेशक छुप जाए तयखाने में,
परन्तु कहते बीच हकीकत कान होते दीवारों के।
तूफानों के भीतर भी हम पर्वत भांति अडिग रहे,
दुश्मन साथ बनाई हमने साथ रहे दिलदारों के
उसके जूड़े बीच परांदा ऐसे खूब सुसज्जित है,
सूहे रंग के दाने दहकें जैसे बीच अनारों के।
फूलों ऊपर तितली बैठी जन्नत को दृष्टाती है,
रिश्ते अच्छे लगते हैं रिश्ते हो अगर विचारों के।
तीक्ष्णता की एक बुराई सुन्दरता में कौन है देखे,
खुशबूओं ने फूलों भीतर भेद छुपा ले खारों के।
नव फूलों की आमद की फिर कीमत देखी जाती है,
मण्डी में दाम कोई ना देवे खण्डित हथियारों के।
फूलों की खुशबू को बालम कौन लगाएगा ताला,
जितने मर्ज़ी पर्दे डालो भेद छुपा लो यारों के।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA. Publications, Ltd.
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# पीएम बनते-बनते रह गए; कभी नहीं हारे चुनाव

## मोरारजी के कहने पर स्वमूत्र पान करने लगे थे शरद पवार

15 फरवरी 1980 का दिन। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शरद पवार दिल्ली पहुंचे ही थे कि उन्हें नॉर्थ ब्लॉक स्थित गृह मंत्रालय के ऑफिस में तलब किया गया। गृहमंत्री ज्ञानी जैल सिंह ने बताया कि उन्हें पीएम इंदिरा के कहने पर बुलाया गया है। शरद पवार ने कहा, 'मैं भी उनसे मिलना चाहता हूं, लेकिन पीएमओ से कोई औपचारिक आमंत्रण मेरे पास नहीं है।' ज्ञानी जैल सिंह बोले, 'अब औपचारिकता की कोई जरूरत नहीं है। आइए सीधे उनके पास चलते हैं।' दोनों कार से इंदिरा गांधी के आवास पहुंचे। ज्ञानी जैल सिंह ने शरद से कहा, 'आप अंदर जाकर मैम से मिल लीजिए, मुझे कहीं और जाना है।' शरद समझ गए थे कि प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एकांत में उनसे मुलाकात करना चाहती हैं। शरद पवार गेस्ट रूम में जाकर बैठ गए। करीब एक मिनट बाद इंदिरा गांधी कमरे में आईं। शरद पवार ने अपनी बॉयोग्राफी 'अपनी शर्तों पर' में लिखा है कि कुछ मिनट तक कमरे में बोझिल हवाएं महसूस हुईं। इसके बाद दोनों में कुछ बातचीत हुई।

शरद और इंदिरा के इस मीटिंग के 48 घंटे बाद यानी 17 फरवरी 1980 की रात करीब 12 बजे। महाराष्ट्र के मुख्य सचिव एल.एस. लूला मुख्यमंत्री शरद पवार के आवास पर पहुंचे। उन्होंने केंद्र सरकार के भेजे नोटिस को पढ़कर बताया कि उनके नेतृत्व वाली प्रोग्रेसिव डेमोक्रेटिक फ्रंट यानी पीडीएफ की सरकार बर्खास्त कर दी गई है।

शरद पवार का जन्म 12 दिसंबर 1940 को महाराष्ट्र के बारामती में हुआ। वो 11 भाई-बहनों में से एक थे। उनके पिता गोविंदराव पवार महाराष्ट्र कोऑपरेटिव सोसाइटी में अधिकारी थे। अपने जन्म के 3 दिन बाद से ही शरद राजनीतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने लगे थे। दरअसल, 12 दिसंबर को शरद पैदा हुए थे और 15 दिसंबर 1940 को उनकी मां शारदा की पुणे लोकल बोर्ड में एक जरूरी मीटिंग थी।

वे इतने छोटे थे कि उन्हें घर पर अकेला नहीं छोड़ा जा सकता था। ऐसे में मां उन्हें मीटिंग में ले गईं। शरद ने अपने बचपन के दिनों से देखा था कि कैसे उनके पिता गोविंदराव ने मराठवाड़ा क्षेत्र में किसानों के बीच अपनी मजबूत पैठ बनाई थी। पुणे के बृहण महाराष्ट्र कॉलेज से बैचलर की पढ़ाई करने के समय से ही शरद पवार राजनीति में एक्टिव हो गए थे। शरद पवार कॉलेज में एक एवरेज स्टूडेंट, लेकिन एक्टिव पॉलिटीशियन हैं।

1960 में शरद पवार ने कांग्रेस से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की। 1960 में कांग्रेसी नेता केशवराव जेधे का निधन हुआ और बारामती लोकसभा सीट खाली हो गई। उपचुनाव में पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी ऑफ इंडिया ने शरद के बड़े भाई बसंतराव पवार को टिकट दिया, जबकि कांग्रेस ने गुलाबराव जेधे को उम्मीदवार बनाया। उस वक्त वाईबी चव्हाण महाराष्ट्र के सीएम थे। उन्होंने बारामती सीट को अपनी साख का मुद्दा बना लिया था। शरद के सामने बड़ी मुश्किल स्थिति थी। भाई बसंतराव ने मेरी परेशानी समझ ली। उन्होंने मुझे बुलाया और कहा कि 'तुम कांग्रेस की विचारधारा के लिए समर्पित हो। मेरे खिलाफ प्रचार करने में संकोच मत करो। इसके बाद मैंने कांग्रेस के चुनाव प्रचार में जान लगा दी और गुलाबराव जेधे की जीत हुई।' महज 27 साल की उम्र में शरद पवार 1967 में बारामती विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने। पिछले 5 दशकों में शरद पवार 14 चुनाव जीत चुके हैं। शुरुआती दिनों से ही शरद एक समझदार पॉलिटीशियन रहे हैं।

पवार ने राजनीति में एक्टिव होने के बाद देखा था कि कांग्रेस नेता वसंत राव पाटिल को सीएम की कुर्सी तक पहुंचाने में सहकारी संस्थाओं ने अहम भूमिका निभाई थी। इसीलिए पवार ने 1980 के दशक के अंत से सहकारी संस्थाओं पर कंट्रोल करने की कोशिश शुरू कर दी। इसके बाद ही पवार ने दुग्ध संघों, सहकारी चीनी और कपड़ा मिलों, जिला बैंकों और अन्य मिलों को ऋण प्रदान करने वाले




शीर्ष बैंक महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक पर नियंत्रण हासिल करके अपने राजनीतिक साम्राज्य का विस्तार किया।

साल 1978 की बात है। कांग्रेस पार्टी दो हिस्से में बंट गई- कांग्रेस (इंदिरा) और कांग्रेस (रेड्डी)। हरिदेव जोशी, शरद पवार जैसे नेता कांग्रेस (रेड्डी) में ही रह गए। मार्च 1978 में महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव हुए। किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला। जनता पार्टी को सरकार बनाने से रोकने के लिए दोनों कांग्रेस ने मिलकर सरकार बनाई। नई सरकार में कांग्रेस (रेड्डी) गुट के वसंतदादा पाटिल ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस सरकार में शरद पवार पहली बार उद्योग मंत्री बने। सरकार बनने के बाद दोनों ही गुटों के नेता एक दूसरे के खिलाफ बयान देने लगे। सरकार में विवाद बढ़ने से ज्यादातर मंत्रियों के लिए असहज स्थिति होने लगे। अभी सरकार के बने 4 महीने ही हुए थे कि 12 जुलाई को शरद पवार ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। शरद पवार ने कहा कि इमरजेंसी के बाद इंदिरा गांधी की पार्टी के समर्थन से सरकार चलाना सही नहीं लग रहा है। मुख्यमंत्री बनने की शरद पवार की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा ने उन्हें इस गठबंधन सरकार को तोड़ने के लिए उकसाया। इसके बाद पवार ने कांग्रेस के 40 विधायकों को तोड़कर जनता पार्टी, पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया और सीपीएम की मदद से एक सरकार बनाई। 288 सीटों वाली विधानसभा में शरद के साथ 180 विधायक थे।

इस तरह सिर्फ 38 साल की उम्र में शरद पवार मुख्यमंत्री बन गए। उनके सीएम बनने के बाद बिजनेसमैन जेआरडी टाटा ने कहा था, 'एक दिन यह लड़का प्रधानमंत्री बनेगा।' 1978 तक उनसे पहले इतनी कम उम्र में देश का कोई नेता मुख्यमंत्री नहीं बन पाया था। शरद पवार के इस फैसले ने एक तरह से इंदिरा गांधी को चुनौती दी। 2 साल बाद 1980 में 353 सीट जीतकर इंदिरा गांधी एक बार फिर देश की प्रधानमंत्री बनीं। PM बनते ही इंदिरा ने फरवरी 1980 में आर्टिकल 356 के जरिए महाराष्ट्र समेत 9 राज्यों की सरकार को बर्खास्त कर दिया। ये सभी वो राज्य थे, जहां इंदिरा के विरोधी दलों की सरकार थीं। सरकार बर्खास्त करने के पीछे की वजह इन राज्यों में नरसंहार और कमजोर कानून व्यवस्था को बताया गया। इस तरह पहली बार सीएम बने शरद पवार की सरकार गिर गई। शरद पवार अपनी किताब 'अपनी शर्तों पर' में लिखते हैं- सरकार बर्खास्त होने के बाद तमाम तरह के हो-हंगामे के बीच मैं अपनी पत्नी के साथ वानखेड़े स्टेडियम में क्रिकेट मैच देखने गया था। यह खुद को उस राजनीतिक परिस्थिति से निकालने की कोशिश थी। अपनी किताब 'ऑन माय टर्म्स' में शरद पवार ने बताया है कि '1977 में मोरारजी देसाई देश के पीएम बने थे। अपने कार्यकाल में वो महाराष्ट्र के दौरे पर आए। एयरपोर्ट पर मैं भी उनके साथ था। हम लोग शराबबंदी के मुद्दे पर बात कर रहे थे। उसी समय मेरे सीने में कुछ दर्द हुआ तो मैंने अपना हाथ सीने पर रख लिया। मोरारजी ने कहा कि तुम शिवाम्बू थेरेपी करो। इससे सही हो जाओगे। शिवाम्बू थेरेपी में लोग अपना ही पेशाब पीते है।' 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद शरद पवार श्रद्धांजलि देने दिल्ली पहुंचे थे। महाराष्ट्र लौटने से पहले उनकी मुलाकात राजीव से हुई। राजीव उस वक्त प्रधानमंत्री थे। उन्होंने शरद से कांग्रेस जॉइन करने का आग्रह किया। शरद ने थोड़ा वक्त मांगा और वापस महाराष्ट्र लौट गए। 2 साल बाद 1986 में शरद पवार कांग्रेस में शामिल हुए और 26 जून 1988 से लेकर 25 जून 1991 के बीच दो बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने। 1991 में राजीव की हत्या के बाद प्रधानमंत्री पद के लिए भी उनका नाम उछला, लेकिन सोनिया गांधी के समर्थन वाले पीवी नरसिम्हा राव ने बाजी मार ली।

कांग्रेस नेताओं के कहने पर 1997 में सोनिया गांधी ने कोलकाता अधिवेशन में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ली। सदस्यता लेने के कुछ दिनों बाद ही 14 मार्च 1998 को सोनिया गांधी कांग्रेस अध्यक्ष बन गईं।

15 मई 1999 की बात है। दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यालय 24 अकबर रोड पर सीडब्ल्यूसी की बैठक होती है। बैठक के बीच में ही सफेद गद्दे पर लेटे हुए शरद पवार वहां मौजूद पीए संगमा को देखकर मुस्कुराते हैं। शरद की यह मुस्कुराहट पार्टी में विद्रोह के लिए हरी झंडी थी। कुछ देर बाद संगमा बैठक में सोनिया के विदेशी मूल का मुद्दा उठाते हैं। संगमा की बात सुनकर सोनिया 'हक्का-बक्का' रह गईं।

संगमा अभी बैठे ही थे कि पवार बोलने लगे सोनिया गांधी ने पार्टी में अध्यक्ष के तौर पर अच्छा काम किया है। हालांकि, विदेश में पैदा होने की वजह से विपक्षी पार्टी जब ये मुद्दा उठाएगी तो कांग्रेस इसका मुकाबला नहीं कर पाएगी। तारिक अनवर ने भी संगमा और शरद का समर्थन किया। इस विरोध के बाद सोनिया ने एक कांग्रेस कार्य समिति को भावुक पत्र लिखकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया। सोनिया ने अपने पत्र में लिखा, 'भले ही मेरा जन्म विदेशी धरती पर हुआ, लेकिन मैंने भारत को अपना देश चुना है। मैं आखिरी सांस तक भारतीय ही रहूंगी। भारत मेरी मातृभूमि है, मुझे अपने प्राणों से भी अधिक प्रिय है।'

आखिरकार 20 मई 1999 को शरद पवार, संगमा और अनवर को 6 साल के लिए पार्टी से बाहर कर दिया। तीनों नेताओं ने मिलकर 1999 को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी एनसीपी का गठन किया। 21 मई 1991 को तमिलनाडु का श्रीपेरुमबुदुर में रात करीब 10 बजे थे। एक चुनावी रैली के दौरान आत्मघाती हमले में राजीव गांधी की हत्या कर दी गई। इसके ठीक बाद हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 252 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनी। राजीव गांधी की पत्नी सोनिया राजनीति में आने से इनकार कर चुकी थीं। अब बड़ा सवाल था कि कांग्रेस प्रधानमंत्री किसे चुनेगी। 17 जून 1991 के टाइम्स ऑफ इंडिया में महाराष्ट्र के सीएम और तब कांग्रेसी नेता शरद पवार के हवाले से खबर छपी थी कि महाराष्ट्र के सांसद तय करेंगे कि दिल्ली में देश का नेतृत्व कौन करेगा।

# भाई-बहन के संबंधों का पर्व है भाई दूज

**योगेश कुमार गोयल**

आमतौर पर दीपावली के दो दिन बाद अर्थात कार्तिक शुक्ल द्वितीया को मनाए जाने वाले भाई दूज पर्व को 'यम द्वितीया' व 'भ्रातृ द्वितीया' के नाम से भी जाना जाता है। हालांकि इस वर्ष दीवाली 31 अक्तूबर को मनाई गई है और भाई दूज पर्व 3 नवंबर को मनाया जा रहा है। पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि 2 नवंबर को रात 8 बजकर 21 मिनट पर शुरू होकर 3 नवंबर को रात 10 बजकर 5 मिनट पर रहेगी। इसलिए भाई दूज का पर्व 3 नवंबर को ही मनाया जाएगा। भाई दूज पर तिलक का शुभ मुहूर्त दोपहर 1 बजकर 10 मिनट से दोपहर 3 बजकर 21 मिनट तक है। बहुत से भाई इस दिन सौभाग्य तथा आयुष की प्राप्ति के लिए इस दिन यमुना अथवा अन्य पवित्र नदियों में साथ-साथ स्नान भी करते हैं। भैया दूज मनाने के संबंध में कई किवंदतियां प्रचलित हैं। एक कथा यमराज और उनकी बहन यमुना देवी से संबंधित है।

भगवान सूर्यदेव की पत्नी छाया की कोख से यमराज और यमुना का जन्म हुआ था। यमुना अपने भाई यमराज से बहुत स्नेह करती थी और अक्सर उनसे अनुरोध करती रहती थी कि वे अपने इष्ट मित्रों सहित उसके घर भोजन के लिए पधारें लेकिन यमराज हर बार उसके निमंत्रण को किसी न किसी बहाने से टाल जाते। कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमुना ने यमराज को एक बार फिर भोजन के लिए आमंत्रित किया। उस समय यमराज ने विचार किया कि मैं तो अपने कर्त्तव्य से बंधा सदैव प्राणियों के प्राण ही हरता हूं, इसलिए इस चराचर जगत में कोई भी मुझे अपने घर नहीं बुलाना चाहता लेकिन बहन यमुना तो मुझे बार-बार अपने घर आमंत्रित कर रही है, इसलिए अब तो उसका निमंत्रण स्वीकार करना ही चाहिए।

यमराज को अपने घर आया देख यमुना की खुशी का ठिकाना न रहा। उसने भाई का खूब आदर-सत्कार करते हुए उनके समक्ष नाना प्रकार के व्यंजन परोसे। बहन के आतिथ्य से यमराज बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने उसे कोई वर मांगने को कहा। इस पर यमुना ने उनसे अनुरोध किया कि आप प्रतिवर्ष इसी दिन मेरे घर आकर भोजन करें और मेरी तरह जो भी बहन इस दिन अपने भाई का आदर-सत्कार करे, उसे तुम्हारा भय न रहे। यमराज ने बहन यमुना को उसका इच्छित वरदान दे दिया। ऐसी मान्यता है कि उसी दिन से 'भाई दूज' का पर्व मनाया जाने लगा।

भाई दूज के संबंध में और भी कई कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी ही एक अन्य कथा के अनुसार, एक ब्राह्मण की दो ही संतानें थी-एक पुत्र एवं एक पुत्री। पुत्री बहुत समझदार एवं गुणवती थी। वह अपने भाई से जी जान से प्यार करती थी। एक दिन उसका भाई उससे मिलने उसकी ससुराल पहुंचा। उस समय वह सूत कातने में व्यस्त थी। अतः उसे भाई के आने का पता ही न चल सका। भाई भी बिना कुछ बोले चुपचाप एक ओर बैठा रहा। जब थोड़ी देर बाद बहन की नजर उस पर पड़ी तो भाई को अपने घर आया देख उसे बेहद खुशी हुई। उसने भाई का भरपूर आदर-सत्कार किया। अगले दिन भाई को वापस लौटना था, अतः रास्ते के लिए वह आटे के पकवान बनाने के उद्देश्य से चक्की में आटा पीसने लगी। अनजाने में चक्की में बैठा सांप भी आटे के साथ पिस गया। उसी आटे के पकवान एक पोटली में बांधकर उसने भाई को विदा किया और उसके घर से जाने के बाद जब उसे यह मालूम हुआ कि आटे में सांप पिस गया है तो अपने पुत्र को पालने में ही सोता छोड़कर वह अपने भाई के प्राणों की रक्षा के लिए दौड़ी।

कुछ दूर जाने पर उसे एक पेड़ की छांव में अपना भाई सोता दिखाई दिया। उसने अभी तक पोटली में से कुछ भी नहीं खाया था। उसने भगवान का शुक्रिया अदा किया और पोटली उठाकर दूर फैंक दी तथा भाई के साथ मायके की ओर चल दी। रास्ते में उसने देखा कि भारी-भारी शिलाएं आकाश में उड़ रही हैं। उसने एक राहगीर से इस रहस्य के बारे में जानना चाहा तो उसने बताया कि जो बहन अपने भाई पर कभी नाराज न होती हो और उसे दिलो-जान से चाहती हो, उस भाई की शादी के समय ये शिलाएं उसकी छाती पर रखी जाएंगी। थोड़ी दूर चलने पर उसे नाग-नागिन दिखाई दिए। नाग ने बताया कि ये शिलाएं जिस व्यक्ति की छाती पर रखी जाएंगी, हम उसे डस लेंगे। जब बहन ने इस विपत्ति से बचने का उपाय पूछा तो नाग-नागिन ने बताया कि अगर भाई के विवाह के समय उसके सभी कार्य बहन स्वयं करे, तभी भाई की जान बच सकती है।

जब उसके भाई के विवाह के लग्न का शुभ मुहूर्त आया तो वह भाई को पीछे धकेलती हुई स्वयं ही लग्न चढ़वाने के लिए आगे हो गई और घोड़ी पर भी स्वयं चढ़ गई। परिवारजन और संबंधी उसके इस विचित्र व्यवहार से हैरान तथा क्रोधित थे। उसके घोड़ी पर चढ़ते ही शिलाएं उड़ती-उड़ती आई लेकिन घोड़ी पर किसी पुरूष की जगह एक महिला को बैठी देख वापस मुड़ गई। जब सुहागरात का समय आया तो वह भाई को पीछे कर खुद भाभी के साथ सोने उसके कमरे में चली गई। परिवार के सभी सदस्य तथा सभी रिश्तेदार उसके इस अजीबोगरीब व्यवहार से बेहद आश्चर्यचकित और खफा थे। उन्हें उस पर गुस्सा तो बहुत आ रहा था लेकिन उसके जिद के समक्ष सभी विवश थे। सुहागरात पर नियत समय पर नाग-नागिन उसके भाई को डसने कमरे में पहुंच गए लेकिन उसने नाग-नागिन को मारने की सारी तैयारी पहले ही कर रखी थी। आखिरकार उसने नाग-नागिन का काम तमाम कर ही दिया और उसके बाद वह निश्चिंत होकर सो गई।

सुबह होने पर सभी मेहमानों को विदा करने के बाद परिवार वालों ने सोचा कि अब इस बला को भी कुछ बचा-खुचा देकर यहां से चलता कर दिया जाए लेकिन नींद से जागने पर जब उसने पूरी घटना के बारे में सब को विस्तार से बताया कि किस प्रकार वह अपने बच्चे को पालने में ही सोता छोड़कर दौड़ी-दौड़ी भाई के प्राण बचाने के लिए उसके पीछे चली आई और सभी को नाग-नागिन के मृत शरीर दिखाए तो सभी की आंखों में आंसू आ गए और भाई के प्रति उसका असीम प्यार तथा समर्पण भाव देखकर उसके प्रति सभी का हृदय श्रद्धा से भर गया।

# अमेरिका में सबको है भारतीय वोटरों की जरूरत

बेहतर भविष्य की आस लिए अमेरिका आकर बसे भारतीय समुदाय के लोग पांच नवंबर को होने जा रहे राष्ट्रपति चुनाव में आव्रजन नीति, अर्थव्यवस्था तथा गर्भपात के अधिकार जैसे मुद्दों को अहमियत दे रहे हैं। इस बीच डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने भी भारतवंशियों के लिए इस चुनाव को और दिलचस्प बना दिया है। भारत से जुड़ी अपनी जड़ों का हवाला देकर जहां वह भारतवंशियों का समर्थन जुटाने की पुरजोर कोशिश में लगी हैं।

वहीं दूसरी ओर उनके प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने दीपावली के शुभकामना संदेश में अमेरिका और बांग्लादेश सहित पूरी दुनिया में हिन्दुओं के हितों को सुरक्षित करने की अपनी प्रतिबद्धता जताने और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपनी निकटता प्रदर्शित कर चुनाव के आखिरी समय में ऐसा तुरूप का पत्ता फेंका है। इससे भारतवासी ही नहीं बल्कि अमेरिका में रह रहे भारतवंशी भी काफी खुश दिखाई दे रहे हैं।

**भारतीयों की नहीं कर सकते अनदेखी**

विभिन्न चुनाव पूर्व सर्वेक्षण दोनों ही उम्मीदवारों के बीच कांटे की टक्कर की बात कह रहे हैं। एरिजोना के साथ-साथ विस्कॉन्सिन, मिशिगन, नॉर्थ कैरोलाइना, जॉर्जिया, पेन्सिल्वेनिया और नेवाडा वो राज्य हैं जहां मामला काफी करीबी है। ऐसे में मतदाताओं का थोडा सा इधर-उधर रूझान भी जीती हुई बाजी पलट सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप यहां आप्रवासी भारतीयों को रिझाने के लिए बड़े-बड़े चुनावी वायदे कर रहे हैं। ऊंची सामाजिक-आर्थिक स्थिति ने देश की राजनीति में आप्रवासी भारतीयों के कद को बढ़ाया है। ऐसे में कोई भी राजनीतिक दल इनकी अनदेखी करने की स्थिति में नहीं है।

पुराना ट्रैक रिकार्ड देखें तो भारतीय समुदाय का रूझान हमेशा से ही डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि प्रवासियों को लेकर डेमोक्रेटिक पार्टी का रूख बहुत सकारात्मक ना सही लेकिन बहुत नकारात्मक कभी नहीं रहा है। दूसरी ओर रिपब्लिकन पार्टी एक रूढ़ीवादी पार्टी मानी जाती है और आव्रजन नियमों को लेकर इसकी नीतियां हमेशा से ही बहुत सख्त रही हैं। यह पार्टी व्हाइट सुप्रिमेसी पर विश्वास रखने वाली पार्टी है। इसमें उग्र राष्ट्रवाद का पुट भी दिखाई देता है।

भारत वंशियों का अमेरिका में टिकना पूरी तरह से आव्रजन नियमों पर ही निर्भर करता है। अमेरिका के जनगणना ब्यूरो के





अनुसार देश की कुल 37 करोड़ 33 लाख की आबादी में भारत वंशियों की संख्या 52 लाख यानी कि डेढ़ फीसदी से भी कम है। इनमें से भी केवल 46 से 50 फीसदी ही मतदाता हैं, यानी कि कुल 25 लाख मतदाता हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि इनका एक बड़ा हिस्सा अभी भी एच-वन वीजा, स्टूडेंट वीजा या ग्रीन कार्ड की बदौलत अमेरिका में रह रहा है।

नागरिकता की प्रतीक्षा कर रहे ऐसे लोगों के लिए आव्रजन नीति पर सरकार का रवैया बहुत मायने रखता है। हालांकि आव्रजन नियमों को लेकर भारतवंशी दो खेमे में बंटे दिखाई देते हैं। एच-वन वीजा पर काम कर रहे और आगे ग्रीन कार्ड और नागरिकता पाने के इच्छुक आप्रवासी भारतीय ज्यादातर डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस के समर्थक दिखते हैं जबकि जिन्हें ग्रीन कार्ड और नागरिकता मिल चुकी उनका झुकाव डोनाल्ड ट्रंप की ओर ज्यादा है।

कमला हैरिस का समर्थन कर रहे लोगों का ऐसा मानना है कि उनकी सरकार वीजा नियमों को लेकर उदारवादी रुख अपनाएगी जिसका लाभ उन्हें मिल सकता है। दूसरी ओर ग्रीन कार्ड और नागरिकता हासिल कर चुके लोग ट्रंप को ज्यादा बेहतर समझते हैं। यहां कुछ हद तक उनका निजी स्वार्थ काम करता है। ऐसे लोग भले खुद भारत से आकर यहां बस गए लेकिन नहीं चाहते की दूसरे यहां आकर उनके लिए रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को बढावा दें।

भारतवंशी अमेरिका में सबसे अधिक कमाई करने वाला आप्रवासी समूह है। इनमें से ज्यादातर उच्च शिक्षा प्राप्त हैं और सूचना प्रौद्योगिकी,विज्ञान, वित्तीय प्रबंधन, और चिकित्सा सहित कई अच्छे वेतन वाली नौकरियों में हैं। इनकी औसत सालाना आय लगभग $153,000 है, जो अमेरिकी लोगों की औसत आय के दोगुने से भी अधिक है। इसलिए टैक्स भुगतान में इनकी हिस्सेदारी भी सात प्रतिशत के करीब है। जाहिर सी बात है कि ऐसे में यह ऐसी सरकार चाहते हैं जो टैक्स में राहत दे।

अमेरिका एक पूंजीवादी देश है। इसमें रियायत जैसी बात जल्दी गले नहीं उतरती पर कमला हैरिस अपने भाषणों में टैक्स का बोझ कम करने का वायदा कर रही हैं। लेकिन वह बड़ी कंपनियों, उद्योगपतियों और सालाना चार लाख डॉलर या उससे अधिक कमाने वालों पर टैक्स बढ़ाने की बात भी करती हैं। उनकी यह बात संभ्रांत भारत वंशियों को रास नहीं आ रही। इस मुद्दे पर भारत वंशियो का झुकाव कमला हैरिस की बजाए डोनाल्ड ट्रंप की तरफ ज्यादा दिखाई देता है क्योंकि वह हमेशा से अमीर लोगों पर टैक्स कम करने की बात कहते रहे हैं। उनके शासनकाल में इसका फायदा अमीर लोगों ने उठाया भी है। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि यहां मध्यमवर्ग वाले आप्रवासी भारतीय नहीं हैं। जो इस वर्ग के हैं उन्हें कमला हैरिस से उम्मीद है कि वह मंहगाई कम करेंगी।

इस बार के चुनाव में गर्भपात और प्रजनन का अधिकार भी एक प्रमुख मुद्दा है। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने 24 जून, 2022 को गर्भपात से जुड़ा 50 साल पुराना कानून पलट दिया था। अदालत ने महिलाओं को 1973 में 'रो बनाम वेड' मामले से मिली गर्भपात की संवैधानिक सुरक्षा खत्म कर दी थी। इसे लेकर अमेरिका में महिला संगठन काफी नाराज हैं। यह प्रतिबंध रिपब्लिकन पार्टी शासित राज्यों में कड़ाई से लागू किया गया है। ऐसे में इस मसले पर कमला हैरिस का पलड़ा डोनाल्ड ट्रंप से भारी दिखाई देता है।

वह खुलकर बोल चुकी हैं कि वह गर्भपात पर लगाए गए प्रतिबंध के खिलाफ हैं क्योंकि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के बारे में फैसले लेने का अधिकार मिलना ही चाहिए। उनकी यह बातें अमेरिकी और आप्रवासी महिलाओं को गहरे प्रभावित कर रही हैं। दूसरी ओर ट्रंप इस बारे में स्पष्ट रूप से कुछ भी कहने से बचते दिखाई दे रहे हैं। हैरिस यहां तक कह चुकी हैं कि अगर वह जीत कर आईं और अमेरिकी संसद में महिलाओं को गर्भपात का अधिकार वापस लौटाने के पक्ष में विधेयक आया तो वह बतौर राष्ट्रपति उसपर हस्ताक्षर कर देंगी। अमेरिका की विदेश नीति को लेकर भारत वंशियों का ज्यादा सरोकार भारत के साथ अमेरिका के रिश्तों को लेकर ही है। खालिस्तानी आंतकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम कोशिश का आरोप भारत पर लगाए जाने की अमेरिकी सरकार की नीति भारत वंशियों को कतई रास नहीं आ रही। उधर कनाडा सरकार की ओर से भी खालिस्तानी आंतकवादी निज्जर की हत्या को लेकर भारत पर सरेआम उंगली उठाना और इस मसले पर अमेरिकी सरकार का कनाडा के पक्ष में खड़े होने से आप्रवासी भारतीय खासे नाराज हैं।

हालांकि इस मसले पर सार्वजनिक रूप से कोई भी कुछ कहने से बच रहा है। डेमोक्रेटिक पार्टी सरकार की यह नीति उन्हें पसंद नहीं आ रही और वह ऐसा मान रहे हैं कि विदेश नीति के मामले में रिपब्लिकन बेहतर रहेंगे। इजरायल के मामले में भी आप्रवासी भारतीय डेमोक्रेटिक सरकार की नीतियों के खिलाफ हैं। इनका मानना है कि इजरायल को अमेरिका की ओर से दी जाने वाली सैन्य सहायता तत्काल बंद की जानी चाहिए। वह इस मसमले पर रिपब्लिकन पार्टी की नीति को बेहतर समझ रहे हैं क्योंकि ट्रंप बार-बार यह दोहरा रहे हैं कि अगर वह राष्ट्रपति होते तो अमेरिका को बेवजह के संघर्षों में नहीं उलझाते और रूस-यूक्रेन युद्ध को भी बंद कराने के प्रयास करते।

रही बात भारत की अंदरूनी राजनीति की तो भारत वंशियों की उसपर भी नजर रहती है लेकिन यह मामला केवल भावनात्मक लगाव तक का है। हकीकत यह है कि यहां बसे भारतीयों में से केवल दो या तीन फीसदी ही ऐसे हैं जो वापस वतन लौटने की बात करते हैं बाकी कोई भी स्वदेश लौटना नहीं चाहता। कुल मिलाकर देखें तो इस बार के राष्ट्रपति चुनाव में चार प्रमुख मुद्दों में से आव्रजन और गर्भपात से जुड़ी नीतियों के मामले में आप्रवासी भारतीयों का झुकाव डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर दिखाई देता है।



# इसलिए हमेशा झुकी रहती है न्याय के देवता की नजर

हिंदू धर्म में भगवान शनि की पूजा बेहद फलदायी मानी जाती है। शनिदेव को न्याय का देवता भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि उनकी पूजा शनिवार के दिन उत्तम मानी जाती है। कहा जाता है कि शनि देव कर्म के आधार पर फल प्रदान करते हैं। इसलिए हर किसी को बुरे कर्मों को करने से बचना चाहिए। आपने अक्सर सुना होगा अगर किसी के ऊपर छाया पुत्र की नजर पड़ जाए, शनि देव की शादी महाराज चित्ररथ की कन्या से हुआ था। उनकी पुत्री परम तेजस्वनी थी। वह सदैव पूजा-पाठ और भक्ति में लीन रहती थीं। एक बार वह शनि भगवान के पास संतान प्राप्ति की इच्छा लेकर पहुंची, लेकिन उस दौरान छाया नंदन भगवान श्रीकृष्ण की पूजा में पूरी तरह से लीन थे। उन्होंने काफी बार रवि पुत्र को तपस्या से उठाने का प्रयास किया, लेकिन उनका ध्यान भंग करने में असमर्थ रहीं।

**श्राप नहीं हुआ निष्फल**

अपने बार-बार किए गए प्रयास में असफल देवी ने क्रोध में आकर शनि देव को यह श्राप देते हुए कहा कि 'आज के बाद जिस व्यक्ति पर आपकी नजर पड़ेगी वो व्यक्ति तबाह हो जाएगा। साथ ही उसे लाखों मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि शनि देव ने इसके लिए क्षमा मांगी, फिर भी वह श्राप निष्फल नहीं हुआ। इसके पश्चात भगवान शनि अपना सिर नीचे करके चलने लगे, ताकि उनकी दृष्टि किसी भी भक्त पर न पड़े और उसका जीवन सही दिशा पर चलता रहे।

# खिलजी ने कृष्ण के वंशजों को हराया



## नौकर ने खड़ा किया महाराष्ट्र का बहमनी साम्राज्य

26 फरवरी 1296। महाराष्ट्र के यादव राजा रामचंद्र किसी खतरे से अनजान अपने महल में बैठे थे। उनका बेटा सिंहन एक बड़ी सेना लेकर राजधानी देवगिरी (आज का दौलताबाद) से बाहर गया था। इसी बीच अलाउद्दीन खिलजी 8 हजार सैनिकों के साथ देवगिरी आ धमका। कई इतिहासकार मानते हैं कि इस अभियान में खिलजी खुद नहीं, उसका गुलाम जनरल मलिक काफूर था।

यादवों ने लंबे समय से कोई बड़ी लड़ाई नहीं लड़ी थी और अलाउद्दीन की सेना तेजी से हमला करने के लिए कुख्यात थी। उसे किला तोड़ने में ज्यादा वक्त नहीं लगा। खिलजी की सेना ने देवगिरी को खूब लूटा। उसके देवगिरी छोड़ने से पहले सिंहन सेना समेत लौट आया। खिलजी की फौज हारने वाली थी, तभी उसने अफवाह उड़ाई कि दिल्ली से बीस हजार घुड़सवारों की एक और सेना आ रही है। खबर झूठी थी, लेकिन इसने सिंहन की सेना के पैर उखाड़ दिए। सैनिक जंग का मैदान छोड़कर भाग खड़े हुए। पहली बार था जब किसी मुस्लिम हमलावर ने दक्कन पर जीत हासिल की थी। महाराष्ट्र में बाहरी हमलावरों की शुरू की गई मारकाट अगले 350 सालों तक जारी रही।

महाराष्ट्र पर सबसे पहला शासन सातवाहन वंश का माना जाता है। हालांकि, छठी शताब्दी ईसा पूर्व में शिशुनाग वंश ने करीब 150 साल शासन किया। शिशुनाग के बाद नंद वंश और फिर चंद्रगुप्त मौर्य ने इसे अपने साम्राज्य में मिलाया। चंद्रगुप्त मौर्य के गुरु कहे जाने वाले कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में अश्मक नाम की जगह के बारे में लिखा है, जो आज के महाराष्ट्र का नांदेड़ जिला है।

हालांकि कुछ पौराणिक कहानियों में शिशुनाग वंश से पहले भी महाराष्ट्र के इलाके और प्राचीन हिंदू धर्म का विवरण मिलता है-

उत्तर में आर्यों की जमीन और दक्षिण के द्रविड़ों के बीच का इलाका महाराष्ट्र है। महाराष्ट्र संस्कृत से बनी प्राकृत भाषा बोलने वाले लोगों की जमीन थी। ये लोग दक्कन के पठार के पश्चिम और विंध्य के पहाड़ों के बीच रहते थे। गोदावरी और कृष्णा नदी के किनारे पर होने के चलते ये जमीन उपजाऊ थी और यहां कपास की खेती की जाती थी।

आज का कोंकण, उत्तर में लता यानी गुजरात तक और दक्षिण में गोपाकपट्टनम यानी गोवा तक महाराष्ट्र के तटीय इलाके थे। एक बड़ी पर्वत-श्रृंखला सह्याद्रि तटीय इलाके को मैदान से अलग करती थी। बंदरगाहों तक पहुंचने के लिए व्यापारियों को इसे पार करना पड़ता था। माना जाता है कि भारत में घोड़े नहीं होते थे। गुजरात और मालवा के रास्ते घोड़ों को मध्य एशिया और फारस (ईरान) से महाराष्ट्र लाया गया था।

कहा जाता है कि गोदावरी नदी के किनारे ऋषि गौतम और उनकी पत्नी अहिल्या रहती थीं। वहीं, कृष्णा नदी की कहानी भगवान कृष्ण से जुड़ी है, जो आज पंढरपुर में भगवान विट्ठल के रूप में विराजमान हैं। उन्हें विष्णु के कृष्ण अवतार का एक रूप माना जाता है।

रावण ने भगवान राम की पत्नी सीता का अपहरण पंचवटी से किया था। यह पंचवटी आज के महाराष्ट्र के नासिक जिले में है। महाराष्ट्र के सबसे प्रसिद्ध देवता खांडोबा हैं। माना जाता है कि पुणे के जेजुरी के पहाड़ों पर आज भी खांडोबा रहते हैं। हर साल हजारों लोग खांडोबा के मंदिर पहुंचते हैं।

परशुराम एक पुजारी थे, दक्कन के पठारी ब्राह्मणों ने जब उनका बहिष्कार कर दिया तो उन्होंने चिता की आग से ब्राह्मणों का शुद्धिकरण कर अपने शिष्य बनाए, जिन्हें चितपावन ब्राह्मण कहा गया। आगे चलकर यही ब्राह्मण मराठों के पेशवा बने और पुणे से भारत के बड़े इलाके पर शासन किया।

एक कहानी मराठा शासन से भी जुड़ी है। कहा जाता है कि तुलजापुर की देवी भवानी एक लड़के के सामने प्रकट हुईं और उसे तलवार दी। यह लड़का बड़ा होकर छत्रपति शिवाजी महाराज बना, जिन्होंने मुगलों के शासन के अंतिम और ब्रिटिश शासन के पहले के दौर में महाराष्ट्र और बाकी भारत के बड़े इलाके पर शासन किया।

महाराष्ट्र का पहला ऐतिहासिक साक्ष्य तटीय रत्नागिरी इलाके में मिलता है। यहां करीब 12,000 साल पहले के विशालकाय जानवरों के चित्र पत्थरों पर उकेरे गए। अहमदनगर जिले के दैमाबाद में बैलगाड़ी और बर्तनों की आकृतियां यहां 3,000 साल पहले की बस्तियों का संकेत देती हैं।

सातवाहन महाराष्ट्र का पहला राजवंश माना जाता है, जिसकी राजधानी 'प्रतिष्ठान' या 'पैठान' नाम की जगह पर थी, जो आज का मराठवाड़ा है। यहां की मशहूर मराठी हैंडलूम की साड़ी का नाम भी पैठानी है। सातवाहन सम्राट सिमुक ने मगध के आखिरी शासक को मारकर सातवाहन वंश की नींव रखी थी। कुल 32 सातवाहन शासकों ने करीब 450 साल शासन किया। इस दौरान महाराष्ट्र के इलाके को भी अपनी भौगोलिक और सामाजिक पहचान मिली। **(जारी)**

# भाई दूज पर पूजा के लिए मिलेगा कितना समय?

हिंदू धर्म में भाई दूज पर्व का विशेष महत्व है। यह पर्व विशेष रूप से दीपावली पर्व के दो दिन बाद मनाया जाता है। इस दिन बहन अपने भाई के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र की प्रार्थना करती हैं। भाई दूज पर्व से जुड़ी कई कथाएं व मान्यताएं प्रचलित हैं और एक मान्यता है कि इस दिन पूजा-पाठ व दान-पुण्य करने से व्यक्ति के सभी कष्ट और दुख दूर हो जाते हैं। वैदिक पंचांग के अनुसार, इस वर्ष 3 नवंबर के दिन भैया दूज पर्व मनाया जा रहा है और इस दिन पूजा के लिए कुछ ही घंटे मिलेंगे। आइए जानते हैं, किस समय किया जाएगा भाई दूज पूजा?



**भाई दूज 2024 पूजा समय**

**वैदिक पंचांग के अनुसार, कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि का समापन 3 नवंबर रात्रि 10:01 पर होगा। वहीं पूजा के लिए शुभ मुहूर्त दोपहर 1:05 से दोपहर 3:20 के बीच रहेगा। पूजा के लिए कुल अवधि लगभग 2 घंटे 10 मिनट की होगी। इस दौरान पूजा-पाठ का विशेष महत्व रहेगा।**

**भाई दूज पर्व से जुड़ी कथा**

पौराणिक कथा के अनुसार, कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के दिन यमुना जी ने अपने भाई यमराज को अपने घर पर बहुत ही सत्कार भाव से भोजन कराया था। उसी दिन यमराज जी ने जीवन को नरक की यातना से मुक्त कर, उन्हें स्वर्ग प्रदान किया था। वह सभी पाप मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त हुए थे। यही कारण है कि भाई दूज के दिन बहन अपने भाई को घर पर आमंत्रित करती हैं और उन्हें भोजन कराती हैं। इस दिन को यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस दिन पूजा-पाठ और दान-पुण्य करने से व्यक्ति को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और आरोग्यता का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

# कौन थीं हस्तिनापुर की वो रानी जिनका मछली के पेट से हुआ था जन्म?

भीष्म पितामह के पिता का नाम शांतनु था, जो हस्तिनापुर के राजा थे। शांतनु का पहला विवाह देवनदी गंगा से हुआ और दूसरा विवाह सत्यवती से। सत्यवती का एक नाम मत्स्यगंधा भी था, क्योंकि उनके शरीर से मछली की गंध आती थी। अधिकांश लोग यही समझते हैं कि सत्यवती केवट यानी नाव चलाने वाले की पुत्री थी, लेकिन ये सच नहीं है। आगे जानिए किसकी बेटी थी सत्यवती और कैसे हुआ था उनका जन्म...



कौन थी सत्यवती, कैसे हुआ उनका जन्म?

महाभारत के अनुसार, 'किसी समय उपरिचर नाम के एक राजा थे। उनकी पत्नी का नाम गिरिका था। एक बार रानी उनके पास समागम की इच्छा से आई लेकिन राजा उपरिचर शिकार करने जंगल में चले गए। वहां राजा को रानी की सुंदरता का विचार आया जिससे उनका वीर्य स्खलित हो गया। राजा ने वीर्य को पत्ते पर लेकर अभिमंत्रित कर दिया और एक पक्षी (बाज) से पत्नी गिरिका तक उसे पहुंचाने को कहा।

रास्ते में दूसरे पक्षी ने उस बाज पर हमला कर दिया। इस लड़ाई में राजा उपरिचर का वीर्य नदी में गिर गया, जिसे एक मछली ने निगल लिया। कुछ दिनों बाद उस मछली को मछुवारों ने पकड़ लिया और उसका पेट काटने पर उन्हें एक लड़की और एक लड़का मिला। जब ये बात राजा उपरिचर को बता तो उन्होंने लड़के को अपना लिया।



मछली के पेट से निकलने के कारण नवजात लड़की के शरीर से मछली की गंध आती थी, इसलिए राजा ने उसे केवट को सौंप दिया और कहा- 'तुम इसे अपनी पुत्री समझकर पालना और इसका विवाह क्षत्रिय कुल में करना।' यही लड़की आगे जाकर सत्यवती के नाम में प्रसिद्ध हुई।

राजा शांतनु को कैसे हुआ सत्यवती से प्रेम?

देवनदी गंगा के जाने के बाद हस्तिनापुर के राजा शांतनु एकदम अकेले हो गए। तब एक दिन जब वे अपने रथ से कही जा रहे थे, तभी उन्हें नदी किनारे सत्यवती दिखाई दी। राजा शांतनु सत्यवती से प्रेम करने लगे। राजा शांतनु ने सत्यवती के पिता केवट से विवाह की इच्छा भी जताई। लेकिन केवट ने कहा 'यदि सत्यवती की संतान ही हस्तिनापुर का राजगद्दी पर बैठे तो ही इसका विवाह आपके साथ हो सकता है।' राजा शांतनु ने ऐसा करने से इंकार कर दिया क्योंकि वे गंगापुत्र देवव्रत को अपना युवराज बना चुके थे।

**जब देवव्रत ने ली भीषण प्रतिज्ञा**

जब देवव्रत को ये पता चला कि उनके पिता शांतनु एक स्त्री से प्रेम करते हैं और विवाह करना चाहते हैं तो वे खुद केवट के पास गए और पूरी बात जानने के बाद उन्होंने ये प्रतिज्ञा ली कि सत्यवती की संतान ही हस्तिनापुर पर राज करेगी। साथ ही ये भी कहा कि वे जीवन भर ब्रह्मचारी रहकर हस्तिनापुर की रक्षा करेंगे। इसके बाद सत्यवती का विवाह राजा शांतनु से हुआ, जिससे उन्हें चित्रांगद और विचित्रवीर्य नाम के 2 पुत्र हुए। पांडु और धृतराष्ट्र विचित्रवीर्य के ही पुत्र थे।

# एक अंग्रेजन ने बनवाया था प्रसिद्ध कुरिंजी अंदावर मंदिर, बादल छूते हैं भगवान के पैर

एक अंग्रेज महिला लिलियन धर्म के मायने तलाशने भारत आई। उसने दक्षिण भारत में 90 साल पहले ऐसा मंदिर बनवाया, जो अब देश के प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। उन्होंने केवल हिंदू धर्म ही स्वीकार नहीं किया, बल्कि कई हिंदू धर्म ग्रंथों का अंग्रेजी में अनुवाद भी किया।

इस मंदिर का नाम है कुरिंजी अंदावर मंदिर। यह भगवान मुरुगन यानी कार्तिकेय का सबसे प्रसिद्ध मंदिर है। कोडाइकनाल (तमिलनाडु) आने वाले सैलानियों की यात्रा बगैर इस मंदिर में आए पूरी नहीं मानी जाती। वहां जब 12 साल में एक बार कुरिंजी नामक फूल खिलता है तो पूरी घाटी और आसपास का इलाका नीले रंग में चहकने लगता है। कोडाइकनाल में कुरिंजी मंदिर के आसपास हरी-भरी वादियां हैं और शांति का अहसास होता है।

**लिलियन से लीलावती बनी**

लिलियन को लोग दक्षिण भारत और श्रीलंका में लेडी रामनाथन के नाम से जानते हैं। उनका जन्म ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया में रोजा लिलियन हैरिसन के रूप में हुआ था। उनके माता-पिता, फ्रैडरिक ड्रेक हैरिसन और मैरी लॉयड पूल, दोनों अंग्रेज थे जो बचपन में इंगलैंड से ऑस्ट्रेलिया चले गए थे। उनके पिता सोने की खदान में काम करते थे।

**आध्यात्मिक गुरु ही पति बन गए**

जवान होने पर वह थियोसोफिकल आंदोलन से आकर्षित हुईं। आध्यात्मिक ज्ञान की खोज में श्रीलंका (तब सीलोन) पहुंचीं। ओन्नम्बलम रामनाथन उनके गुरु बने। वह सीलोन में सॉलिसिटर जनरल भी थे। कई सालों से विधुर थे। श्रीलंका आने के बाद वह धीरे-धीरे हिन्दू धर्मग्रंथों की ओर आकर्षित होने लगीं। उन्होंने हिन्दू धर्म और संस्कृति को अपनाने का फैसला किया। उनका समय आमतौर पर रामनाथन के साथ ही गुजरता था। दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो गया और उन्होंने शादी करने का फैसला किया। उनसे 22 साल बड़े रामनाथन जाफना प्रायद्वीप में जन्मे सिविल सेवकों के एक धनी परिवार से थे। शादी के बाद वह ईसाई से हिन्दू बन गईं और लीलावती नाम अपना लिया। हिन्दू धर्म से जुड़ाव के बाद उनका काफी समय कोडाइकनाल में गुजरने लगा। यहां उनके तीन घर थे।

1930 में उनके पति सर रामनाथन की मृत्यु हुई तो उन्होंने सफेद वस्त्र पहनने शुरू कर दिए और पति की याद में कुरिंजी अंदावर मंदिर बनवाया। वह हर दोपहर उसमें पूजा-अर्चना करती थीं।

31 जनवरी, 1953 को लीलावती रामनाथन का निधन हो गया। तब वह 83 वर्ष की थीं। 1942 में सीलोन विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें डॉक्टर ऑफ लॉ की मानद उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने कई किताबें लिखीं, जिनमें रामायण का एक अंग्रेजी संस्करण भी शामिल है।



**दो कॉलेज और दो मंदिर बनवाए**

श्रीमती रामनाथन ने दो कॉलेज के साथ दो हिन्दू मंदिर बनवाए थे। एक कोलंबो में और दूसरा कोडाइकनाल में। कोडाइकनाल में उन्होंने कुरिंजी अंदावर मंदिर बनवाने का फैसला इसलिए किया क्योंकि उनके गुरु यहीं रहते थे। उन्होंने कोडाइकनाल में जहां मंदिर बनवाया, वह जगह उन्हें बहुत खूबसूरत और पवित्र लगी थी।

**वादियों के बीच खूबसूरत मंदिर**

कुरिंजी मंदिर के रास्ते में खूबसूरत चेट्टियार पार्क अगर आकर्षित करता है, तो मंदिर के करीब हरी-भरी घाटियां और सीढ़ीदार खेत मंत्रमुग्ध करते हैं। यहां बादल रोज नीचे उतरते हैं और दिनभर ऊपर-नीचे होने का खेल खेलते रहते हैं।

मंदिर के परकोटे में खड़े होने पर अक्सर ये बादल उसके इर्द-गिर्द या नीचे नजर आते हैं। ऐसा लगता है कि ये रोज भगवान अंदावर को चरण स्पर्श कर रहे हों। तकरीबन रोज ही यहां हल्की-फुल्की बारिश भी हो जाती है। यहां मौसम बहुत तेजी से बदलता है। कभी आसमान में सुनहरा सूरज और चमकती धूप तो कुछ समय बाद बादलों की भरपूर चादर, बूंदाबांदी या आसमान से गिरती हुई ओस।

**अंदावर यानी भगवान मुरुगन**

अंदावर यानी भगवान मुरुगन तमिलनाडु के पहाड़ों के मुख्य देवता हैं। इस मंदिर में उनकी एक दुर्लभ मूर्ति स्थापित है। मंदिर में जटिल नक्काशी और सुंदर चित्र लुभावने हैं, जो अवाक कर देंगे।

# दो देशों से रची गई साइबर अपराध की साजिश; डिजिटल अरेस्ट

## नकली सीबीआई, कस्टम और शेल कंपनी, यूं कमाए 159 करोड़

नई दिल्ली, 2 नवंबर (एजेंसियां)।देश में साइबर अपराध या धोखेबाजी का खेल कितने तरीके से खेला जा रहा है? प्रवर्तन निदेशालय की जांच में इसकी बानगी देखने को मिली है। नकली सीबीआई और फर्जी कस्टम अधिकारी बन जाते हैं, बैंक भी नकली और साइबर अपराध व डिजिटल अरेस्ट के जरिए जो कमाई की, उसे शेल कंपनियां बनाकर निवेश करने का प्रयास किया गया। साइबर धोखेबाजों ने फर्जी आईपीओ आवंटन और धोखाधड़ी वाले ऐप्स के माध्यम से शेयर बाजार में निवेश से जुड़ी योजनाओं का लालच देकर व उच्च रिटर्न का वादा कर निर्दोष व्यक्तियों को अपने जाल में फंसाया। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से साइबर धोखेबाजी का खेल खेला गया। हांगकांग और थाईलैंड में रहने वाले साइबर अपराधियों ने लोगों को निशाना बनाने के लिए भारत में एक गैंग तैयार किया। साइबर धोखेबाजों ने 159.70 करोड़ रुपये की अवैध कमाई की।




प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले माह विशेष न्यायालय (पीएमएलए), बंगलूरू के समक्ष आठ आरोपी व्यक्तियों (सभी ईडी द्वारा गिरफ्तार) चरण राज सी, किरण एस के, शाही कुमार एम, सचिन एम, तमिलारासन, प्रकाश आर, अजित आर और अरविंदन के खिलाफ अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की है। इसमें 24 कंपनियां और उनकी 159 करोड़ रुपये की साइबर अपराध से जुड़ी आय भी शामिल है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। विशेष न्यायालय, बंगलूरू ने 29 अक्तूबर को पीसी का संज्ञान लिया है। ईडी ने पूरे भारत में कई कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) द्वारा दर्ज विभिन्न एफआईआर के आधार पर उक्त मामले की जांच शुरू की थी। इन प्राथमिकियों में आरोप लगाया गया है कि कुछ अज्ञात साइबर धोखेबाजों ने फर्जी आईपीओ आवंटन और धोखाधड़ी वाले ऐप्स के माध्यम से शेयर बाजार में निवेश से जुड़ी योजनाओं का लालच देकर, उच्च रिटर्न का वादा करके निर्दोष व्यक्तियों को अपने जाल में फंसाया है। इसके अलावा, कुछ पीड़ितों को सीमा शुल्क और सीबीआई द्वारा फर्जी गिरफ्तारी की आड़ में बरगलाया गया है। ईडी के मुताबिक, डिजिटल अरेस्ट एवं साइबर अपराध से जुड़ी दूसरी तकनीकों के जरिए लोगों फर्जी 'फंड नियमितीकरण प्रक्रिया' के तहत विभिन्न शेल कंपनियों में भारी धनराशि हस्तांतरित की गई। आरोपियों ने फर्जी शेयर बाजार, निवेश और डिजिटल गिरफ्तारी, आदि का इस्तेमाल किया है। ये मुख्य रूप से फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। इनके तरीके को 'सूअर-कसाई' घोटाले के रूप में भी जाना जाता है।

नकली शेयर बाजार और निवेश घोटाले से ये आरोपी, पीड़ितों को उच्च रिटर्न का वादा करते थे। नकली वेबसाइटों और भ्रामक व्हाट्सएप समूहों का उपयोग किया गया। कुछ समूह ऐसे भी बनाए गए, जो प्रतिष्ठित वित्तीय फर्मों से जुड़े हुए प्रतीत होते थे। इससे लोगों को इन घोटालेबाजों पर भरोसा हुआ। आरोपियों ने नकली विज्ञापनों और मनगढ़ंत सफलता की कहानियों के माध्यम से लोगों के बीच अपनी विश्वसनीयता स्थापित की। इसके बाद साइबर धोखेबाजों ने पीड़ितों को एक बड़ी मात्रा में निवेश करने के लिए प्रेरित किया। धोखेबाजों ने डिजिटल गिरफ्तारी का सहारा भी लिया। गैंग के ही कुछ सदस्य, खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारियों के रूप में प्रस्तुत करते थे।

वे पीड़ितों को अपनी बचत स्थानांतरित करने के लिए ऐसे परिदृश्य बनाकर डराते थे, जिससे सामने वाला व्यक्ति डर कर अपनी कमाई में उन्हें हिस्सा देने के लिए राजी हो जाता था। ईडी की जांच से पता चला कि आरोपियों ने पीड़ितों को धोखा देने और अवैध आय को सफेद करने के लिए भी एक जटिल योजना तैयार की थी। जालसाजों ने सैकड़ों सिम कार्ड जुटाए थे। इनका इस्तेमाल शेल कंपनियों के बैंक खातों का संचालन और व्हाट्सएप खाते बनाने के लिए किया गया। इन सिम कार्ड के द्वारा आरोपियों को अपनी असल पहचान छिपाने का मौका मिल जाता है। साथ ही आरोपियों के लिए पीड़ितों को धोखा देने के चांस पुख्ता हो जाते हैं। ईडी की जांच से पता चला कि घोटालेबाजों ने साइबर अपराधों से प्राप्त आय के अधिग्रहण और शोधन की सुविधा के लिए तमिलनाडु, कर्नाटक आदि जैसे विभिन्न राज्यों में 24 फर्जी कंपनियां बनाई हैं।

ये शेल कंपनियां, जो मुख्य रूप से सह-कार्य स्थानों (जहां कोई वास्तविक व्यावसायिक उपस्थिति मौजूद नहीं है) के पते पर पंजीकृत हैं। इन कंपनियों के व्यवसाय की शुरुआत के प्रमाण के रूप में कंपनी रजिस्ट्रार के समक्ष फाइलिंग में नकली बैंक विवरण का उपयोग किया गया है। इन फर्जी कंपनियों के अलावा, घोटालेबाजों ने साइबर अपराधों से उत्पन्न अपराध की आय (पीओसी) को स्थानांतरित करने और छिपाने के लिए भी कई तरीकों का इस्तेमाल किया है। इस आय को क्रिप्टोकरेंसी में भी बदला गया। इसके बाद उसे विदेश में स्थानांतरित कर दिया गया।

# 'जनता पढ़े-लिखे एमएलए को चुनेगी, दलबदलुओं को नहीं'

## चुनाव से पहले उद्धव गुट के नेता ने कही बड़ी बात



मुंबई, 2 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में इस महीने विधानसभा चुनाव होने वाला है। यह शिवसेना (यूबीटी) सचिव वरुण सरदेसाई का पहला विधानसभा चुनाव है। इस चुनाव को लेकर उन्हें भरोसा है कि वह बड़े अंतर से जीत हासिल करेंगे। उन्हें लगता है कि लोग पार्टी के समर्थकों को चुनने के बजाय एक शिक्षित उम्मीदवार को चुनेंगे। एक साक्षात्कार में शिवसेना(यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे के मौसेरे भाई वरुण सरदेसाई ने बताया कि वह लोगों के सामने विकास का अपना नजरिया पेश करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह फिलहाल अपने प्रतिद्वंद्वियों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**दल बदलू विधायकों पर की टिप्पणी**

अमेरिका के कोलंबिया यूनिवर्सिटी से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले वरुण सरदेसाई ने दलबदलू विधायकों को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जिन विधायकों ने पाला बदला और अपनी पार्टियों को धोखा दिया, मतदाता उन्हें 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव में सबक सिखाएंगे। बता दें कि शिवसेना (यूबीटी) ने वरुण सरदेसाई को पूर्वी बांद्रा विधानसभा क्षेत्र से उतारा है। इस क्षेत्र में उनका सामना राकांपा उम्मीदवार और क्षेत्र के मौजूदा विधायक जीशान सिद्दीकी से होने वाला है। सरदेसाई ने कहा, लोकसभा चुनाव राष्ट्रीय चुनाव थे, जहां लोगों ने मोदी सरकार के खिलाफ अपना गुस्सा निकाला। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी को 48 में से 31 सीटें मिलीं।

# एअर इंडिया विमान में कारतूस मिला

## 27 अक्टूबर को दुबई से दिल्ली आई थी फ्लाइट; सीट के पॉकेट में रखा था कारतूस

नागपुर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। दुबई से दिल्ली आने वाली एअर इंडिया फ्लाइट में कारतूस मिला है। घटना 27 अक्टूबर की है। इसकी जानकारी शनिवार (2 नवंबर) को सामने आई। एयरलाइंस के प्रवक्ता ने बताया, फ्लाइट AI916 जैसे ही दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड हुई। उसकी एक सीट की पॉकेट में कारतूस मिला। जिसके बाद सभी पैंसजर्स को सुरक्षित उतार लिया गया। कारतूस मिलने की बात ऐसे समय सामने आई, जब फ्लाइट्स में बम की फर्जी धमकी का सिलसिला जारी है। 14 से 29 अक्टूबर के बीच 16 दिनों के अंदर 500 से ज्यादा फ्लाइट्स को बम की धमकी मिली थी। जांच में ये सभी फर्जी निकले।



**बम की धमकी देने वाले 3 आरोपी अरेस्ट**

इस बीच विमानों में बम की धमकी देने वाले एक आरोपी जगदीश उइके को महाराष्ट्र के गोंदिया से गिरफ्तार कर लिया गया है। नागपुर पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि उसे जांच के लिए पेश होने का नोटिस भेजा गया था, जिसके बाद 31 अक्टूबर को उसने सरेंडर कर दिया। पुलिस ने 29 अक्टूबर को विमानों में बम की धमकी देने के मामले में उसकी पहचान की थी। आरोपी ने आतंकवाद पर भी किताब लिखी है। नागपुर पुलिस टीम ने फर्जी ईमेलों की खोजबीन करके आरोपी को ट्रेस किया था। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की स्पेशल टीमें बनाई गई थी। यह 2021 में एक केस में अरेस्ट भी हो चुका है।

दिल्ली पुलिस ने 26 अक्टूबर को 25 साल के शुभम उपाध्याय को भी पकड़ा था। उसने 25 अक्टूबर को IGI एयरपोर्ट पर फ्लाइट में बम की झूठी धमकी वाली दो पोस्ट की थीं। उसने फेमस होने के लिए ऐसा किया था। इससे पहले मुंबई पुलिस ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से 17 साल के नाबालिग को हिरासत में लिया था। उसने पैसों के लेनदेन के विवाद में दोस्त को फंसाने के लिए उसके नाम से X अकाउंट बनाकर 14 अक्टूबर को 4 फ्लाइट में बम होने की झूठी पोस्ट की थी।

**फर्जी बम धमकी कॉल से 1400 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ**

डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में बम की धमकी से एयरलाइंस कंपनियों को 1200 से 1400 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। एयरलाइन सोर्स के मुताबिक इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान यात्रियों के रुकने, फ्लाइट की ग्राउंडिंग और क्रू पर 25 लाख से 4 करोड़ रुपए तक का खर्च होता है। जिस एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग होती है, उसे चार्ज देना होता है। 200 से अधिक यात्रियों और क्रू को होटल में रोका जाता है, उनके खाने की व्यवस्था की जाती है। इसके बाद नए क्रू की व्यवस्था की जाती है। इससे एयरलाइंस का खर्चा बढ़ जाता है।

**केंद्र की सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को एडवाइजरी जारी**

केंद्र सरकार ने इन धमकियों पर सख्त रवैया अपनाया है। आईटी मिनिस्ट्री ने 26 अक्टूबर को एडवाइजरी जारी कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से कहा था कि अगर वे ऐसी झूठी सूचनाओं को फौरन नहीं हटाते हैं तो उन्हें आईटी एक्ट के तहत मिलने वाली इम्युनिटी रद्द कर दी जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी सूचनाओं को तुरंत हटाकर इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी देनी होगी।

# सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी के खिलाफ फतवा जारी, शिव मंदिर में की थी पूजा

कानपुर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। कानपुर की सीसामऊ विधानसभा सीट से सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी के खिलाफ फतवा जारी किया गया है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने फतवा जारी किया है। मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने फतवा जारी करते हुए कहा कि नसीम सोलंकी शरीयत के मुजरिम हैं। उन्हें तौबा करना चाहिए और दोबारा कलमा पढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा, इस्लाम में मूर्ति पूजा वर्जित है। अगर कोई अपनी इच्छा से ऐसी पूजा करता है तो उस पर सख्त नियम लागू होते हैं। अगर महिला ने अनजाने में ऐसा किया है, तो वह शरिया की नजर में दोषी है और उसे पश्चाताप करना चाहिए। दरअसल, नसीम सोलंकी ने दीपावली के दिन शिव मंदिर में पूजा अर्चना की थी। इसके बाद उन्होंने दीप भी जलाए थे। शिव मंदिर में जलाभिषेक और दीप दान का वीडियो वायरल होने के बाद उन पर सवाल उठाए गए। बता दें कि सीसामऊ विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है, इस सीट से समाजवादी पार्टी ने नसीम सोलंकी को प्रत्याशी बनाया है। उनके पति इरफान सोलंकी ने साल 2022 के विधानसभा चुनाव में ने जीत दर्ज की थी। इरफान सोलंकी को एक मामले में सात साल की सजा सुनाई गई है, जिसके बाद उनकी विधायकी को अयोग्य घोषित कर दिया गया था। फिलहाल नसीम सोलंकी ने मंदिर पर जाने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन मौलवी और भाजपा लगातार उन पर सवाल खड़े कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। मिल्कीपुर की सीट पर पिटीशन होने की वजह से यहां के लिए चुनाव की तारीखें तय नहीं हुई हैं। उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होंगे, जबकि 23 नवंबर को नतीजे आएंगे।

# एलजी वीके सक्सेना ने सीएम आतिशी को लिखी चिट्ठी

## बोले-अभी तक नहीं आई मार्शल नियुक्ति की फाइल



नई दिल्ली, 2 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि एक नवंबर तक प्रदूषण से निपटने के लिए मार्शल को नियुक्त करने के लिए कहा था। इससे संबंधित फाइल अभी तक नहीं पहुंची। राजभवन से जारी चिट्ठी में उपराज्यपाल ने कहा कि पिछली 24 नवंबर को को मैंने आने वाली दिवाली और अन्य त्योहारों के मद्देनजर आपको पत्र लिख कर सीडीवीएस और बस मार्शलों की एक नवम्बर से बहाली सुनिश्चित करने को कहा था। साथ ही उनके नियमित करने का प्रस्ताव तैयार कर भेजने का सुझाव भी दिया था। आगे कहा कि इस बावत आपकी पार्टी और नेताओं द्वारा काफी अवांछित राजनीति की गई और नेता विपक्ष सहित आप भी मुझसे मिली थीं। अफसोस की बात है कि अब तक इस सम्बन्ध में सरकार से मुझे कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।

आगे लिखा कि आप इस मामले को त्वरित रूप से संबोधित करें और विधिपूर्वक सम्बंधित अधिकारियों को इनकी बहाली का प्रस्ताव प्रस्तुत करने का आदेश दें। बेशक इसका श्रेय आप अथवा आपके नेता लेने की राजनीति करते रहें। लेकिन इन गरीब और परेशान लोगों के कल्याण सम्बन्धी निर्णय में अब और विलम्ब किसी भी तरह से उचित नहीं होगा।

# सीपीआईएम का कटाक्ष : भाजपा को पार्टी का चुनाव चिह्न कमल के बदले बोरा कर लेना चाहिए

तिरुवनंतपुरम, 2 नवंबर (एजेंसियां)। लगभग तीन साल पुराने काले धन से जुड़े मामले में केरल की सतारूढ़ पार्टी-सीपीआई(एम) आक्रामक तेवर दिखा रही है। माकपा ने तंज कसते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक पदाधिकारी के खुलासे के बाद पार्टी के लिए जवाब देना मुश्किल साबित हो रहा है। माकपा ने कहा कि अब भाजपा को पार्टी का चुनाव चिह्न कमल के बदले बोरा कर लेना चाहिए। माकपा सरकार के मंत्री ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा है।

**'भाजपा को अपना पार्टी चिह्न कमल से बदलकर बोरा कर लेना चाहिए'**

शनिवार को भाजपा पर कटाक्ष करते हुए माकपा नेता और केरल के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री पीए मोहम्मद रियास ने कहा, 'नए खुलासे से कई बातें स्पष्ट हो गई हैं और उनमें से एक यह है कि भाजपा को अपना पार्टी चिह्न कमल से बदलकर बोरा कर लेना चाहिए।' उन्होंने प्रदेश विधानसभा में विपक्षी दल-कांग्रेस पर भी हमला किया। रियास ने आरोप लगाया कि वह काले धन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर चुप है।

केरल में उपचुनाव से पहले माकपा और कांग्रेस के बीच वार-पलटवार कांग्रेस और भाजपा के बीच सांठगांठ का संकेत देते हुए कहा कि कांग्रेस इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई न होने पर चुप है। इस पर प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष ममकूटथिल ने दावा किया कि समझौता कांग्रेस-भाजपा के बीच नहीं, माकपा और भाजपा के बीच हुआ था। बता दें कि ममकूटथिल पलक्कड़ विधानसभा उपचुनाव में यूडीएफ उम्मीदवार हैं। उन्होंने लगभग तीन साल पुराने मामले को उछालने की टाइमिंग पर सवाल किया और कहा माकपा उपचुनाव से ठीक पहले इस मामले को उजागर कर रही है ताकि यह दिखाया जा सके कि उसका भाजपा के साथ कोई समझौता नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि इस मामले की अब दोबारा जांच क्यों की जा रही है? सरकार को बताना चाहिए कि प्रारंभिक जांच का क्या हुआ? दोबारा जांच होना यह दिखाता है कि पहले कराई जांच विफल रही है। भाजपा ने इस मामले पर बयान न देने का फैसला लिया है। पलक्कड़ सीट पर उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार सी कृष्णकुमार ने कहा कि कोडकारा काला धन मामला उनकी पार्टी के लिए चिंता का कारण नहीं है। उन्होंने कहा कि यह शोर 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के बाद खत्म हो जाएगा।

माकपा की यह रणनीति अनुमान के मुताबिक ही है। गौरतलब है कि भाजपा के त्रिशूर जिला कार्यालय में सचिव रहे तिरुर सतीश ने हाल ही में पार्टी पर सनसनीखेज आरोप लगाए थे।

# 'कांग्रेस सत्ता में आई तो लूटेगी', सुधांशु त्रिवेदी

नई दिल्ली, 2 नवंबर (एजेंसियां)। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पार्टी पर सत्ता में आने पर धन लूटने का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस पार्टी लोगों को बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित रखेगी।

उन्होंने कहा, कांग्रेस प्रमुख ने जो कहा, उससे साफ पता चलता है कि धन, जो लोगों की संपत्ति और समृद्धि होनी चाहिए, अगर कांग्रेस के हाथों में चली जाए, तो यह आपदा बन जाती है। उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से हम लोगों के कल्याण के लिए काम करते हैं, पिछले 1-2 बजट में हमने लग्जरी की वस्तुओं पर कर और शुल्क बढ़ा दिया है, लेकिन जरूरतमंद लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। कांग्रेस जैसे कुछ लोग ऐसे हैं, जो सत्ता में आने के बाद धन लूटते हैं और लोगों को उनकी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखते हैं। इससे पहले आज सीआर केसवन और मनोज तिवारी ने भी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के विश्वासघात और जुमला वाले बयान की आलोचना की। मनोज तिवारी ने दावा किया कि कांग्रेस अध्यक्ष की पार्टी के अंदर सराहना नहीं की जाती है और प्रियंका गांधी के नामांकन प्रक्रिया के दौरान पार्टी ने उनसे मुंह मोड़ लिया था। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे हताश हैं और उन्होंने अपने नेता राहुल गांधी के खाता बयान पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सीआर केसवन ने भी कहा, कांग्रेस पार्टी आगामी महाराष्ट्र और झारखंड चुनावों में भारी हार की ओर देख रही है, यही वजह है कि कांग्रेस पार्टी हताशा में है। मल्लिकार्जुन खरगे के कल के घबराए हुए ट्वीट चुनावों में कांग्रेस की आगामी हार की स्पष्ट स्वीकृति और स्वीकारोक्ति हैं। फर्जी और झूठे वादों और प्रतिज्ञाओं के राहुल गांधी के तर्कहीन 'तुगलकनोमिक्स' पर आधारित कांग्रेस पार्टी की चालबाजी ने बार-बार लोगों को धोखा दिया है और उन्हें विफल किया है। दूसरी ओर, मोदी की गारंटी ने लोगों के जीवन में भूगर्भीय विकास की शुरुआत की है और हमारे देश को बदल दिया है।

# कार खाई में गिरने से बच्चे समेत तीन की मौत

जम्मू, 2 नवंबर (एजेंसियां)। रियासी जिले में शनिवार की सुबह सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा तब हुआ जब कार चस्साना से रियासी की ओर जा रही थी। ड्राइवर के नियंत्रण खोने के कारण कार पहाड़ी सड़क से फिसलकर एक गहरी खाई में गिर गई।

तीन की मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतकों में एक 10 महीने का बच्चा और उसके परिवार के दो अन्य सदस्य शामिल हैं। घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

# जयराम ठाकुर-गारंटी का मॉडल हुआ फेल कर्मचारियों को तनख्वाह नहीं मिल रही



शिमला, 2 नवंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो बात कही है वो बिल्कुल सत्य है। हकीकत है कि कांग्रेस को सत्ता हासिल करने के लिए झूठ बोलने और झूठी गारंटी देने की आदत पड़ चुकी है। समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में जयराम ने कहा कि पूरे देश के सामने आज हिमाचल चर्चा का विषय क्यों बना है? क्योंकि हिमाचल प्रदेश में जो गारंटी का मॉडल है वो फेल हो चुका है। यह हकीकत है कि हिमाचल प्रदेश में कर्मचारियों को तनख्वाह नहीं मिल पा रही है और पेंशन नहीं मिल पा रही है। गारंटी वाला कांग्रेस का यह मॉडल पूरे देश में फेल हो चुका है। कर्नाटक में भी जिस वजह से आपसी लड़ाई है वो वहां के विकास में बाधा बनी है। कांग्रेस प्रदर्शन नहीं कर पा रही है, सभी विकास के कार्य रुके पड़े हैं।

**महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024**

# पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा की पत्नी स्वीकृति ने घोषित की 36.45 करोड़ की संपत्ति, अंधेरी ईस्ट से निर्दलीय उममीदवार




मुंबई, 2 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की चकाचौंध में अंधेरी ईस्ट से एक खास उम्मीदवार ने जोरदार प्रवेश किया है। पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा की पत्नी, स्वीकृति शर्मा, जिन्होंने हाल ही में शिवसेना के शिंदे गुट का साथ छोड़ा और पार्टी से टिकट न मिलने के बाद, स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरीं। उन्होंने 36.45 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है, जो इस चुनाव में चर्चा का प्रमुख विषय बन गई है। शिवसेना से टिकट न मिलने के बाद स्वीकृति ने अंधेरी ईस्ट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का फैसला किया, ताकि इस क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। अपने हलफनामे में स्वीकृति ने यह भी साफ किया कि संपत्तियों का अधिकांश हिस्सा उनके अपने व्यावसायिक प्रयासों का परिणाम है।

पारिवारिक संपत्ति और आय का खुलासा : एक आकर्षक तुलना स्वीकृति के हलफनामे के मुताबिक, उनकी सालाना आय 2023-24 में 2.61 करोड़ रुपये रही, जबकि उनके पति की आय केवल 1.48 लाख रुपये रही। इस पर उन्होंने स्पष्ट किया कि यह संपत्ति उनकी मेहनत से अर्जित है, जिसमें उनके पति का बहुत कम हिस्सा है। उनकी बेटी, निकेता, जो एक बैकअप के रूप में नामांकन दाखिल कर चुकी थीं, का भी हलफनामा दिलचस्प है। निकेता के पास 11.96 करोड़ की संपत्ति है, जिसे उन्होंने अपने व्यवसाय से अर्जित किया है। स्विक्रुति का कहना है, हम राजनेता नहीं हैं, हमने हमेशा सामाजिक कार्यकर्ता की भूमिका निभाई है। उनके शब्दों में जनता के प्रति उनके ईमानदार इरादों की झलक मिलती है। विवादों से घिरे प्रदीप शर्मा के साथ खड़ी स्वीकृति पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के रूप में अपने पति की विवादित छवि को लेकर स्वीकृति ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, आपने जो पढ़ा और सुना है, वह केवल एक छवि है। प्रदीप जी एक नेकदिल इंसान हैं, और उनकी छवि केवल अखबारों तक सीमित नहीं है। अंधेरी के लोग उनके प्रति अत्यधिक सम्मान रखते हैं। मनसुख हिरेन हत्याकांड जैसे विवादास्पद मुद्दों पर सवाल पूछे जाने पर उन्होंने अपने पति को निर्दोष बताते हुए कहा, उस मामले में उन्हें बलि का बकरा बनाया गया था। कई लोग उन्हें अच्छी तरह जानते हैं, और वह कुछ गलत नहीं कर सकते।

चुनावी प्राथमिकताएं : स्वास्थ्य, स्वच्छता और शिक्षा स्वीकृति ने अंधेरी ईस्ट के झुग्गी बस्तियों में स्वच्छ पानी, जल निकासी और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हमने हमेशा सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में काम किया है, और यही हमारी असली पहचान है। हमारी प्राथमिकताएं स्वास्थ्य, स्वच्छता और शिक्षा पर आधारित रहेंगी।

स्वीकृति शर्मा की उम्मीदवारी और उनकी विशाल संपत्ति ने इस चुनाव में एक नई दिलचस्पी को जन्म दिया है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जनता की इस महिला सामाजिक कार्यकर्ता पर कैसी प्रतिक्रिया रहती है, खासकर तब जब उनके पति के अतीत की गूंज चुनावी मैदान में गूंज रही है।



# शेयर बाजार के मुहूर्त ट्रेडिंग पर बदली कहानी

## एक घंटे में कितना कमा गए मित्तल, टाटा और अंबानी



नई दिल्ली,2 नवंबर (एजेंसियां)। भले ही दिवाली 31 अक्टूबर की हो, लेकिन शेयर बाजार में मुहूर्त ट्रेडिंग का आयोजन 1 नवंबर को आयोजित किया गया. इस दिन देश की टॉप 10 कंपनियों के शेयर हरे निशान पर दिखाई दिए. खास बात तो ये है कि एक घंटे के कारोबारी सत्र के दौरान टॉप 10 कंपनियों के मार्केट कैप में 31,500 करोड़ रुपए से ज्यादा का इजाफा देखने को मिला. सबसे ज्यादा फायदा मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्री को हुआ. जिसके बाद मार्केट कैप में करीब 8,800 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी दिखाई दी. वहीं दूसरी ओर टीएसएस के मार्केट कैप में 5,100 करोड़ रुपए से ज्यादा और एलआईसी के मार्केट कैप में करीब 5,000 करोड़ रुपए का इजाफा देखने को मिला.वैसे एक दिन पहले यानी मुहूर्त ट्रेडिंग के दौरान शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली. बांबे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 335 अंकों की तेजी के साथ बंद हुआ. खास बात तो ये है कि ये लगातार 7वां साल रहा जब कि दिवाली के मुहूर्त ट्रेडिंग के मौके पर शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर शेयर बाजार की टॉप 10 कंपनियों में से किस कंपनी को कितना फायदा हुआ है.

**एक घंटे में देश की टॉप कंपनियों ने कितना कमाया**

एक घंटे की मुहूर्त ट्रेडिंग के मौके पर देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के मार्केट कैप में 8,796.05 करोड़ रुपए का इजाफा देखने को मिला. जिसके बाद कंपनी का मार्केट कैप 18,03,324.00 करोड़ रुपए से बढ़कर 18,12,120.05 करोड़ रुपए हो गया.

एक घंटे की मुहूर्त ट्रेडिंग के मौके पर देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज के मार्केट कैप में 5,119.6 करोड़ रुपए का इजाफा देखने को मिला. जिसके बाद कंपनी का मार्केट कैप 14,36,833.00 करोड़ रुपए से बढ़कर 14,41,952.60 करोड़ रुपए हो गया.

एक घंटे की मुहूर्त ट्रेडिंग के मौके पर देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी एलआईसी के मार्केट कैप में 4,965.13 करोड़ रुपए का इजाफा देखने को मिला. जिसके बाद कंपनी का मार्केट कैप 5,83,544.28 करोड़ रुपए से बढ़कर 5,88,509.41 करोड़ रुपए हो गया.

एक घंटे की मुहूर्त ट्रेडिंग के मौके पर देश की सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनियों में शुमार एयरटेल के मार्केट कैप में 2,732.81 करोड़ रुपए का इजाफा देखने को मिला. जिसके बाद कंपनी का मार्केट कैप 9,17,566.54 करोड़ रुपए से बढ़कर 9,20,299.35 करोड़ रुपए हो गया.

एक घंटे की मुहूर्त ट्रेडिंग के मौके पर देश की सबसे बड़ी एफएमसीजी कंपनियों में शुमार आईटीसी के मार्केट कैप में 2,564.49 करोड़ रुपए का इजाफा देखने को मिला. जिसके बाद कंपनी का मार्केट कैप 6,11,098.47 करोड़ रुपए से बढ़कर 6,13,662.96 करोड़ रुपए हो गया.

## तीन महीने में निकाल लिए 12.2 अरब डालर, विदेशियों के लिए दुधारू गाय बना भारत



नई दिल्ली,2 नवंबर (एजेंसियां)। विदेशी निवेशकों के लिए भारत सोने के अंडे देने वाली मुर्गी बना गया है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों, निजी इक्विटी फर्मों और स्थानीय स्तर पर परिचालन करने वाली कंपनियों ने डिविडेंड इनकम, प्रॉफिट और रिइनवेस्टेड अर्निंग्स के रूप में अप्रैल-जून तिमाही में कुल 12.2 अरब डॉलर कमाए। यह वह राशि है जो विदेशी निवेशकों ने तीन महीने के दौरान भारत से निकाली। यह पांच साल पहले की तुलना में दोगुना से भी अधिक है जो भारतीय फाइनेंशियल एसेट्स की मजबूत आय संभावनाओं को रेखांकित करता है। आरबीआई के आंकड़ों से यह भी पता चला है कि कुल इनवेस्टमेंट इनकम आउटफ्लो जून तिमाही में दोगुना से ज्यादा बढ़ा है। 2019 की अप्रैल-जून तिमाही में यह $11 अरब था जो इस साल इसी अवधि में $21.6 अरब हो गया है। अमेरिका स्थित कंसल्टेंसी बैन एंड कंपनी की एक रिपोर्ट के अनुसार 2024 की पहली छमाही में निजी इक्विटी से निकासी छह साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। एग्जिट डील वैल्यू में साल-दर-साल 40% की वृद्धि हुई, जो कैलेंडर वर्ष 2023 की पहली छमाही में $9.5 अरब से बढ़कर 2024 की पहली छमाही में $13.3 अरब हो गई। PwC इंडिया के पार्टनर-रिस्क कंसल्टिंग और लीडर-फाइनेंशियल सर्विसेज और ट्रेजरी रिस्क मैनेजमेंट, कुंतल सूर ने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में पीई फर्मों ने अच्छा मुनाफा कमाया है। बढ़ते शेयर बाजारों ने उन्हें लिस्टेड फर्मों में उनके निवेश के लिए अच्छा मूल्यांकन दिया। इससे उन्हें निवेशकों को अच्छा रिटर्न देने का मौका मिला। इसके अलावा कई निवेशकों के लिए ब्याज दरें अधिक होने के कारण उनके देशों में पुनर्निवेश के कई अवसर रहे हैं।' बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भारत में किए गए निवेश से प्राप्त लाभ और लाभांश भी निवेश आय में परिलक्षित होते हैं।

# अडानी ने की बांग्लादेश की बत्ती गुल

## बिल नहीं भरा तो आधी की सप्लाई !




ढाका,2 नवंबर (एजेंसियां)। दिवाली के बाद बांग्लादेश की बत्ती गुल होने के आसार बन रहे हैं। दरअसल, अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी पावर झारखंड लिमिटेड ने बांग्लादेश को बिजली की सप्लाई आधी कर दी है। सप्लाई रोकने का कारण बिजली के बकाया बिलों का पेमेंट नहीं होना है। यदि मसला हल नहीं हुआ तो हो सकता है कि आने वाले दिनों में बांग्लादेश में अंधेरा छा जाए।

**846 मिलियन डॉलर का है बकाया**

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अडानी पावर की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अडानी पावर झारखंड लिमिटेड ने बांग्लादेश को अपनी आधी बिजली की सप्लाई रोक दी है। कंपनी का उसके ऊपर 846 मिलियन डॉलर का बकाया है। द डेली स्टार अखबार के मुताबिक पावर ग्रिड बांग्लादेश पीएलसी के आंकड़ों से पता चला है कि अडानी प्लांट ने गुरुवार रात को आपूर्ति कम कर दी। अखबार ने बताया कि बांग्लादेश ने गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात को 1,600 मेगावाट से अधिक की कमी की सूचना दी, क्योंकि 1,496 मेगावाट का प्लांट अब एक यूनिट से 700 मेगावाट बिजली का उत्पादन कर रहा है।

**30 अक्टूबर तक बकाया भरने को कहा था**

इससे पहले अडानी कंपनी ने ऊर्जा सचिव को पत्र लिखकर बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड से 30 अक्टूबर तक बकाया राशि का भुगतान करने को कहा था। 27 अक्टूबर को लिखे पत्र में कहा गया था कि यदि बिलों का भुगतान नहीं किया गया तो कंपनी 31 अक्टूबर को बिजली आपूर्ति बंद कर पावर परचेज एग्रीमेंट के तहत सुधारात्मक कार्रवाई करने को बाध्य होगी। कंपनी ने कहा कि पीडीबी ने न तो बांग्लादेश कृषि बैंक से 170.03 मिलियन अमरीकी डालर की राशि के लिए लेटर ऑफ क्रेडिट उपलब्ध कराया है और न ही 846 मिलियन अमरीकी डालर की बकाया राशि का भुगतान किया है।

**अडानी भेज रहा है ज्यादा बिल?**

अखबार ने पीडीबी के एक अधिकारी के हवाले से कहा कि उन्होंने पहले पिछले बकाए का एक हिस्सा चुका दिया था, लेकिन जुलाई से अडानी पिछले महीनों की तुलना में अधिक पैसे ले रहा है। उन्होंने कहा कि पीडीबी करीब 18 मिलियन अमरीकी डालर का साप्ताहिक भुगतान कर रहा है, जबकि शुल्क 22 मिलियन डालर से अधिक है। उन्होंने कहा, इसी कारण से बकाया भुगतान फिर से बढ़ गया है।

# एक तरफ एलन मस्क कर रहे अमेरिकी चुनाव के लिए प्रचार

## तो दूसरी ओर चला रहे छंटनी की तलवार



अमेरिकी,2 नवंबर (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे रईस शख्स एलन मस्क भले ही लगातार धनवानों की लिस्ट में अव्वल आते रहे हैं लेकिन उनकी कंपनियों में से छंटनी की खबरें भी लगातार आती रहती हैं. इनमें सबसे प्रमुख नाम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स का है. हाल ही में जानकारी मिली है कि एलन मस्क ने कथित तौर पर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स से कुछ और कर्मचारियों की छंटनी की है।

**रिपोर्ट के मुताबिक एक्स में यहां होगी छंटनी**

द वर्ज की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक्स के भीतरी सूत्रों और वर्कप्लेस प्लेटफॉर्म ब्लाइंड पर पोस्ट के हवाले से कहा गया है कि एक्स के इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट से एंप्लाइज को कम किया गया है. रिपोर्ट के मुताबिक इस छंटनी से ठीक दो महीने पहले कर्मचारियों से कहा गया था कि वे अपने लीडर्स को कंपनी में अपने योगदान को लेकर एक पेज की समरी सबमिट करें. द वर्ज की रिपोर्ट में कहा गया है कि इसका मतलब है कि कर्मचारियों को अपना स्टॉक हासिल करने के लिए कंपनी में अपने योगदान के बारे में अपने लीडर्स को एक पेज की समरी सबमिट करनी थी. ऐसा करने या ना करने वाले कर्मचारियों पर अब छंटनी की तलवार चला दी गई है।

**कितने एंप्लाइज की गई नौकरी**

छंटनी की इस प्रक्रिया के तहत कितने कर्मचारी प्रभावित हुए हैं, उनकी संख्या को लेकर जानकारी नहीं है. एलन मस्क और एक्स की ओर से अभी तक इस छंटनी को लेकर किसी तरह की आधिकारिक जानकारियां नहीं दी गई है. बता दें कि एलन मस्क लंबे समय से अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए डोनाल्ड ट्रंप का प्रचार कर रहे हैं।

**हाल में हुए घटनाक्रम**

एक्स के मालिक एलन मस्क ने हाल ही में कथित तौर पर अपने स्टॉक ग्रांट के बारे में एक्स स्टाफ को एक ईमेल भेजा था जिसमें इसमें एक शर्त थी. कंपनी कर्मचारियों को भेजे इस ईमेल में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने कर्मचारियों पर पड़ने वाले असर के आधार पर स्टॉक ऑप्शन देने की योजना बनाई है.

**जनवरी में सुनाया था 1000 एंप्लाइज की छंटनी का फरमान**

इस साल जनवरी में भी एक्स ने कथित तौर पर अपने 'सेफ्टी' स्टाफ के 1,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था. इनमें से 80 फीसदी सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे जो ट्रस्ट और सेफ्टी इश्यू पर फोकस करते थे और अपमानजनक कंटेट को रोकने के लिए काम करते थे।

**एक्स खरीदने के साथ ही एलन मस्क ने की थी भारी छंटनी**

मस्क ने 2022 में एक्स को खरीदा था और उस दौरान कंपनी के लगभग 80 फीसदी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला था. कंपनी में 6000 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की गई थी।

# एनएसई ने नए मोबाइल एप और बहुभाषी वेबसाइट की शुरुआत की

## निवेशकों की सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए फैसला




नई दिल्ली,2 नवंबर (एजेंसियां)। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने दिवाली के अवसर पर ग्यारह क्षेत्रीय भाषाओं का समर्थन करने के लिए अपना आधिकारिक मोबाइल ऐप, एनएसईइंडिया लॉन्च किया और अपनी कॉर्पोरेट वेबसाइट www.nseindia.com का विस्तार किया। एनएसई के अनुसार, लॉन्चिंग वित्तीय जानकारी को लोकतांत्रिक बनाने के लिए एनएसई के समर्पण का प्रतीका है। जिससे देश भर के निवेशकों के लिए भारत के पूंजी बाजारों से जुड़ना आसान हो जाता है।

**एनएसई की बेवसाइट अब कुल 12 भाषाओं में उपलब्ध**

इस नवीनतम पहल के साथ, एनएसई की वेबसाइट अब कुल बारह भाषाओं में सामग्री उपलब्ध करा रही है, जिसमें पहले से उपलब्ध अंग्रेजी, हिंदी, मराठी और गुजराती के अलावा अब असमिया, बंगाली, कन्नड़, मलयालम, उड़िया, पंजाबी, तमिल और तेलुगु का भी विकल्प मौजूद है।। यह भाषाई विस्तार भाषाई और क्षेत्रीय बाधाओं से परे निवेशकों तक पहुंचेगा, जिससे जुड़ाव और समावेशिता बढ़ेगी। हाल ही में लॉन्च किया गया एनएसईइंडिया मोबाइल ऐप, जो अब एप्पल एप स्टोर और एंड्रॉयड प्ले स्टोर दोनों पर उपलब्ध है, निवेशकों को सहज और सुरक्षित अनुभव देने के उद्देश्य से बनाया गया है।

एप की शुरुआती रिलीज की मुख्य विशेषताओं में सूचकांकों, बाज़ार के स्नैपशॉट, बाज़ार के रुझान और टर्नओवर का अवलोकन शामिल है; निफ्टी 50 के शीर्ष लाभ, हानि और सबसे सक्रिय शेयरों का त्वरित सारांश भी इस पर उपलब्ध होगा। इसके साथ ही सुविधाजनक स्टॉक खोज और व्यक्तिगत वॉचलिस्ट सुविधा भी निवेशकों को मिलेगी।

सक्रिय कॉल, पुट और ओपन इंटरेस्ट सहित ऑप्शंस ट्रेडिंग डेटा तक निवेशकों की पहुंच बनी रहेगी। एनएसई के मुख्य व्यवसाय विकास अधिकारी श्रीराम कृष्णन ने कहा, यह दिवाली एनएसई की भारत के पूंजी बाजार के प्रति चल रही प्रतिबद्धता में एक और मील का पत्थर है। हमारा नया मोबाइल एप और हमारी वेबसाइट का ग्यारह क्षेत्रीय भाषाओं में विस्तार एक अधिक समावेशी और सुलभ वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र की दिशा में परिवर्तनकारी कदम हैं।

# गूगल और फेसबुक ने भारत में किया कमाल, एक साल में हुए मालामाल?

नई दिल्ली,2 नवंबर (एजेंसियां)। सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि विदेशी कंपनियां भी भारत में भरपूर कमाई कर रही हैं।अगर बात फेसबुक की करें तो बीते वित्त वर्ष में कंपनी के मुनाफे में 43 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है। जबकि गूगल के मुनाफे में 6 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है। जानकारों की मानें तो गूगल और फेसबुक के यूजर्स की संख्या भारत में काफी ज्यादा है। ऐसे में दोनों कंपनियों का फोकस भारत में काफी ज्यादा देखने को मिल रहा दोनों ही कंपनियों ने भारत की कंपनियों में काफी निवेश भी किया हुआ है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर गूगल और फेसबुक के भारत में कमाई के आंकड़े किस तरह के देखने को मिले हैं?दुनिया की सबसे बड़ी सोशल मीडिया कंपनी मेटा की विज्ञापन यूनिट फेसबुक इंडिया ऑनलाइन सर्विसेज का मुनाफा पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 43 फीसदी की वृद्धि के साथ 504.9 करोड़ रुपए रहा है। टॉफलर की रिपोर्ट के अनुसार बीते वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी का मुनाफा 352.91 करोड़ रुपए देखने को मिला था। फेसबुक इंडिया ऑनलाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड भारत में ग्राहकों को विज्ञापन बेचने और मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक को आईटी-सक्षम सहायता सेवाएं और डिजाइन सहायता सेवाएं प्रदान करने के कारोबार में है।

कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में 9.33 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,034.82 करोड़ रुपए का कारोबार किया, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 2,775.78 करोड़ रुपए था. टॉफलर ने रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी का कुल खर्च 2,350 करोड़ रुपए बताया गया।

# कांग्रेस सांसद ने आठ जरूरी दवाओं की कीमत बढ़ाने के फैसले पर उठाया सवाल, पीएम को पत्र लिख की यह मांग



नई दिल्ली,2 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की ओर से हाल ही में आठ सामान्य रूप से इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं की कीमतें बढ़ाने के फैसले पर चिंता जाहिर की है। इसके साथ ही टैगोर ने मूल्य वृद्धि के वास्तविक प्रभाव का आकलन करने के लिए एक स्वतंत्र समीक्षा समिति गठित करने की मांग भी की। पत्र में टैगोर ने कहा कि वे राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) की ओर से हाल ही में लिए गए उस निर्णय से चिंतित हैं, जिसमें आठ सामान्य रूप से प्रयुक्त दवाओं के अधिकतम मूल्य में 50 प्रतिशत की वृद्धि बात कही गई है। तमिलनाडु के विरुधुनगर से कांग्रेस सांसद ने कहा, हालांकि मैं समझता हूं कि सरकार ने इस वृद्धि के लिए 'असाधारण परिस्थितियों' और 'सार्वजनिक हित' का हवाला दिया है, लेकिन मेरा मानना है कि इस तरह के महत्वपूर्ण निर्णय के पीछे तर्क को स्पष्ट करना महत्वपूर्ण है।टैगोर ने कहा, इस मूल्य वृद्धि से अस्थमा, तपेदिक, बायपोलर डिजॉर्डर और ग्लूकोमा जैसी बीमारियों के लिए महत्वपूर्ण दवाएं प्रभावित होंगी, जो लाखों लोगों के लिए जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि कई मरीज और उनके परिवार वाले पहले से ही आवश्यक उपचार प्राप्त करने में वित्तीय चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। टैगोर ने कहा कि दवाओं की कीमतों में अचानक वृद्धि से इन व्यक्तियों पर अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।उन्होंने 25 अक्टूबर को लिखे पत्र में कहा, मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि वह उन असाधारण परिस्थितियों के बारे में अधिक विस्तृत स्पष्टीकरण दे, जिनके कारण मूल्य वृद्धि आवश्यक हो गई। इसके अलावा, मैं मरीजों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं पर इस वृद्धि के वास्तविक प्रभाव का आकलन करने के लिए एक स्वतंत्र समीक्षा समिति की स्थापना का प्रस्ताव करता हूं।

# एनवीडिया ने एक झटके में कमा लिया मुकेश अंबानी के बराबर पैसा! कहां से आई गुड न्यूज

नई दिल्ली,2 नवंबर (एजेंसियां)। एआई चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया के शेयरों में शुक्रवार को करीब दो फीसदी तेजी आई। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप एक झटके में 100 अरब डॉलर बढ़ गया। यह भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की नेटवर्थ (101 अरब डॉलर) के बराबर है।

इसके साथ ही एनवीडिया का मार्केट कैप 3.321 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया है। वह ऐपल को पछाड़ने के बेहद करीब पहुंच गई है। आईफोन बनाने वाली कंपनी ऐपल के शेयरों में शुक्रवार को 1.33 फीसदी गिरावट आई और इसका मार्केट कैप 3.389 ट्रिलियन डॉलर रह गया है।

# इस हफ्ते 410 रुपए महंगा हुआ सोना:78,015 बिक रहा

## चांदी 2,299 सस्ती होकर 93,501 रुपए किलो बिक रही



नई दिल्ली,2 नवंबर (एजेंसियां)। इस हफ्ते सोना के दाम में तेजी देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के डेटा के मुताबिक, पिछले शुक्रवार (25 अक्टूबर) को 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का दाम 78,015 रुपए था, जो हफ्तेभर के कारोबार के बाद कल (शुक्रावर, 2 नवंबर) 78,425 रुपए पर पहुंच गया। वहीं, हफ्तेभर के कारोबार के बाद चांदी एक किलो चांदी की कीमत 2,299 रुपए सस्ती होकर 93,501 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई। एक हफ्ते पहले चांदी की कीमत 95,800 रुपए थी। 30 अक्टूबर को गोल्ड ने 79,681 रुपए और 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**महानगरों सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,550 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,770 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,400 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 73,700 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 80,400 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,700 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,400 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,450 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 81,160 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 74,400 रुपये है।

# दैनिक पंचांग

## ग्रह गोचर




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत -2051,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय - 06-19
सूर्यास्त. -17-40
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | तुला | मे | तुला-- | 05-07 | बजे |
| चंद्र- | वृश्चिक | मे | वृश्चिक- | 07-16 | बजे |
| मंगल | कर्क | मे | धनु---- | 09-30 | बजे |
| बुध- | वृश्चिक | मे | मकर... | 11-36 | बजे |
| गुरु- | वृष | मे | कुंभ- | 13-27 | बजे |
| शुक्र- | वृश्चिक | मे | मीन- | 15-05 | बजे |
| शनि- | कुंभ | मे | मेष--- | 16-41 | बजे |
| राहु- | मीन | मे | वृष--- | 18-26 | बजे |
| केतु- | कन्या | मे | मिथुन | 20-26 | बजे |
| | | | कर्क-- | 22-38 | बजे |
| | | | सिंह--- | 00-52 | बजे |
| | | | कन्या-- | 02-57 | बजे |

दिशाशूल -- पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि- द्वितीया 22-05 तक उपरान्त तृतीया
मास - कार्तिक शुक्ल, रविवार 03 November
नक्षत्र - अनुराधा 08-03 दिन रात तक
योग - सौभाग्य 11-39 तक उप शोभन
करण- बालव 09-16 तक उप कौलव
विशेष:- भाईदूज यम द्वितीया
व्रत -त्योहार - विश्वकर्मा पूजा चित्रगुप्त पूजा

विशेष:- राशिफल "ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए ।

**राहुकाल 16:17 से 17:42 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06:19 - 07:42 | अशुभ | शुभ | 17:40 - 19:17 | शुभ |
| चंचल | 07:42 - 09:08 | शुभ | अमृत | 19:17 - 20:51 | शुभ |
| लाभ | 09:08 - 10:34 | शुभ | चंचल | 20:51 - 22:25 | शुभ |
| अमृत | 10:34 - 11:59 | शुभ | रोग | 22:25 - 23:59 | अशुभ |
| काल . | 11:59 - 13:25 | अशुभ | काल | 23:59 - 01:34 | अशुभ |
| शुभ. | 13:25 - 14:51 | शुभ | लाभ | 01:34 - 03:08 | शुभ |
| रोग | 14:51 - 16:17 | अशुभ | उत्पात | 03:08 - 04:43 | अशुभ |
| उत्पात | 16:17 - 17:40 | अशुभ | शुभ | 04:43 - 06:19 | शुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आज का दिन अपने व्यावसायिक और वित्तीय गतिविधियों में बदलाव लाने का दिन है, इसलिए अगर कुछ इस तरह की आपकी योजना है तो अपने आप को तनावमुक्त रखे। आप अपना दृष्टिकोण प्रभावी ढंग से शीर्ष प्रबंधकों के समक्ष रख पाने में समर्थ होंगे। यह अपने नियोक्ता से अपनी आय को बढ़ाने का उपयुक्त मौका है।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आप ने हमेशा अपना कार्य भकूबी के साथ किया है और आज आप अपने वरिष्ठ अधिकारियों का समर्थन और अनुमोदन भी जीतेंगे। आपकी ईमानदारी, रचनात्मकता और काम के प्रति समर्पण देखा जायेगा और आपको इसका पुरस्कार ,फल या उपहार भी मिलेगा । आज का दिन अपने कार्य से संबंधित प्रतिबद्धताओं का पूरा करने में व्यस्त रहेगा।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज्ञाकारी होना अच्छा है, लेकिन दूसरों के मुताबिक कार्य करना सही नहीं है । आप और आपके विचार सब से अलग है ।आपको जो सही लगे वह करे और लोगो की बातो में आने से बचे । आप अपने व्यय योजना में अपने खर्चो को कम करने की कोशिश कर रहे है ताकि सकारात्मक वित्तीय बदलाव आये , इसलिए आगे बढे और योजना को अंजाम दे।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आप आज कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारी ले। अगर आप इसे अच्छी तरह से करते हैं, तो आपको एक दैनिक आधार पर इस तरह की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। इस के साथ, वेतन में वृद्धि भी आयेगी । इसलिए ईमानदारी से काम करते रहे और लगातार अपने आप को प्रेरित करते रहे। हो सकता है की लाभ आज दिखाई न दे।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आप में अति आत्मविश्वास पैदा होगा क्योकि आपके सारे कार्य बड़ी खूबसूरती के साथ क्रियान्वयन हो रहे है। आज समय है की आप अपना कदम पीछे ले और सोचे की वास्तव में आप के लिए क्या आवश्यक है , उसका मूल्यांकन करे और ध्यान दे की आप अपनी क्षमताओ से क्या हासिल कर सकते हैं । आपको ध्यान रखना है की आपकी जितनी चादर है उतना ही पाव फैलाये ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आप अपने कार्य क्षेत्र में काफी मुखर और प्रेरक रहेंगे । आपको ऐसे कार्य क्षेत्र में कार्य करने के अवसर मिलेंगे जहा साझेदारी से कारोबार होता हो और एक दूसरे की सहायता करना प्रमुखता हो । आप प्रमुख परियोजना को पूरा करने के लिए दुसरो को संगठित करने के लिए प्रेरित करते है , जिससे की आपकी भूमिका के लिए प्रशंसा और सम्मान आपको मिलने की संभावना है।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आज का दिन सट्टा उद्यमों के लिए सबसे उपयुक्त है । आज एक लॉटरी टिकट या कंपनियों के शेयरों में निवेश करने से धन वृद्धि का एक उच्च मौका है। आपको किसी से एक अच्छा सुझाव मिल सकता है और अगर आप उसे समय पर करते हैं , तो आप अपनी आय बढ़ा सकते हैं। आज का दिन आपके के लिए शांतिपूर्ण रहेगा ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आपको आगे जाने से पहले अपने वित्तीय और कैरियर से संबंधित योजनाओं के अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों नतीजों पर विचार करना होगा । आपको कोई भी निर्णय लेने से पहले अपने कैरियर से संबंधित योजना का एक खाका तैयार करना होगा जिससे आप लाभ और हानि का विश्लेषण कर सके ।दोबारा अपने निर्णय का पुनर्मूल्यांकन करे ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आज का दिन नौकरी से संबंधित कार्यो के लिए काफी अनुकूल है। आपने हमेशा से ईमानदारी और मेहनत के साथ कार्य किया है और अतीत में, हालाँकि आपको उतना फल नहीं मिला , लेकिन अब भाग्य आपके लिए स्थितियां अनुकूल करेगा । आपकी काफी सारी परियोजनाए सफलता के साथ फलित होंगी।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आप समय के महत्व को जानते हैं और आप आज एक लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में काम करेंगे। आप सही रास्ते पर हैं। कड़ी मेहनत करे , सफलता आप से दूर नहीं है। आपकी वित्तीय स्थिति स्थिर है और इसलिए आप व्यापार और शेयरों में कुछ जोखिम ले सकते हैं । आय के नए अवसर आज दिखाई दे सकते हैं।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आप संसाधनो से पूर्ण हैं और आज आप अगर गंभीरता से काम करते हैं तो धन कमाने का ऐसा अवसर आपको मिल सकता है जिसमे आपको ख़ुशी महसूस होती है । इस बात की भी संभावना है की आप कला की अभिरुचि को आगे बढ़ाने के लिए अपनी नौकरी छोड़ सकते हैं । आपको विवेक से कार्य करना है।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
हालाँकि , आप ईमानदार और मेहनती हैं पर आज सफलता आपकी पहुंच से दूर रह सकती है । कुछ मामूली गलतियाँ आपको परेशान कर सकती है । आप अपने कार्यस्थल पर किसी भी विवाद से बचे । आज का दिन निवेश के लिए उपयुक्त नहीं है। हालांकि, ये दिन अपने दोस्तों के साथ आराम करने के लिए काफी ठीक रहेगा ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# सब स्टैंडर्ड दवाओं के कारण गई कई आंखों की रोशनी

## दंतेवाड़ा-मोतियाबिंद कांड पर एक्सपर्ट बोले- इसकी अब-तक जांच नहीं, टारगेट के लिए एसओपी की अनदेखी

रायपुर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा स्थित जिला अस्पताल में मोतियाबिंद ऑपरेशन में गड़बड़ी की वजह से 16 मरीजों की आंख संक्रमित हो गई। इस मामले में एक्शन लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सर्जन डॉक्टर समेत 3 कर्मचारियों को सस्पेंड और 2 की सेवा समाप्त कर दी गई लेकिन मरीजों को दी गई दवाओं की जांच अब तक नहीं हुई है।

प्रदेश में इस तरह की घटना पहली बार नहीं हुई बल्कि रमन कार्यकाल में भी ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। सभी मामलों में सबसे पहले स्वास्थ्य विभाग ने ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर्स और उनकी टीम पर एक्शन लिया। अधिकतर केसों में मरीजों को दी जाने वाली सब स्टैंडर्ड दवा को संक्रमण का कारण बताया गया, जिसकी अब तक जांच शुरू नहीं हुई है। 22 सितंबर 2011 को मोतियाबिंद ऑपरेशन में लापरवाही के चलते 48 लोगों की आंखों की रोशनी चली गई थी। चार मरीजों की मौत भी हुई थी। घटनाक्रम के बाद स्वास्थ्य विभाग ने एक्शन लेते हुए 6 लोगों को सस्पेंड किया था। बालोद में मोतियाबिंद ऑपरेशन फेल होने और लोगों की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने गाइडलाइन जारी कर सावधानी बरतने का निर्देश दिया था। इसके



बाद भी साल 2012 में 11 अप्रैल को ऑपरेशन के बाद तीन मरीजों की आंख की रोशनी चली गई।

हालांकि 12 मरीजों को इलाज के बाद दिखना शुरू हो गया। मामले में तत्काल डॉक्टरों पर कार्रवाई हुई, लेकिन जब जांच हुई, तो पता चला कि ऑपरेशन के बाद जो मरीजों को दवाएं दी गई थीं, वो सब स्टैंडर्ड थी।

रायपुर से लगे महासमुंद जिले में मोतियाबिंद ऑपरेशन साल 2012 में फेल होने की जानकारी सामने आई थी। बागबहरा इलाके के सीएचसी में 145 मरीजों का ऑपरेशन किया गया था, जिसमें से 15 मरीजों की आंख संक्रमित हुई थी। संक्रमण की जानकारी होने पर डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया, तो 9 मरीजों की एक आंख निकालनी पड़ी थी। मामले में सीनियर सर्जन समेत पांच कर्मचारियों को सस्पेंड किया गया था। दंतेवाड़ा कांड में इलाज के दौरान क्या-क्या लापरवाही बरती गई? मरीजों की आंखों में इन्फेक्शन कैसे हुआ? इस बात का पता लगाने के लिए अखिल भारतीय नेत्र विशेषज्ञ संगठन की ओर से तीन रेटीना सर्जरी एक्सपर्ट डॉक्टरों का पैनल छत्तीसगढ़ पहुंचा। इस पैनल में नागपुर, सूरत और हैदराबाद के एक्सपर्ट डॉक्टर्स शामिल हैं। टीम मरीजों से मिली जांच के बाद अब इस घटना की पूरी रिपोर्ट बनाकर सौंपेगी। संक्रमित मरीजों को दंतेवाड़ा से रायपुर के डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। इनमें में से चार मरीजों की आंख में एंटरोबैक्टर बैक्टीरिया डॉक्टर्स को मिले हैं। इसके अलावा अन्य मरीजों की आंखों में सूजन कम होने के बाद जांच करने की बात डॉक्टर्स कह रहे हैं। ऑपरेशन के बाद मरीजों की आंखों में संक्रमण के कारणों का विस्तार से पता लगाया गया, जिसमें अधिकांश मामलों में सब स्टैंडर्ड दवा का इस्तेमाल करने और इसमें एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) का पालन नहीं होने की बात सामने आई। दंतेवाड़ा कांड में भी कांग्रेस ने दवा सब स्टैंडर्ड के इस्तेमाल होने और एसओपी की गाइड लाइन का पालन नहीं होने का अंदेशा जताया है। कांग्रेस ने पूरे प्रकरण में विभाग की ओर से मरीजों को दी गई दवाओं की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है। दंतेवाड़ा कांड में पीड़ितों को न्याय दिलाने और पूरे मामले का पता लगाने के लिए कांग्रेस ने जांच कमेटी का गठन किया है। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को सौंप दिया है। रिपोर्ट देखने के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने मंगलवार की शाम पीड़ित मरीजों से मुलाकात भी की थी। कांग्रेस जांच कमेटी के सदस्य डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया, कि मरीजों और उनके परिजनों से चर्चा की है, और जिस अस्पताल में घटना हुई, वहां का मुआयना किया है।

# झारखंड के कई हिस्सों में कांपी धरती

### 3.6 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस हुए, नुकसान की सूचना नहीं

रांची, 2 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड में शनिवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। राज्य के कई हिस्सों में सुबह नौ बजकर 20 मिनट पर धरती कांपी। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.6 मापी गई। इसका केंद्र खूंटी बताया गया। भूकंप के झटके राजधानी रांची, जमशेदपुर और चाईबासा में भी महसूस किए गए। इससे डरे सहमे लोग घरों से बाहर आ गए। फिलहाल किसी तरह के कोई नुकसान की खबर नहीं है। पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है। भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्ति ज्यों-ज्यों दूर होती जाती है, इसका प्रभाव कम होता जाता है।

# तीन जगहों पर देर-रात भड़की आग

## पंडरी में ज्वेलरी शॉप खाक, 4 दुकानें भी चपेट में आई, दो घरों से उठी लपटें

रायपुर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। रायपुर में दीपावली के दूसरे दिन शुक्रवार रात को शहर के तीन अलग-अलग इलाकों में आग लग गई। एक घटना गोकुल नगर में हुई है, तो दूसरी सप्रे स्कूल के पास एक घर पर लगी थी। इसके अलावा पंडरी इलाके में एक ज्वेलरी शॉप भी आग की चपेट में आ गया। इन तीनों घटनाओं में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। ज्वेलरी दुकान में भड़की आग ने बगल में एक फर्नीचर दुकान के अलावा 4 दुकानों को भी चपेट में ले लिया, दुकान में लकड़ी के सामानों के अलावा गद्दे रखे हुए थे, जिससे आग तेजी से फैल गई। पुलिस दुकान के मालिकों से पूछताछ कर नुकसान का आकलन कर रही है। पंडरी इलाके के एक ज्वेलरी दुकान में शुक्रवार देर रात अचानक आग की लपटें उठने लगी। बताया जा रहा है कि दुकान का शटर बंद था, जिस वजह से शुरुआत में लोगों को पता नहीं चला। जब अंदर से तेजी से धुआं निकलने लगा तो फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। पुलिस और फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों को शटर बंद होने की वजह से आग बुझाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आशंका है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी। गोकुल नगर में स्थित एक घर के अंदर रखे पैरा के ढेर में आग लग गई। शुक्रवार रात करीब साढ़े 10 बजे आग पूरे घर में फैल गई। आशंका है कि ये पटाखे या दिए की वजह से ये आग लगी होगी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। यह टिकरापारा थाना क्षेत्र का मामला है। सप्रे स्कूल के पास एक घर पर हुई है। यहां किस वजह से आग लगी है साफ नहीं हो पाया है। लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया और आग फैलने से बच गई। ये कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

# पश्चिमी सिंहभूम के शिवमंदिर में तोड़फोड़

चाईबासा, 2 नवंबर (एजेंसियां)। पश्चिमी सिंहभूम जिले के जैंतगढ़ क्षेत्र के मोची साही स्थित प्राचीन नीलकंठ शिव मंदिर के शिवलिंग को किसी अज्ञात शरारती तत्वों ने तोड़ दिया। स्थानीय लोगों में इस बात की जानकारी होने के बाद काफी आक्रोश है। घटना के विरोध में लोगों ने लोगों ने आज जैंतगढ़ बाजार बंद रखा है। इसके साथ ही मुख्य सड़क को भी जाम कर दिया है। बाजार पूरी तरह बंद है और मुख्य मार्ग पर आवागमन भी ठप हो गया है। जानकारी के अनुसार लोग जब छोटी दीपावली की शाम को मंदिर में दीप जलाने पहुंचे तो देखा कि मंदिर का शिवलिंग पूरी तरह खंडित किया गया है। जिसके बाद घटना की सूचना क्षेत्र में जंगल की आग की तरह फैल गई। लोगों का हुजूम मंदिर के आसपास उमड़ पड़ा। आक्रोशित लोगों ने टायर जलाकर कर रोड को अवरूद्ध कर दिया। पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।

# शिवराज बोले- ध्यान भटका रही झामुमो

## भाजपा सरकार बनने पर पहली कैबिनेट में दो लाख नौकरी

रांची, 2 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान दो चरणों में होना है। 23 नवंबर को मतगणना के बाद सरकार गठन की तस्वीर साफ होगी। इससे पहले राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा और सत्ताधारी दल-झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के बीच बयानों के तीर चल रहे हैं। ताजा घटनाक्रम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना के बयान और उस पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पलटवार का है। मामला सीएम हेमंत सोरेन के हलफनामे में उनकी उम्र का उल्लेख किए जाने से जुड़ा है। केंद्रीय मंत्री और झारखंड में भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा, भाजपा का संकल्प है कि सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में 2 लाख से अधिक खाली पदों को भरने का प्रस्ताव स्वीकृत किया जाएगा।'

बकौल शिवराज सिंह चौहान, भाजपा की सरकार बनने पर कैलेंडर बना कर भर्तियां की जाएंगी।' उन्होंने कहा 'हमारा संकल्प है कि पेपर लीक की पूरी



जांच होगी, गलत तरीके से आयोजित परीक्षाओं को निरस्त किया जाएगा। नौजवानों को न्याय मिलेगा। हम खाली पदों को भरने के अलावा 5 लाख और रोजगार के अवसर सृजित करेंगे।'

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हलफनामे में गलत आयु के उल्लेख को लेकर पत्नी कल्पना सोरेन के बयान से जुड़े एक सवाल पर शिवराज ने पलटवार किया। उन्होंने पूछा, 'हार-जीत वाली बात कहां से आ गई? विषय को भटकाएं नहीं, तथ्यों पर बात करें, तथ्यों को भटकाने की कोशिश क्यों कर रहे हैं? शिवराज ने कहा कि कल्पना सोरेन का बयान उनका अहंकार दिखाता है कि जो चाहेंगे लिख देंगे।' कल्पना सोरेन के बयान पर भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा, कल्पना सोरेन को भाजपा का जवाब है कि विवाद की शुरुआत हमने नहीं उनके पति ने की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 2019 में मजिस्ट्रेट के सामने शपथ ली कि उनकी उम्र 42 साल है।' शाहदेव ने कहा, जब हेमंत सोरेन 2024 में शपथ लेंगे कि उनकी उम्र 49 साल है। तो कल्पना सोरेन के पति आईंस्टीन के सापेक्षता सिद्धांत को साबित कर रहे हैं। या उसे एक नया अर्थ दे रहे हैं।

उन्होंने पूछा कि पांच साल में कोई व्यक्ति सात साल बड़ा कैसे हो सकता है? विवाद की शुरुआत खुद हेमंत सोरेन ने की। हेमंत सोरेन की सरकार ने पांच साल तक झूठ और छल के आधार पर राज्य में सरकार चलाई। अपने राजनीतिक जीवन में एक बार फिर उन्होंने झूठ और छल का सहारा लिया है।

शिवराज के पलटवार से पहले कल्पना सोरेन ने पति हेमंत की आयु से जुड़े विवाद को लेकर एक नवंबर की रात एक सवाल के जवाब में कहा, 'क्या उम्र इतना बड़ा फैक्टर बन गया है? मुझे लगता है कि भाजपा हेमंत सोरेन से इतनी डरी हुई है कि उन्हें कोई विषय नहीं मिल रहा है।' कल्पना के मुताबिक भाजपा अपना भविष्य देख चुकी है। जब से उन्होंने हेमंत को जेल भिजवाया और अब वे बाहर आ चुके हैं। भाजपा हेमंत सोरेन से बुरी तरह डरी हुई है।

# दिवाली पर बाहर आया दुर्लभ दक्षिण मुखी शंख

## 550 साल से रायपुर के दूधाधारी मठ में मौजूद, साल में एक बार ही दर्शन

रायपुर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। रायपुर में स्थित दूधाधारी मठ में पिछले 550 सालों से एक दक्षिण मुखी शंख कैद है। सिर्फ साल में एक बार, दिवाली की रात को ही इसे बाहर निकाला जाता है। 1 नवंबर की रात यानी शुक्रवार को लक्ष्मी पूजा के बाद इस शंख को बाहर निकाला गया, इसके दर्शन के लिए दूर-दराज से लोग पहुंचे थे। मान्यता है कि इस शंख में मां लक्ष्मी का वास है।

मठ के महंत रामसुंदर दास बताते हैं कि करीब साढ़े पांच सौ साल पहले मठ को बनाने वाले महंत इस शंख को दूधाधारी लेकर आए थे। तभी से दिवाली की रात पूजा के बाद आम लोगों को इसके दर्शन कराए जाते हैं। इसके बाद पूरे साल इसे सुरक्षित एक कमरे में बंद कर दिया जाता है। मान्यता है कि शंख के दर्शन से पुण्य मिलता है। एक नवंबर की



रात बड़ी संख्या में लोग इस शंख के दर्शन के लिए मठ पहुंच रहे थे। मठ में पुराने लोहे की सलाखों वाले गेट के भीतर लकड़ी के खंभों वाले पुराने कमरे में शंख रखा था। इस जगह को मठ के लोग राम निवास कहते हैं। यहां भगवान राम के सोने के आभूषण सुरक्षित रखे जाते हैं। ये जगह मठ की सबसे सुरक्षित जगह है। सिर्फ महंत को ही यहां प्रवेश की इजाजत है। पूजा के बाद कुछ ही मिनट के लिए शंख को निकाला गया। लोगों ने दर्शन किए, फिर वापस इसे ताले में बंद कर दिया गया। इसके बाद भी लोग मठ में आते रहे, शंख के दर्शन करने की मांग करते रहे। मगर नियम सख्त हैं, एक बार शंख बंद हुआ तो फिर इसे बाहर निकाला नहीं जाता। दरअसल, शंख की प्राप्ति समुद्र मंथन से हुई है, जिस वक्त देवताओं असुरों के बीच समुद्र मंथन हुआ था। उस दौरान 14 रत्न प्राप्त किए गए थे, जिसमें से एक शंख भी है। शंखों में सबसे श्रेष्ठ दक्षिणावर्ती शंख को बताया गया है। वामावर्ती शंखों का पेट बाईं तरफ खुला हुआ रहता है जबकि दक्षिणावर्ती शंख का मुख दायीं तरफ होता है। शास्त्रों में इस शंख को बेहद शुभ कल्याणकारी माना गया है। इस शंख में लक्ष्मी जी का वास माना जाता है। इस शंख से नकारात्मक ऊर्जा भी दूर हो जाती है।

# दिवाली के दिन 2 नाबालिगों की मौत

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, इधर हसदेव नदी में डूबने से व्यक्ति ने तोड़ा दम

सरगुजा/मनेंद्रगढ़, 2 नवंबर (एजेंसियां)। मनेंद्रगढ़ में दीपावली के दिन सड़क हादसे में 2 नाबालिग लड़कों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक झारखंड के रहने वाले नीलेश कुमार (13), आयुश कुमार (15) और अजय पनिका (16) बाइक से दीपावली की खरीदारी करने मनेन्द्रगढ़ आए हुए थे। इस दौरान तीनों सड़क किनारे बाइक पार्क कर आपस में बात करने लगे। तभी दूसरी ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने तीनों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में तीनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल लाया गया। जहां नीलेश कुमार और आयुश कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं अजय को इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया गया है।

# सड़क हादसे में दो की दर्दनाक मौत

## एक युवक की हालत गंभीर, घटना से परिजनों का बुरा हाल

जगदलपुर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। जगदलपुर के नगरनार थाना क्षेत्र के डोंगरीगुड़ा में रहने वाले तीन दोस्तों में से दो की सड़क हादसे में मौत हो गई, वहीं एक गंभीर रूप से घायल है। इस घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

बचपन से जिन दोस्तों को एक साथ घूमते देखा जाता था, उन्हीं में से दो की अर्थी एक साथ निकलने के साथ ही चिता भी एक साथ जलेगी।

इस हृदय विदारक घटना के बाद से परिजनों का बुरा हाल है। मामले की जानकारी देते हुए बताया कि डोंगरीगुड़ा निवासी जयसिंह कश्यप पिता स्व. मोहन कश्यप 23 वर्ष जगदलपुर में एक गैरेज में काम करता था, पिता पुलिस विभाग में थे, जिनकी 5 वर्ष पहले मौत हो गई, पिता के मौत के बाद घर की पूरी जिम्मेदारी जयसिंह के ऊपर आ गई, घर मे छोटा भाई विजय व माँ राधा रह रही थी।

वहीं दूसरे युवक लखीराम मौर्य 26 वर्ष के बड़े भाई पिलकू राम मौर्य ने बताया कि लखीराम 3 भाई बहनों में सबसे छोटा था, कालेज की पढ़ाई करने के बाद बेरोजगार था, व तीसरा दोस्त डूमर नाग 25 वर्ष भी था, तीनों बचपन से एक ही मोहल्ले में रहते थे, घर भी कुछ कदमों के फासले में था, इसलिए तीनों एक साथ ही घूमते थे, शुक्रवार की शाम को जयसिंग अपने स्कूटी में शाम 4 बजे लखीराम व डूमर को लेकर निकला था, लेकिन रात को कार के साथ हुए हादसे में जयसिंह व लखीराम की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में मातम छा गया है।

# अलका तिवारी ने चीफ सेक्रेटरी का लिया प्रभार

## राज्य की तीसरी महिला मुख्य सचिव पति डॉ डीके तिवारी भी रह चुके हैं सीएस

रांची, 2 नवंबर (एजेंसियां)। अलका तिवारी झारखंड की नई मुख्य सचिव बन गई हैं। उन्होंने आज से अपना काम-काज संभाल लिया है। एक दिन पहले ही कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने उनकी नियुक्ति से संबंधित पत्र जारी किया था। अलका तिवारी को सदस्य राजस्व पर्षद के पद से स्थानांतरित करते हुए मुख्य सचिव बनाया गया है। इसकी सहमति निर्वाचन आयोग से भी मिल गई है। एल. ख्यांग्ते के रिटायर होने के बाद अलका तिवारी मुख्य सचिव बनाई गई हैं। बता दें कि 1988 बैच की आईएएस अधिकारी अलका तिवारी राज्य की तीसरी महिला मुख्य सचिव बनी हैं। इनसे पहले डॉ. लक्ष्मी सिंह और राजबाला वर्मा पद की शोभा बढ़ा चुकी हैं। अलका तिवारी के पति डीके तिवारी भी राज्य के मुख्य सचिव रह चुके हैं। वह 1986 बैच के आईएएस अधिकारी रहे हैं। डॉ



डीके तिवारी राज्य के 22वें चीफ सेक्रेटरी रहे हैं। वह 31 मार्च 2020 को रिटायर हुए थे। उन्होंने रघुवर दास के मुख्यमंत्रित्व काल में जिम्मेदारी संभाली थी। सेवानिवृत्ति के बाद वे वर्तमान में राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर आसीन हैं।

अलका तिवारी 30 सितंबर 2025 को रिटायर होंगी, ऐसे में वो भी करीब 11 महीने तक मुख्य सचिव के पद पर काम कर सकती हैं। झारखंड कार्डर की अधिकारी अलका तिवारी कई महत्वपूर्ण पदों को संभाल चुकी हैं। वह गुमला और लोहरदगा जिले की उपायुक्त भी रह चुकी हैं। वह कई विभागों में सचिव का पद संभाल चुकी हैं। भारत सरकार में उन्होंने नीति आयोग में परामर्शी का पद संभाला तो डिपार्टमेंट ऑफ फर्टिलाइजर में कई जिम्मेदारियों को निभाया। अलका तिवारी के नाम कई उपलब्धियां भी हैं।

फर्टिलाइजर कंपनी के सीएमडी के तौर पर कार्य करते हुए उन्हें एफएजीएमएल कंपनी को घाटे से निकालकर फायदे में लाने का श्रेय मिलता है। अलका मेरठ विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर हैं। उन्हें राज्यपाल का स्वर्ण पदक मिला है। उन्होंने यूके के मैनचेस्टर विश्वविद्यालय के सिविल और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग विभाग से एमएससी किया।

# दामाखेड़ा कबीरपंथी आश्रम पर पटाखे-पत्थर से हमला

## प्रकाश मुनि के बेटे को जान से मारने की धमकी, हिरासत में 16 आरोपी, पुलिस बल तैनात

बलौदाबाजार, 2 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में शुक्रवार की रात कबीर पंथ के गुरु प्रकाश मुनि साहेब के आश्रम दामाखेड़ा में पटाखा फोड़ने को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान उपद्रवियों ने प्रकाश मुनि के बेटे उदित मुनि पर हमला कर दिया। इसके बाद आश्रम के अंदर बम फेंका और पत्थरबाजी की गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए गृहमंत्री विजय शर्मा और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा रात में ही आश्रम पहुंचे और हालातों का जायजा लिया। घटना सिमगा थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने इस मामले में 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है। सुरक्षा के नजरिए से दामाखेड़ा आश्रम पर पुलिस बल तैनात किया गया है।

एसडीओपी एश्वर्य चंद्राकर ने बताया कि कुछ ग्रामीणों ने हुजदंगबाजी की है। आश्रम के अंदर पटाखे फेंके गए हैं। फटाखे जलाने को लेकर ग्रामीणों और उदित मुनि के बीच विवाद हुआ था। कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। अभी स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस के अनुसार 1 नवंबर की रात पटाखे जलाने को लेकर हुई बहसबाजी के बाद लगभग 09:45 बजे कुछ ग्रामीण लाठी, डंडा और बम पटाखों के साथ आश्रम में जबरदस्ती प्रवेश कर गए। आरोप है कि उन्होंने वहां उदित मुनि को जान से मारने की धमकी देते हुए अश्लील गालियां दीं। बम पटाखा फेंक दिया। इसके साथ ही पत्थरबाजी भी की गई।

सिमगा थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद पुलिस ने धारा 191(2), 193(3), 190, 331, 296, 351(3), 298 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। प्रकाश मुनि की शिकायत पर पुलिस ने दामाखेड़ा के सरपंच पति सहित अन्य लोगों पर एफआईआर दर्ज किया है। मामले पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि दामाखेड़ा कबीरपंथियों का आस्था का केंद्र है और वहां रात अज्ञात लोगों ने हमला किया। यह बहुत ही निंदनीय घटना है। अभी हम लोग दामाखेड़ा जा रहे हैं। वहां आश्रम के लोगों से चर्चा करेंगे।

दामाखेड़ा आश्रम के पास हुई घटना के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। बलौदाबाजार जिले में भी सुरक्षा को चाक चौबंद कर दिया गया है।

# 48 घंटे में 6 लोगों की हत्या

## ज्यादातर हमले चाकू और धारदार हथियार से, दीपावली में बदमाशों ने शहरभर मचाया उत्पात

रायपुर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। राजधानी रायपुर में बीते 48 घंटे में 6 लोगों की हत्या हो चुकी है। बताया जा रहा है कि ये संख्या और बढ़ सकती है। कुछ मामलों में पुलिस अभी प्रारंभिक जांच पड़ताल में जुटी है। इस वजह से वह हत्या की पुष्टि नहीं कर रही है। इसके अलावा कुछ वारदात में युवक गंभीर हालत में अस्पतालों में भर्ती है। जिनका इलाज जारी है। यह वारदातें दीपावली और उसके अगले दिन शहर भर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई है।

**पहली वारदातः** रायपुर के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के भाटागांव स्थित बीएसयूपी कॉलोनी में जुए में हार जीत को लेकर विवाद हुआ। इस दौरान संजय यादव (35) पर तीन-चार आरोपियों ने पेचकस और बियर की बोतल से उसके सीने में और पेट पर वार किया।

इस दौरान उसके भी भाई ने बीच बचाव करने की कोशिश की लेकिन, आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। हमले में संजय लहूलुहान हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

इस मामले में दूसरे पक्ष के भी एक युवक आनंद सिंह की भी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। उसके भी शरीर में कई जगह धारदार हथियार से हमला किया गया था। पहले उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से डीकेएस अस्पताल में रिफर कर दिया गया था। पुलिस पोस्टमार्टम के बाद लाश परिजनों को सौंप दिया है।

**दूसरी वारदातः** मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार रात कृष वर्मा की हत्या हुई है। वह अपने मोहल्ले देवार पारा में घूम रहा था, तभी पुरानी रंजिश को लेकर नशे में धुत युवकों ने कृष पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में कृष बुरी तरह से घायल हो गया। सीने पर जख्म के निशान हैं। वहीं सीने पर उसके 786 का टैटू बना हुआ है।

# मैथन टोल प्लाजा के पास खड़ी ट्रक में लगी आग

## ट्रक में लदे थे पुराने टायर, निरसा से बंगाल जा रही थी ट्रक, चालक-खलासी हुए फरार

धनबाद, 2 नवंबर (एजेंसियां)। धनबाद के निरसा राष्ट्रीय राजमार्ग मैथन ओपी क्षेत्र के टोल प्लाजा के समीप एक खड़ी ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगी। इसके कारण आसपास अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ट्रक निरसा की ओर से आ रही थी। जिसे पश्चिम बंगाल जाना था। ट्रक चालक गाड़ी को मैथन टोल प्लाजा के समीप खड़ा किया था। आग को देखते हुए स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मैथन के अग्निशमन विभाग से संपर्क किया और तुरंत अग्निशमन विभाग की दस्ता घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। बताया जा रहा है कि उक्त ट्रक में पुराने टायर लोड थे। जिस कारण आग और भी तेजी से फैलने लगी। मैथन अग्निशमन दस्ता और सीआईएसएफ के जवानों ने मोर्चा संभाला। जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। ट्रक का चालक और खलासी दोनों फरार बताए जा रहे हैं।

# महिला ने अश्लील वीडियो वायरल करने की दी धमकी

## मंत्री मिथिलेश को हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश, केस दर्ज

रांची, 2 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर को हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश की गई। उन्होंने शुक्रवार को खुद वीडियो जारी कर यह जानकारी दी। उन्होंने चाईबासा सदर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। साथ ही विपक्ष पर हनी ट्रैप में फंसाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। मंत्री के मुताबिक गुरुवार को मोबाइल नंबर 6377756892 से बार-बार वीडियो कॉल आ रहा था। उन्होंने कॉल उठाया तो दूसरी ओर से एक महिला अश्लील हरकत करती हुई दिखी। यह देख उन्होंने फोन काट दिया। इसके बाद उनके मोबाइल पर उसी नंबर से 11 सेकेंड का अश्लील वीडियो भेजा गया। साथ ही उन्हें उसी नंबर से एक मैसेज भी भेजा गया। इसमें कहा है कि सोशल मीडिया अकाउंट पर आपकी वीडियो अपलोड कर रही हूं। आपके सोशल मीडिया फ्रेंड के पास भी यह वीडियो भेज रही हूं। डिलीट करना चाहते हो या वायरल, जल्द बोलो। इसके बाद मिथिलेश ठाकुर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वीडियो जारी करके हनी ट्रैप में फंसाने का प्रयास किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विपक्ष कुछ भी कर ले, मिथलेश ठाकुर को पीछे नहीं कर सकता। जनता सब देख रही है। पिछले पांच सालों में किए गए काम पर जनता वोट देगी। मंत्री ने कहा कि गुरुवार को दिवाली और काली पूजा होने की वजह से वे चाईबासा स्थित अपने घर आए थे। अमला टोला स्थित घर पहुंचने के बाद शाम करीब 4:35 बजे यह वीडियो कॉल आया था। मैंने उस नंबर को ब्लॉक कर दिया है। इसके बाद तरह-तरह की धमकी भरे मैसेज आ रहे हैं। इसके बाद चाईबासा सदर थाने में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने इस मामले की जांच कर हनी ट्रैप में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# अमेरिका में कोई भी भारतीय वोटरों को नहीं कर सकता अनदेखा

## ट्रंप और हैरिस में किसे मिलेगा साथ



न्यूयॉर्क, 2 नवंबर (एजेंसियां)। बेहतर भविष्य की आस लिए अमेरिका आकर बसे भारतीय समुदाय के लोग पांच नवंबर को होने जा रहे राष्ट्रपति चुनाव में आव्रजन नीति, अर्थव्यवस्था तथा गर्भपात के अधिकार जैसे मुद्दों को अहमियत दे रहे हैं। इस बीच डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने भी भारतवंशियों के लिए इस चुनाव को और दिलचस्प बना दिया है। भारत से जुड़ी अपनी जड़ों का हवाला देकर जहां वह भारतवंशियों का समर्थन जुटाने की पुरजोर कोशिश में लगी हैं।

वहीं दूसरी ओर उनके प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने दीपावली के शुभकामना संदेश में अमेरिका और बांग्लादेश सहित पूरी दुनिया में हिन्दुओं के हितों को सुरक्षित करने की अपनी प्रतिबद्धता जताने और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपनी निकटता प्रदर्शित कर चुनाव के आखिरी समय में ऐसा तुरूप का पत्ता फेंका है। इससे भारतवासी ही नहीं बल्कि अमेरिका में रह रहे भारतवंशी भी काफी खुश दिखाई दे रहे हैं।

**भारतीयों की नहीं कर सकते अनदेखी**

विभिन्न चुनाव पूर्व सर्वेक्षण दोनों ही उम्मीदवारों के बीच कांटे की टक्कर की बात कह रहे हैं। एरिजोना के साथ-साथ विस्कॉन्सिन, मिशिगन, नॉर्थ कैरोलाइना, जॉर्जिया, पेन्सिल्वेनिया और नेवाडा वो राज्य हैं जहां मामला काफी करीबी है। ऐसे में मतदाताओं का थोडा सा इधर-उधर रूझान भी जीती हुई बाजी पलट सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप यहां आप्रवासी भारतीयों को रिझाने के लिए बड़े-बड़े चुनावी वायदे कर रहे हैं। ऊंची सामाजिक-आर्थिक स्थिति ने देश की राजनीति में आप्रवासी भारतीयों के कद को बढ़ाया है। ऐसे में कोई भी राजनीतिक दल इनकी अनदेखी करने की स्थिति में नहीं है।

पुराना ट्रैक रिकार्ड देखें तो भारतीय समुदाय का रूझान हमेशा से ही डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि प्रवासियों को लेकर डेमोक्रेटिक पार्टी का रूख बहुत सकारात्मक ना सही लेकिन बहुत नकारात्मक कभी नहीं रहा है। दूसरी ओर रिपब्लिकन पार्टी एक रूढ़ीवादी पार्टी मानी जाती है और आव्रजन नियमों को लेकर इसकी नीतियां हमेशा से ही बहुत सख्त रही हैं। यह पार्टी व्हाइट सुप्रिमेसी पर विश्वास रखने वाली पार्टी है। इसमें उग्र राष्ट्रवाद का पुट भी दिखाई देता है।

**अमेरिका में कितने भारतीय**

भारत वंशियों का अमेरिका में टिकना पूरी तरह से आव्रजन नियमों पर ही निर्भर करता है। अमेरिका के जनगणना ब्यूरो के अनुसार देश की कुल 37 करोड़ 33 लाख की आबादी में भारत वंशियों की संख्या 52 लाख यानी कि डेढ़ फीसदी से भी कम है। इनमें से भी केवल 46 से 50 फीसदी ही मतदाता हैं, यानी कि कुल 25 लाख मतदाता हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि इनका एक बड़ा हिस्सा अभी भी एच-वन वीजा, स्टूडेंट वीजा या ग्रीन कार्ड की बदौलत अमेरिका में रह रहा है। नागरिकता की प्रतीक्षा कर रहे ऐसे लोगों के लिए आव्रजन नीति पर सरकार का रवैया बहुत मायने रखता है। हालांकि आव्रजन नियमों को लेकर भारतवंशी दो खेमे में बंटे दिखाई देते हैं। एच-वन वीजा पर काम कर रहे और आगे ग्रीन कार्ड और नागरिकता पाने के इच्छुक आप्रवासी भारतीय ज्यादातर डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस के समर्थक दिखते हैं जबकि जिन्हें ग्रीन कार्ड और नागरिकता मिल चुकी उनका झुकाव डोनाल्ड ट्रंप की ओर ज्यादा है।

# रूस में जाते ही ढेर होने लगे किम जोंग के लड़ाके

## उत्तर कोरिया के 40 एलीट सैनिक ढेर सिरकटी लाशों के नीचे छिप बचाई जान

कीव, 2 नवंबर (एजेंसियां)। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है। इस युद्ध में उत्तर कोरिया ने अपने एलीट सैनिकों को तैनात किया है। इस बीच यूक्रेन ने कहा है कि उसने उत्तर कोरिया के 40 सैनिकों को मार दिया है। यह खबर ऐसे समय में आई है जब कुछ दिनों पहले ही उत्तर कोरिया ने रूस की मदद के लिए अपने सैनिकों को तैनात किया था। उत्तर कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन और पुतिन के बीच घनिष्ठ संबंध हैं। रूस के कुर्स्क क्षेत्र के एक बड़े हिस्से पर इस समय यूक्रेन का कब्जा है। इस कारण लगातार रूस के सैनिकों की मौत हो रही है। इसी लिए किम जोंग ने अपने सैनिक भेजे थे। कुर्स्क में यूक्रेनी सैनिकों के साथ पहली मुठभेड़ के दौरान 40 उत्तर कोरियाई सैनिक पहले ही मारे जा चुके हैं। द सन की रिपोर्ट के मुताबिक गंभीर रूप से घायल बचे एक उत्तर कोरियाई सैनिक ने कहा कि रूसियों ने हमें हमला करने के लिए दौड़ाया, लेकिन यूक्रेनियों ने हम पर आर्टिलरी और ड्रोन से हमला किया। यूक्रेन के हमले पर उसने कहा, 'हम 40 थे, लेकिन सब मारे गए।'

# अमेरिका ने भारत की 19 कंपनियां बैन कीं

## चीन समेत कई देशों की 379 कंपनियों पर भी प्रतिबंध, आरोप- ये रूस को युद्ध का सामान दे रहीं

वॉशिंगटन, 2 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका ने भारत की 19 कंपनियों समेत रूस, चीन, मलेशिया, थाईलैंड, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात जैसे एक दर्जन से ज्यादा देशों की 398 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका का आरोप है कि ये कंपनियां फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद से रूस को साजो-सामान उपलब्ध करवा रही हैं, जिनका इस्तेमाल रूस युद्ध में कर रहा है। इनमें से ज्यादातर कंपनियां इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की सप्लायर हैं; जबकि कुछ कंपनियां विमान के पुर्जे, मशीन टूल्स आदि भी सप्लाई करती हैं। भारत सरकार ने अभी इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अमेरिका ने एक बयान जारी कर कहा है कि विदेश, ट्रेजरी और वाणिज्य विभाग ने ये प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने रूसी रक्षा मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारियों और रक्षा कंपनियों पर भी राजनयिक प्रतिबंध लगाए हैं। उनके मुताबिक, इस प्रतिबंध का उद्देश्य तीसरे पक्ष के देशों को सजा देना है। अमेरिकी विदेश विभाग ने 120 कंपनियों की लिस्ट तैयार की हैं। इसमें भारत की चार कंपनियां भी शामिल हैं। इसमें इनके खिलाफ लगे आरोपों का विवरण भी दिया गया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के मुताबिक एसेंड एविएशन ने मार्च 2023 और मार्च 2024 के बीच रूस स्थित कंपनियों को 700 से ज्यादा शिपमेंट भेजे हैं। इसमें करीब 2 लाख अमेरिकी डॉलर (1 करोड़ 68 लाख रुपए से ज्यादा) कीमत की वस्तुएं शामिल थीं। अमेरिका ने एसेंड एविएशन से जुड़े दो भारतीय नागरिकों पर भी प्रतिबंध लगाया है। इनका नाम विवेक कुमार मिश्रा और सुधीर कुमार है। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक ये दोनों, एसेंड एविएशन से जुड़े हैं। एसेंड एविएशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट के मुताबिक यह कंपनी मार्च, 2017 में बनी थी। दूसरी भारतीय कंपनी मास्क ट्रांस पर आरोप है कि उसने जून 2023 से अप्रैल 2024 के बीच 3 लाख डॉलर (करीब 2.52 करोड़ रुपए) के सामान भेजे। इनका इस्तेमाल रूस ने एविएशन से जुडे.कामों में किया। टीएसएमडी ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर आरोप है कि उसने 4.30 लाख डॉलर (3.61 करोड़ रुपए) का सामान रूसी कंपनियों को दिया। इसमें इलेक्ट्रॉनिक इंटीग्रेटेड सर्किट, सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट और दूसरे फिक्स कैपेसिटर शामिल थे। एक और कंपनी फुट्रेवो पर आरोप है कि उसने जनवरी 2023 से फरवरी 2024 के बीच 14 लाख डॉलर (11.77 करोड़ रुपए) का इलेक्ट्रॉनिक सामान रूस को दिया है। विशेषज्ञों के मुताबिक, प्रतिबंध के जरिए कंपनियों को स्विफ्ट बैंकिंग सिस्टम में ब्लैकलिस्ट कर दिया जाता है। इससे ये कंपनियां उन देशों से लेन-देन नहीं कर पाती हैं, जो रूस-यूक्रेन युद्ध में रूस के खिलाफ हैं। जिन कंपनियों पर प्रतिबंध लगा है, उनकी संपत्तियां भी उन देशों में फ्रीज हो सकती हैं, जो इस बैन के पक्ष में हैं। अमेरिका चाहता है कि रूस की अर्थव्यवस्था कमजोर हो जाए और उसकी डिफेंस इंडस्ट्री को वो सामान ना मिल पाए, जिसकी मदद से वह युद्ध लड़ रहा है। हालांकि, इस कदम से भारत-अमेरिका के संबंधों पर खास असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि दोनों देशों के बीच पहले से अच्छे संबंध हैं। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका ने भारतीय कंपनियों को निशाना बनाया है।

# कनाडा ने पहली बार कहा-भारत खतरा पैदा करने वाला देश

## नॉर्थ कोरिया-ईरान समेत 5 देशों की लिस्ट में शामिल किया, कनाडा-इंडिया संबंधों में विवाद जारी



ओटावा, 2 नवंबर (एजेंसियां)। कनाडा की जासूसी एजेंसी कम्युनिकेशन सिक्योरिटी एस्टैब्लिशमेंट (सीएसई) ने खतरा पैदा करने वाले देशों की सूची में भारत को शामिल किया है। मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक, यह पहली बार है, जब कनाडा सरकार की इस लिस्ट में भारत का नाम आया है। दरअसल, सीएसई के साइबर विभाग ने 31 अक्टूबर को रिपोर्ट जारी की। इसमें 2025-26 में खतरा पैदा करने वाले देशों के नाम हैं। इस लिस्ट में भारत को चीन, रूस, ईरान, उत्तर कोरिया के बाद पांचवें नंबर पर रखा गया है। गवर्नमेंट ऑफ कनाडा की ऑफिशियल वेबसाइट पर यह लिस्ट मौजूद है।

सीएसई की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत सरकार आधुनिक साइबर प्रोग्राम तैयार कर रही है, जो कनाडा के लिए कई स्तरों पर खतरा पैदा करते हैं। मुमकिन है कि भारत साइबर प्रोग्राम का इस्तेमाल अपनी नेशनल सिक्योरिटी को मजबूत करने के लिए करेगा। भारत साइबर प्रोग्राम के जरिए जासूसी, आतंकवाद का मुकाबला, काउंटर नैरेटिव तैयार करना और दुनिया में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत-कनाडा तनाव की वजह से हैकिंग की घटनाओं को बढ़ावा मिला है। भारत पर एक कनाडाई नागरिक की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाने के बाद ऐसी घटनाएं बढ़ी हैं। एक भारत समर्थक हैकिंग ग्रुप ने दावा किया है कि उसने कनाडा की वेबसाइट्स को नुकसान पहुंचाया है। इससे कनाडा आर्म्ड फोर्स की एक वेबसाइट भी प्रभावित हुई।

18 जून 2023 की शाम को कनाडा के सरे शहर के एक गुरुद्वारे से निकलते समय निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने पिछले साल 18 सितंबर को भारत सरकार पर निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया था, जिसे भारत ने खारिज किया था। इसके बाद 3 मई को निज्जर की हत्या के 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। ये तीनों आरोपी भारतीय हैं।

# रूस और ईरान की दोस्ती से डरे इजरायल और अमेरिका

## मॉस्को के प्लान से कैसे ताकतवर होगा शिया मुल्क

यरुशलम, 2 नवंबर (एजेंसियां)। रूस लंबे समय से मध्य पूर्व की घटनाओं से खुद रखने का प्रयास करता रहा है, लेकिन 7 अक्तूबर के बाद बनी नई स्थिति इसे पहले से कहीं अधिक कठिन बना दिया है। ईरान के साथ रूस के बढ़ते रक्षा संबंधों ने इसे और पेचीदा बना दिया है। साल 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद से रूस और ईरान के रक्षा संबंध बड़ी छलांग लगा चुके हैं। यूक्रेन पर हमले ने मॉस्को को ईरान के साथ सैन्य साझेदारी को प्रेरित किया है, लेकिन ये दोस्ती अब अमेरिका और इजरायल के लिए गंभीर चिंता की वजह बन चुकी है।

रूस न केवल ईरान को अपनी सुरक्षा मजबूत करने में सहायता दे रहा है, बल्कि वह तेहरान से ड्रोन और मिसाइल जैसे उच्च तकनीक वाले हथियारों की खरीद कर उसे धन भी मुहैया कर रहा है, जिससे कट्टर शिया मुल्क को क्षेत्र में अपने प्रॉक्सी के जरिए हिंसा फैलाने में मदद मिल रही है। ईरान ने ड्रोन इंडस्ट्री में काफी तरक्की की है। उसने रूस को यूक्रेन पर हमले के लिए बड़ी संख्या में यूएवी दिए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने 10 सितम्बर को कहा कि 'ईरान ने अब रूस को फतह 360 मिसाइलें दी हैं और संभवतः कुछ हफ्तों के भीतर यूरोप में यूक्रेन के खिलाफ उनका उपयोग करेगा।' ब्लिंकन ने जोर देकर कहा कि ये मिसाइलें यूरोपीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं और संभवतः कम दूरी के लक्ष्यों के खिलाफ दागी जाएंगी। अब रूस भी ईरान को कर्ज चुकाने की तैयारी कर रहा है। इजरायली मीडिया आउटलेट वाईनेट की रिपोर्ट के अनुसार, हालिया लीक से पुष्टि होती है कि क्रेमलिन अब न केवल ईरान को बल्कि तेहरान समर्थित प्रॉक्सी समूहों को भी हथियार देने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। ईरान के प्रॉक्सी इन हथियारों का इस्तेमाल इजरायल को निशाना बनाने के लिए करेगा। हालांकि, अभी रूस यूक्रेन में उलझा हुआ है लेकिन एक बार लड़ाई कम होने पर मॉस्को तेहरान को और मदद के लिए स्वतंत्र हो जाएगा। यह ऐसी स्थिति है जिसके लिए अमेरिका और इजरायल को तैयार रहना होगा। पश्चिम को इस नई वास्तविकता को स्वीकार करना होगा कि भले ही यूक्रेन के खिलाफ रूस का युद्ध समाप्त हो जाए, लेकिन इस बात की उम्मीद बहुत कम है कि ईरान-रूस रक्षा संबंध 2022 से पहले की स्थिति में चला जाएगा। ईरान और रूस के बीच ऐसी बहुत सी सैन्य जरूरते हैं, जिसमें दोनों एक दूसरे की मदद कर सकते हैं।

# पूर्व राष्ट्रपति के विशेषाधिकार पर श्रीलंका में सियासी घमासान

कोलंबो, 2 नवंबर (एजेंसियां)। श्रीलंका में अनुरा कुमारा दिसानायके के राष्ट्रपति बनने के बाद उनके सामने कई चुनौतियां हैं। चंद हफ्ते पहले राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद दिसानायके अजीबो-गरीब सियासी घमासान से जूझ रहे हैं। दरअसल, देश के पूर्व राष्ट्रपतियों को मिलने वाले विशेषाधिकार को लेकर विवाद हो रहा है। कथित तौर पर पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे की सुरक्षा में भी कटौती की गई है। इस मुद्दे पर दिसानायके की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि पूर्व राष्ट्रपति की सुरक्षा में कोई कटौती नहीं की गई है। इस संबंध में प्रसारित हो रहीं तमाम मीडिया रिपोर्ट्स झूठी और भ्रामक हैं। शुक्रवार को (श्रीलंका के समय) जारी बयान के मुताबिक राष्ट्रपति सचिवालय की तरफ से यह बयान उस समय जारी किया गया जब पूर्व राष्ट्रपतियों ने दिसानायके के कार्यकाल में होने वाले संभावित फैसले को लेकर चिंता जताई। खबरों के मुताबिक राष्ट्रपति दिसानायके के नेतृत्व में नई श्रीलंकाई सरकार पूर्व राष्ट्रपतियों के विशेषाधिकारों में कटौती करेगी। इस संबंध में आई खबरों के मुताबिक श्रीलंका की नई कैबिनेट से जुड़ी एक उप-समिति जल्द ही देश के पूर्व राष्ट्रपतियों को दिए गए विशेषाधिकारों की समीक्षा करेगी। राष्ट्रपति सचिवालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक दिसानायके के नेतृत्व में सरकार इस मामले पर भविष्य की कार्रवाई समिति की तरफ से की गई सिफारिशों के आधार पर ही करेगी। बता दें कि बीते 21 सितंबर को श्रीलंकाई राष्ट्रपति बनने पर दिसानायके ने पूर्व राष्ट्रपतियों के सभी विशेषाधिकारों को रोकने का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा था पूर्व राष्ट्रपतियों को मिलने वाली सुविधाएं और विशेषाधिकार देश के करदाताओं पर बोझ हैं।

# महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन की सजा मौत?

## 29 नाबालिगों को दी जा सकती है फांसी

अबुजा, 2 नवंबर (एजेंसियां)। नाइजीरिया में बेतहाशा बढ़ती महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल होने के लिए 29 नाबालिग किशोरों को शुक्रवार को आरोपी बनाया गया और इस मामले में दोषी पाए जाने पर उन्हें मौत की सजा दी जा सकती है। आरोप पत्र के अनुसार इन नाबालिगों की उम्र 14 से 17 वर्ष के बीच है। अदालत में अपनी दलील रखने से पहले उनमें से चार किशोर थकावट के कारण बेहोश होकर गिर गए थे। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस के मुताबिक, आरोप पत्र में नाइजीरिया में बेतहाशा बढ़ती महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए कुल 76 प्रदर्शनकारियों पर 10 संगीन आरोप लगाए गए, जिनमें राजद्रोह, संपत्ति को नष्ट करना, उपद्रव मचाना और विद्रोह करना शामिल हैं। नाइजीरिया में जीवन जीने की लागत बढ़ने के कारण हाल के महीनों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए हैं। प्रदर्शन के दौरान चली थी गोली युवाओं के लिए बेहतर अवसरों और नौकरियों की मांग को लेकर अगस्त में हुए प्रदर्शन के दौरान कम से कम 20 लोगों को गोली मार दी गई थी जिससे उनकी मौत हो गई थी और सैकड़ों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया था। नाइजीरिया में मृत्युदंड की सजा 1970 के दशक में शुरू की गई थी, लेकिन 2016 के बाद से देश में किसी को भी मौत की सजा नहीं दी गई। अबुजा के एक निजी वकील अकिंतयो बालोगन ने कहा कि बाल अधिकार अधिनियम के तहत किसी भी नाबालिग के खिलाफ अपराधिक कार्यवाही नहीं की जा सकती और न ही उसे मौत की सजा दी जा सकती है। बालोगन ने कहा कि इसलिए नाबालिगों को संघीय उच्च न्यायालय के समक्ष पेश करना ही ठीक नहीं है। प्रदर्शन में शामिल कुछ किशोरों की पैरवी करने वाले वकील मार्शल अबूबकर ने बताया कि अदालत ने आखिरकार प्रत्येक प्रतिवादी को जमानत दे दी तथा उन पर कठोर शर्तें लगाई हैं।

# कंजर्वेटिव पार्टी की नई प्रमुख होंगी केमी बेडेनोच

## चुनाव में प्रतिद्वंद्वी रॉबर्ट जेनेरिक को हराया



केमी बेडेनोच, रॉबर्ट जेनरिक

लंदन, 2 नवंबर (एजेंसियां)। ब्रिटेन की कंजर्वेटिव पार्टी ने शनिवार को केमी बेडेनोच अपना नया नेता चुन लिया है। बेडेनोच ने अपने प्रतिद्वंद्वी रॉबर्ट जेनेरिक को करीब एक लाख पार्टी सदस्यों के वोट से हराया। पार्टी प्रमुख के साथ ही बेडेनोच अब 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में नेता प्रतिपक्ष भी होंगी, जो (पूर्व प्रधानमंत्री) ऋषि सुनक की जगह लेंगी। कंजर्वेटिक पार्टी को इस साल हुए आम चुनाव में लेबर पार्टी से हार का सामना करना पड़ा था। 14 साल बाद लेबर पार्टी सत्ता में आई है।

सुनक के नेतृत्व में कंजर्वेटिव पार्टी को इस साल हुए आम चुनाव में बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। कंजर्वेटिव पार्टी ने पहली बार 1832 के बाद चुनाव में 200 से अधिक सीटें गवां दीं, जिससे उनके सदस्यों की कुल संख्या 121 रह गई। वह पहली अश्वेत महिला नेता हैं, जिन्हें कंजर्वेटिव पार्टी का प्रमुख बनाया गया है।

नए नेता के रूप में बेडेनोच के सामने कंजर्वेटिव पार्टी की छवि को सुधारना सबसे बड़ी चुनौती है। उन्हें लेबर पार्टी के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की नीतियों पर भी मजबूत प्रतिक्रिया देनी होगी, खासकर अर्थव्यवस्था और आव्रजन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर। उनके सामने 2029 के आम चुनाव में कंजर्वेटिक पार्टी को सत्ता में लाने की भी चुनौती होगी।

ब्रेग्जिट की मजबूत समर्थक रहीं बेडेनोच (44 वर्षीय) आव्रजन और ट्रांसजेंडर लोगों के अधिकारों के मुद्दे पर सख्त रुख के लिए लिए जानी जाती हैं। वह देश की महिला एवं समानता मंत्री रह चुकी हैं। पार्टी के इस आंतरिक चुनाव की प्रक्रिया महीनों तक चली। शुरुआत में इसमें छह उम्मीदवार थे। बाद में यह संख्या घटकर दो रह गई थी। फिर बेडेनोच को पार्टी नेता के रूप में चुना गया। रॉबर्ट जेनेरिक दूसरे नंबर पर रहे। बेडेनोच इससे पहले भी 2022 में पार्टी प्रमुख की दौड़ में चौथे में चौथे स्थान पर रहीं थीं। तब बेडेनोच ने कंजर्वेटिव पार्टी में सुधार करने का वादा किया था। बेडेनोच ब्रिटेन के अगले आम चुनावों (2029) में प्रधानमंत्री की दौड़ में शामिल हो सकती हैं।

# अमेरिका से इंजन मिलने में देरी ने एलसीए तेजस को अधर में लटकाया

वॉशिंगटन, 2 नवंबर (एजेंसियां)। भारत और अमेरिका के बीच लड़ाकू विमान और जेट के इंजन को लेकर डील खटाई में पड़ती दिख रही है। भारत ने स्वदेशी लड़ाकू विमान लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट एमके1ए के लिए इंजन देने में विफल रहने के लिए अमेरिकी एयरो-इंजन निर्माता जीई एयरोस्पेस पर जुर्माना लगाया है। भारतीय वायुसेना को इस देरी से परेशानी हुई है क्योंकि एलसी तेजस इससे अधर में लटक गया है। वहीं रक्षा आपूर्तिकर्ता के रूप में अमेरिका की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठे हैं। अमेरिका से मीडियम मल्टी रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट पर भी भारत की बात मुश्किल दिख रही है।

यूरेशियन टाइम्स की रिपोर्ट कहती है कि भारत अमेरिकी लड़ाकू जेट का विकल्प चुनने से बचता रहा है, इसकी वजह लंबे समय से चल रहा अविश्वास है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय वायुसेना के बेड़े में अमेरिकी हेलीकॉप्टर और परिवहन विमान शामिल हुए लेकिन अभी तक अमेरिकी लड़ाकू जेट को शामिल नहीं किया है। फिलहाल भारत की अमेरिका से 114 मीडियम मल्टी रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एमआरएफए) पर बात चल रही है। अमेरिकन कंपनी लॉकहीड मार्टिन एफ-16 का एडवांस वर्जन एफ-21 पेश कर रही है। बोइंग ने एफ/ए-18 ब्लॉक III सुपर हॉर्नेट और एफ-15 ईएक्स की पेशकश की है। इसके अलावा भारत के पास फ्रांसीसी राफेल और स्वीडिश जेएएस-39 ग्रिपेन का भी विकल्प है। वायुसेना को 126 लड़ाकू विमानों की आपूर्ति के लिए मीडियम मल्टी रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के रूप में पिछली बार भारत ने फ्रांस के राफेल को चुना था। भारत फाइटर जेट स्क्वाड्रन की कमी से जूझ रहा है। भारत के पास केवल 31 फाइटर जेट स्क्वाड्रन हैं, जबकि 42 स्क्वाड्रन होने चाहिए। सरकार ने 114 एमआरएफए (मल्टी-रोल फाइटर एयरक्राफ्ट) के लिए एयरफोर्स की आवश्यकता को माना है। भारत इन जेट्स की खरीदारी को लेकर उत्सुक है लेकिन चीजें फाइनल होती नहीं दिख रही हैं। भारत को अमेरिका से एयरक्राफ्ट मिलने पर अभी कुछ तय नहीं है। अगस्त 2021 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने अमेरिकन कंपनी जीई के साथ 99 एफ404 विमान इंजन और एलसीए-एमके-1ए के लिए 716 मिलियन डॉलर का सौदा किया। 2023 में दोनों देशों ने 98 किलो-न्यूटन थ्रस्ट जीई-414 इंजन बनाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो एलसीए एमकेII को मजबूत करेंगे। जीई एयरो-इंजन के लिए सौदे को दोनों देशों के बीच साझेदारी में एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा गया था। हालांकि अब इसको दो साल हो गए हैं और अभी तक एक भी इंजन भारत को नहीं मिल सका है।

# रायपुर, कोरबा, बिलासपुर में बनेगा इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर

## छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति लागू, अग्निवीरों तृतीय लिंग और नक्सल पीड़ितों के लिए स्पेशल पैकेज

रायपुर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। प्रदेश की नई औद्योगिक नीति 1 नवंबर से लागू हो गई है। 28 अक्टूबर को साय सरकार की कैबिनेट ने इसे मंजूरी दी थी। यह नीति 31 मार्च 2030 तक के लिए लागू की गई है। नई नीति में तय किया गया है कि सर्विस सेक्टर के उद्योग स्थापना को बढ़ावा दिया जाएगा। उद्योग लगाने के लिए कई वर्ग को खास छूट भी दी जाएगी। नई नीति में तय किया गया है कि राज्य के कोरबा, बिलासपुर, रायपुर में सेंट्रल इंडिया का उन्नत इंडस्ट्रियल कॉरिडोर तैयार किया जाएगा। इसके तहत इन तीनों शहरों में ट्रेन, एयर कनेक्टिविटी, सड़कों की सुविधा, पानी, बिजली और उद्योग लगाने के लिए जमीन मुहैया करवाने पर जोर दिया जाएगा। मंत्री देवांगन ने बताया कि नई औद्योगिक नीति में राज्य के युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर एक हजार से अधिक रोजगार के प्रोजेक्ट शुरू करने का प्रावधान किया गया है। बी-स्पोक पैकेज भी यूथ को दिया जाएगा। राज्य के अनुसूचित जाति, जनजाति, महिला उद्यमियों, सेवानिवृत्त अग्निवीर सैनिक, भूतपूर्व सैनिकों, जिनमें पैरामिलिट्री भी शामिल हैं, को जमीन, बिजली, पानी की सुविधाओं में छूट दी जाएगी। नक्सल प्रभावित, कमजोर वर्ग, तृतीय लिंग के उद्यमी भी नई औद्योगिक पॉलिसी के तहत विशेष प्रोत्साहन के पात्र होंगे, उन्हें भी उद्योग लगाने पर कई सुविधाओं में छूट मिलेगी। सरकार ने ब्याज अनुदान, लागत पूंजी अनुदान, स्टाम्प शुल्क छूट, विद्युत शुल्क छूट, वैल्यू एडेड टैक्स का प्रावधान किया है। नई नीति में मंडी शुल्क छूट, दिव्यांग (निशक्त) रोजगार अनुदान, पर्यावरणीय प्रोजेक्ट अनुदान, परिवहन अनुदान, नेट राज्य वस्तु एवं सेवा कर में भी छूट देने के प्रावधान हैं।

# नासा ने 43 साल बाद वॉयजर-1 अंतरिक्ष यान का एंटीना फिर शुरू किया

वॉशिंगटन, 2 नवंबर (एजेंसियां)। नासा के 47 साल पुराने वॉयजर-1 अंतरिक्ष यान ने हाल ही में एक रेडियो ट्रांसमीटर के जरिए पृथ्वी के साथ संपर्क स्थापित किया। नासा ने एक ऐसे रेडियो एंटीना के जरिए संपर्क स्थापित किया है, जिसका इस्तेमाल 1981 से नहीं किया गया है। कैलिफोर्निया में जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) में नासा के इंजीनियरों ने 24 अक्टूबर को इससे संपर्क स्थापित किया। यह अंतरिक्ष यान 1977 में लॉन्च किया गया था। अंतरिक्ष यान की उम्र बढ़ने के साथ टीम ने बिजली बचाने के लिए इसके यंत्रों को धीरे-धीरे बंद कर दिया। वॉयजर-1 अंतरिक्ष यान पृथ्वी से 24 अरब किमी दूर है जो लगातार वापस डेटा भेज रहा है। अंतरिक्ष यान पृथ्वी से सबसे दूर का स्पेसक्राफ्ट है। यह हेलियोस्फीयर से भी आगे निकल गया है।

इसके उपकरण इंटरस्टेलर स्पेस का नमूना लेता है। 16 अक्टूबर को इसका ट्रांसमीटर बंद हो गया था, जिस कारण संपर्क में रुकावट का अनुभव हुआ। माना जाता है कि यह शटडाउन अंतरिक्ष यान के फॉल्ट प्रोटेक्शन सिस्टम के कारण हुआ था। यह बिजली के ज्यादा इस्तेमाल होने पर कुछ प्रणालियों को बंद कर देता है। नासा के मुताबिक एक संदेश को पहुंचने में लगभग 23 घंटे लगते हैं। पृथ्वी से वॉयजर 1 तक संदेश को जाने और वहां से आने में इतना ही समय लगता है।

16 अक्टूबर को जब नासा वैज्ञानिकों ने एक कमांड भेजा तो 18 अक्टूबर तक उन्हें इसकी प्रतिक्रिया का पता नहीं चल पाया। एक दिन बाद वॉयजर-1 से संचार पूरी तरह बंद हो गया। टीम ने जांच में पाया कि बिजली बचाने के लिए वॉयजर 1 के सिस्टम ने अंतरिक्ष यान के कम शक्ति वाले ट्रांसमीटर को स्विच कर दिया था।

# पेरिस में होगी दुनिया के सबसे बड़े डायनासोर के कंकाल की नीलामी

पेरिस, 2 नवंबर (एजेंसियां)। फ्रांस की राजधानी पेरिस में दुनिया के सबसे बड़े डायनासोरों में से एक वल्केन की 16 नवंबर को नीलामी होने जा रही है। फ्रांसीसी नीलामीकर्ता कोलिन डु बोकेज और बारब्रोसा ने घोषणा की कि नीलामी के लिए सबसे बड़े डायनासोर के कंकाल का बोली के लिए पंजीकरण से पहले ही मूल्य 11 से 22 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 92-185 करोड़ रुपये) से भी ज्यादा हो चुका है।

इस कंकाल की खोज अमेरिका के व्योमिंग में 2018 में की गई थी। इसकी माप 20.50 मीटर है, जिसमें 80 फीसदी हड्डियां एक ही डायनासोर की हैं।

वल्केन सबसे बड़ा डायनासोर है। कॉलिन डू बोकेज के संस्थापक और नीलामीकर्ता ओलिवियर कॉलिन डू बोकेज ने कहा, यह जीवन भर की सबसे प्राचीन खोज है। खरीददार को जीपीएस प्वाइंट, खुदाई योजना के साथ-साथ आधिकारिक तौर पर डायनासोर का नाम बदलने के अधिकार के साथ-साथ नमूने के कॉपीराइट भी दिए जाएंगे। वल्केन का अध्ययन प्रसिद्ध जीवाश्म विज्ञान विशेषज्ञों द्वारा किया गया है। इसमें जर्मनी में रोस्टॉक विश्वविद्यालय के क्रिश्चियन फोथ भी शामिल हैं।



# पूर्व सीएम गहलोत ने पीएम मोदी को लिखा खुला पत्र

## राजस्थान की कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों का किया जिक्र




जयपुर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित करते हुए राजस्थान की कांग्रेस सरकार के सामाजिक और आर्थिक न्याय के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने लिखा कि कांग्रेस सरकार के पास समावेशी दृष्टिकोण के वादों को पूरा करने का ट्रैक रिकॉर्ड है।

गहलोत ने बताया कि कांग्रेस का घोषणा पत्र ही राजस्थान सरकार की नीतियों का आधार था और हर कार्यकाल में पार्टी ने पहली कैबिनेट बैठक में इस घोषणा पत्र पर चर्चा कर उसे नीतिगत दस्तावेज के रूप में अपनाया। उन्होंने कहा कि इस घोषणा पत्र के आधार पर कई कल्याणकारी योजनाएं बनाई गईं और समय पर लागू भी की गईं, जिससे जनता को लाभ हुआ।

अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार द्वारा बनाई गई सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की योजनाओं का अध्ययन कर उन्हें देश भर में लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना से राज्य के कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा में वृद्धि हुई है। साथ ही, उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन और न्यूनतम आय कानून को कांग्रेस सरकार की एक अहम उपलब्धि बताया।

गहलोत ने आयुष्मान भारत योजना पर भी टिप्पणी की, जिसमें केवल 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को पांच लाख रुपये का बीमा उपलब्ध है, जबकि कांग्रेस सरकार ने राजस्थान में 25 लाख रुपये का कैशलेस बीमा लागू किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने कांग्रेस सरकार की योजनाओं को या तो बंद कर दिया या कमजोर कर दिया, जिसके कारण जनता के बीच नकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

उन्होंने प्रधानमंत्री से अपील की कि वह राजस्थान के लोगों के बीच एक अध्ययन करवाएं, ताकि कांग्रेस सरकार की योजनाओं को बंद करने के कारण जनता में व्याप्त असंतोष को समझा जा सके। गहलोत ने यह भी कहा कि यह दुखद है कि प्रधानमंत्री इस तरह का बयान दे रहे हैं, जबकि उनकी सरकार 2014 और 2019 में किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही है।

# नरेश मीना को मिला बेनीवाल बीएपी और भाटी का साथ

## ये सिर्फ दिखावा या फिर आएंगे एक मंच पर?

टोंक, 2 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में उपचुनाव को लेकर गुलाबी सर्दी के बीच सियासी गर्माहट देखने को मिल रही है। देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय पर्चा दाखिल करने वाले नरेश मीना ने कांग्रेस और भाजपा की मुश्किलें बढ़ा दी है। नरेश मीना ने नामांकन से पहले आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल, शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी और बांसवाड़ा-डूंगरपुर सांसद राजकुमार रोत से समर्थन की अपील की थी।

जिसके बाद बारी-बारी से तीनों नेताओं ने वीडियो जारी करते हुए समर्थन का एलान कर दिया। ऐसे में सियासी हलकों में चर्चा है कि क्या इन नेताओं द्वारा दिया गया समर्थन सिर्फ दिखावा है या फिर एक मंच पर आकर नरेश मीना को विधानसभा तक पहुंचाने के लिए जन समर्थन भी मांगेंगे?



**नरेश को मिला तीनों नेताओं का समर्थन**

भारतीय आदिवासी पार्टी ने देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीना का समर्थन करते हुए सोशल मीडिया पर पत्र जारी किया। उन्होंने पत्र में लिखा कि 'भारत आदिवासी पार्टी आपकी उम्मीदवारी का समर्थन करती है। हमें उम्मीद है कि आप आदिवासियों, दलितों, पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों, किसानों और युवाओं की आवाज़ उठाते रहेंगे।' वहीं, शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि ' नरेश मीना हमारे विश्वविद्यालय के साथी है, आज वे मजबूती से लड़ाई लड़ रहे है, निश्चित रूप से जो भी मदद की जरूरत पड़ी, बिल्कुल सहयोग करेंगे। उन्हें बहुत-बहुत बधाई।'

**बेनीवाल ने 'रावण' को साथ लाने का किया वादा**

उधर, आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर नरेश मीना को समर्थन दिया था। उन्होंने इस वीडियो जारी करते हुए कहा था कि 'मैं नरेश मीना के लिए वोट मांगने देवली-उनियारा आउंगा।' साथ ही उन्होंने नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद 'रावण' और बांसवाड़ा-डूंगरपुर से सांसद राजकुमार रोत को साथ लाने का भी वादा किया था।

**सिर्फ समर्थन या प्रचार भी करेंगे... ?**

देवली-उनियारा से निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीना को प्रदेश के तीनों फायर ब्रांड नेताओं ने समर्थन दिया है। सियासी चर्चा है कि क्या नरेश के साथ देवली में कोई मंच साझा भी करेंगे या सिर्फ बस खानापूर्ति करने के लिए समर्थन दिया है। क्योंकि फिलहाल तीनों नेताओं में से किसी ने भी नरेश मीना के समर्थन में चुनाव प्रचार को लेकर कोई बयान या टाइम-टेबल जारी नहीं किया है।

**देवली-उनियारा में होगा त्रिकोणीय मुकाबला!**

देवली-उनियारा सीट पर कांग्रेस ने कस्तूर चंद मीना तो वहीं, भाजपा ने राजेंद्र गुर्जर को मौका दिया है। लेकिन कांग्रेस के बागी नरेश मीना ने मुकाबले को त्रिकोणीय और रोचक बना दिया है। जिससे कांग्रेस और भाजपा की मुश्किलें बढ़ गई है। नरेश मीना की रैलियों में देखा जा रहा है कि भारी भीड़ उमड़ रही है। जिससे दोनों दलों की नींद उड़ी हुई है।

# आवंटित भूमि पर निर्धारित समय में निर्माण नहीं किया तो होगी सख्ती

जयपुर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। नई भूमि आवंटन नीति के लिए जो ड्राफ्ट तैयार किया गया है, उसमें जमीन आवंटन के बाद निर्धारित समय सीमा में निर्माण नहीं करने वालों पर सख्ती दिखाई गई है। ऐसे मामलों में अब तक सरकार अपने स्तर पर एक वर्ष की छूट दे सकती थी, लेकिन अब सरकार भी बिना पेनल्टी छूट नहीं दे पाएगी। इसमें आवंटन दर की दस प्रतिशत पेनल्टी प्रतिवर्ष प्रस्तावित की गई है। इसमें रियायती दर, सार्वजिनक उपयोग, उद्योग, राजनैतिक दल को आवंटित भूमि शामिल है। अभी प्रावधान है कि सरकार चाहे तो बिना पेनल्टी एक साल की अतिरिक्त छूट दे सकती है।

आवंटी को आवंटन के बाद दो साल और फिर निकाय, प्राधिकरण स्तर पर अतिरिक्त दो साल की छूट मिलती रहेगी। ड्राफ्ट पर जनता से आपत्ति-सुझाव मांगे गए हैं। वहीं मौजूदा नीति में प्रावधान है कि यदि कोई राजनैतिक दल भूमि आवंटन के बाद राष्ट्रीय स्तर का नहीं रह जाता है तो आवंटित भूमि एवं निर्मित भवन स्थानीय निकाय अपने कब्जे में ले लेगा। ड्राफ्ट में यह प्रावधान हटाना प्रस्तावित किया गया है। अभी आवंटन शर्तों व प्रावधान में छूट का अधिकार मंत्रिमंडलीय एम्पावर्ड कमेटी के पास है। कमेटी आरक्षित या डीएलसी दर से 30 प्रतिशत दर तक ही आवंटित कर सकती है, लेकिन प्रस्ताव में इसे 50% तक किया जा रहा है।

आवंटित जमीन पर प्रस्तावित प्रोजेक्ट की विस्तृत रिपोर्ट सौंपनी होगी। इसमें प्रोजेक्ट के लिए न्यूनतम भूमि की आवश्यकता, प्रस्तावित निर्माण का विवरण, वित्तीय लागत का अनुमान और भवन का किस उद्देश्य के लिए उपयोग करेंगे, इन सभी की स्पष्ट जानकारी देनी होगी। प्रोजेक्ट पूरा करने का निर्धारित समय भी बताना होगा।

संस्थान को यह स्पष्ट करना होगा कि भूमि आवंटन से परियोजना का लाभ समाज के किन वर्गों को किस तरह से होगा। अभी तक आवंटित भूमि की राशि अधिकतम 10 माह में जमा कराने का प्रावधान है, जिसे घटाकर 30 दिन किया जा रहा है। भूमि आवंटन के लिए आवेदन शुल्क 5 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपए होगा।

रियायती दर पर जमीन आवंटन-मास्टर प्लान में भूमि में अंकित उपयोग के अनुसार ही आवंटन होगा। भूउपयोग परिवर्तन नियमानुसार होने के बाद ही भूमि आवंटित कर सकेंगे। शहीद स्मारक निर्माण के लिए शहीद के जन्म स्थान से जुड़े निकाय क्षेत्र में 500 वर्गमीटर तक भूखंड निःशुल्क आवंटन होगा।

# असर दिखाने लगी सर्दी, फतेहपुर सबसे ठंडा

सीकर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में आज मौसम का मिजाज बदला-बदला सा नजर आया। जहां अलसुबह मौसम में हल्की ठंडक दिखाई दी, वहीं धूप निकलते ही मौसम में गर्माहट महसूस हुई। वहीं राजस्थान के सीकर जिले के फतेहपुर में रात का तापमान 13.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं दिन में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर और वनस्थली (टोंक) में 38.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जयपुर मौसम केंद्र के मुताबिक राज्य में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा। वहीं नवंबर महीने से दूसरे सप्ताह में सर्दी के तेज पड़ने की संभावना है। वहीं सीकर जिले में दीपावली पर हुई जमकर आतिशबाजी ने शहर की आबोहवा में जमकर जहर घोला है। अंदाजा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट से लगाया जा सकता है। जिसके मुताबिक दिवाली पर सीकर शहर प्रदेश के सबसे प्रदूषित शहरों में तीसरे स्थान पर रहा। यहां का एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 480 दर्ज हुआ। जो वायु प्रदूषण की सबसे गंभीर व आपातकालीन स्थिति मानी जाती है। अस्थमा के मरीज ही नहीं, बल्कि हर किसी का स्वास्थ्य इस दौरान संकट में था।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार दिवाली पर प्रदेश के सबसे प्रदूषित पांच शहरों में जोधपुर, बीकानेर, भरतपुर, सीकर व भिवाड़ी शामिल रहे। इनमें सबसे खराब एक्यूआई 500—500 के साथ जोधपुर व बीकानेर पहले व 490 एक्यूआई के साथ भरतपुर दूसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा। इसके बाद 480 एक्यूआई वाला सीकर तीसरे व 479 एक्यूआई के साथ भिवाड़ी सबसे प्रदूषित शहरों में शुमार रहे। दिवाली के बाद हालांकि मौसम ने साथ दिया। आतिशबाजी कम होने व धूप खिलने की वजह से एयर क्वालिटी में कुछ सुधार हुआ। पर इसके बावजूद भी सीकर शहर में सुबह नौ बजे एक्यूआई 270 दर्ज हुआ, जो भी रेड जोन कैटेगरी में शामिल है। वायु प्रदूषण की वजह से शहर में अस्थमा के मरीजों को खासतौर पर खासी परेशानी रही।

# रिटायरमेंट के 10 साल बाद कर्मचारी से रिकवरी निकाली

## हाईकोर्ट ने पंचायतीराज विभाग से मांगा जवाब

## शुगर मिल से विभाग में हुआ था समायोजन

जयपुर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। पंचायतीराज विभाग ने अपने एक रिटायर कर्मचारी से करीब 10 साल बाद अधिक वेतन की रिकवरी निकाल दी। इसे कर्मचारी द्वारा हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। हाईकोर्ट ने कर्मचारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए पंचायतीराज विभाग को नोटिस जारी किया है।

याचिकाकर्ता बाबूलाल मेघवाल साल 2013 में विभाग से ग्राम सचिव के पद पर रिटायर हुआ था।

इसके बाद साल 2020 में विभाग ने अधिक वेतन देने की बात कहकर करीब 16 हजार रुपए की रिकवरी निकाल दी। रिकवरी जमा नहीं कराने पर पेंशन रोकने की कार्रवाई करने की बात कही गई। इस पर कर्मचारी ने रिकवरी की राशि जमा करवा दी।



**करीब 25 साल की सेवा की गणना की मांग**

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता हितेष बागड़ी ने बताया- बाबूलाल की सन् 1975 में शुगल मिल्स केशवरायपाटन में लिपिक ग्रेड-चतुर्थ के पद पर नियुक्ति हुई थी। साल 1978 में उन्हें स्थाई कर दिया गया। लेकिन 2000 में शुगर मिल्स बंद होने के बाद उन्हें 2003 में पंचायतीराज विभाग में प्रतिनियुक्ति पर भेज दिया गया।

साल 2010 में उन्हें ग्राम सेवक के पद पर स्थायी नियुक्त देते हुए पंचायतीराज विभाग में समायोजित कर दिया गया। लेकिन जब वे 2013 में रिटायर हुए तो उनकी सेवा की गणना साल 2013 से की गई। जबकि वे 1975 से ही सरकारी सेवा में कार्यरत हैं। याचिकाकर्ता का तर्क है कि वह केशवरायपाटन शुगर मिल्स का स्थायी कर्मचारी था। समायोजन के बाद पंचायतीराज विभाग का स्थायी कर्मचारी हो गया। चूंकि शुगर मिल्स भी सरकार का ही उपक्रम था। ऐसे में नियमानुसार उसकी सेवा की गणना शुरू से की जानी चाहिए थी। ऐसा नहीं करना विभाग की गलती है। इससे कर्मचारी को सेवानिवृति परिलाभ में बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ हैं। वहीं जो रिकवरी कर्मचारी से निकाली गई हैं। वह पूरी तरह से अवैध हैं।

### *दिलजीत के जयपुर कॉन्सर्ट का बीजेपी में विरोध शुरू*

# विधायक बालमुकुंदाचार्य बोले- यह सनातन के खिलाफ

जयपुर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। मशहूर पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ का जयपुर के जेईसीसी में 3 नवंबर को कॉन्सर्ट होने जा रहा है। लेकिन यह कॉन्सर्ट पहले ही विवादों में आ गया है। पहले कॉन्सर्ट के फर्जी टिकट सोशल मीडिया पर बिग गए वहीं अब बीजेपी विधायक भी इसके विरोध में आ गए हैं। राजधनी जपयुर की हवामहल सीट से विधायक बाबा बालमुंकुंदाचार्य ने यह कहते हुए इस कॉन्सर्ट का विरोध किया है कि यह कल्चर सनातन के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि उटपटांग कॉन्सर्ट के बजाए सत्संग होना चाहिए। विधायक ने दिलजीत दोसांझ के म्यूजिक कॉन्सर्ट के विरोध करते हुए कहा कि इस तरह के उटपांग आयोजन करने से समाज को लाभ नहीं है। करना है तो सत्संग करवाना चाहिए। सबका अपना-अपना मनोरंजन है लेकिन मैं सनातनी हुं, मेरा मानना है कि सत्संग होने से सदवचन मिलते हैं। जीवन में अच्छा करने का मार्गदर्शन मिलता है। लेकिन कॉन्सर्ट से समाज में कोई लाभ नहीं है। हाल में दोसांज का कॉन्सर्ट दिल्ली में भी हुआ था और यह शो जबरदस्त हिट रहा था। लेकिन दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हुए कॉन्सर्ट के बाद उनकी फैन्स फॉलोइंग की चर्चा के साथ, एथलीट खिलाड़ियों ने विरोध भी किया। क्योंकि कॉन्सर्ट की वजह से स्टेडियम की हालत खराब हो गई। यहां स्टेडियम में बोतलें बिखरी दिखी और रनिंग ट्रैक पर कचरा और हर्डल्स टूटे हुए दिखे।

# सांभर झील में परिंदों पर कहर : थम नहीं रहा पक्षियों की मौत का सिलसिला, दौड़े डीसी-आइजी

नागौर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। प्रदेश की खारे पानी की झील सांभर में देशी-विदेशी मृत व घायल पक्षियों के बचाव व उपचार के लिए अभियान छठे दिन भी जारी रहा। बचाव कार्य के लिए दस टीमों के 50 सदस्यों ने कार्य किया। इनमें शामिल कार्मिकों सहित पटवारी, सफाई कर्मचारी, पशुपालन व वन विभाग के साथ एसडीआरएफ टीम अजमेर के 12 कर्मचारियों ने दिनभर झील क्षेत्र के मोहनपुरा, खाखडक़ी, जाब्दीनगर, गुढ़ा साल्ट तथा सांभर साल्ट क्षेत्र में कार्य किया। संभागीय आयुक्त महेश चंद शर्मा भी झील क्षेत्र में पहुंचे।



पक्षियों के मरने तथा उनके उपचार को लेकर विस्तार से जानकारी ली। इसके साथ ही नावां के मीठड़ी में बने रेस्क्यू सेन्टर का अवलोकन किया। यहां घायल और बीमार पक्षियों के आंकड़ों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान जिला कलक्टर पुखराज सेन, पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश, डीडवाना-कुचामन एसपी हनुमान प्रसाद, एसडीएम जीतु कुल्हरी, डीएफओ सुनील कुमार, तहसीलदार रामेश्वर गढ़वाल भी पक्षियों के बारे में जानकारी जुटाते दिखे।

100 से अधिक कर्मचारी पक्षियों के लिए झील क्षेत्र में काम कर रहे। एसडीएम कुल्हरी ने बताया कि दिनभर टीमों ने कार्य करते हुए 84 मृत पक्षियों का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया। इसके साथ ही प्राप्त 15 घायल पक्षियों का मौके पर ही पशुपालन विभाग की टीम ने प्राथमिक उपचार कर मीठड़ी रेस्क्यू सेंटर भेजा।

# बड़े भाई ने ही छोटे भाई को तलवार से काटा

बारां, 2 नवंबर (एजेंसियां)। बारां शहर कोतवाली क्षेत्र के दुर्जनपुरा गांव में दीपावली की खुशियां मातम में बदल गईं। घर के बाहर खाट पर सो रहे छोटे भाई की बड़े भाई तथा भतीजे ने तलवारों से बेरहमी से वार कर हत्या कर दी। हुई नृशंस वारदात से गांव में हड़कप मच गया। पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी ने बताया कि दुर्जनपुरा गांव निवासी बनवारी लाल वर्मा (30) अपने घर के बाहर खाट पर सो रहा था। उसके ही बड़े भाई रामलाल वर्मा तथा भतीजे पीयूष वर्मा ने उस पर तलवारों से वार कर मौत के घाट उतार दिया। दोनों आरोपी कोटा रहते हैं। वे एक दिन पहले बारां पहुंचे और एक होटल में रुके। उन्होंने लकड़ी, तलवार के साथ ही तेल की पीपी भी साथ में ली और गांव पहुंच गए। जहां पर घर के बाहर ताला लगा दिया। उसके बाद सो रहे बनवारी पर तलवारों से हमला किया और भाग छूटे। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और कुछ समय में ही दोनों आरोपियों को डिटेन कर लिया। एसपी चौधरी ने बताया कि आरोपी मृतक को जलाने के लिए साथ में केरोसिन की पीपी भी लेकर आए थे, लेकिन आसपास जाग हो जाने से भाग छूटे तथा पीपी वहीं छोड़ गए। मामले में बारीकी से जांच की जा रही है। घटना में पुलिस ने साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं पथरिया गांव में आपसी कहासुनी के बाद युवक की कुल्हाड़ी के वार से हत्या कर दी गई। बीच बचाव में मृतक का भाई घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद झालावाड रेफर किया है। सीआई सहदेव मीना ने बताया कि पथरिया निवासी रंजीत मीना (21) व उसका भाई राहुल घर के पास चद्दर की टापरी में सोए हुए थे।

# अंतरराष्ट्रीय पुष्कर पशु मेले की शुरुआत

## एक करोड़ रुपये का घोड़ा बिकने को तैयार

अजमेर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में अजमेर जिले के पुष्कर में लगने वाले सबसे बड़े पशु मेले की शुरुआत आज यानी शनिवार से हो चुकी है। इसी के साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों से पशुपालक अपने पशुओं को लेकर पुष्कर के रेतीले धोरों पर पहुंचे हैं। मेले की शुरुआत होने के साथ ही पशुओं की चौकियां लगना शुरू हो गई है।

अंतरराष्ट्रीय पुष्कर पशु मेले में बिकने के लिए बड़ी संख्या में पशुपालक अपने जानवरों को लेकर मेले में पहुंचे हैं। देश के सबसे बड़े पशु मेले में करोड़ों रुपये के पशुओं की खरीद-फरोख्त होगी। इस बार भी पुष्कर पशु मेले में अजमेर के बड़लिया स्थित टंडन स्टड फॉर्म हाउस से एक करोड़ रुपये का घोड़ा मेले में बिकने के लिए तैयार है।



घोड़े के मालिक मयंक टंडन ने बताया कि यह शिवनाथ नाम का घोड़ा मारवाड़ी नस्ल का है, जिसके पिता का नाम सप्ताश और माता का नाम अभिजीत है। इस घोड़े की खासियत इसकी ब्रीड है, जो इसको इतना कीमती बनाती है। यह घोड़ा खाने के रिचका, चना, चापड़, मूंगफली और दलिया सहित अन्य खाना खिलाया जाता है। घोड़े शिवनाथ की उम्र साढ़े पांच साल है।

# रानीवाड़ा ओवरब्रिज पुलिया से टकराई कार में आग लगने से चालक की मौत

## नीलगाय बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

जालौर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। सांचौर जिले में रानीवाड़ा थाना क्षेत्र के रानीवाड़ा-मालवाड़ा रोड पर तेज गति से अनियंत्रित कार ओवरब्रिज से टकरा गई, जिसमें एक दर्दनाक हादसा सामने आया। इसमें असंतुलित होकर एक कार पुलिया से टकरा गई। कार की टक्कर इतनी तेज थी कि देखते ही देखते कार में भीषण आग लग गई, जिसमें चालक की मौके पर मौत हो गई। पशु को बचाने के चक्कर में तेज गति से कार अनियंत्रित हो गई। ऐसे में ओवरब्रिज से जा टकराई। पुलिस के अनुसार, घटना करीब रात एक बजे के आसपास की बताई जा रही है, जिसमें नीलगाय को बचाने के चक्कर में यह हादसा सामने आया। रानीवाड़ा थाना क्षेत्र के वणधर गांव निवासी राजू सिंह रानीवाड़ा से जोधपुर की तरफ जा रहा था। इस दौरान रानीवाड़ा मालवाड़ा रोड पर ओवरब्रिज पुलिया पर अचानक पशु को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित हो गई, जिसमें कार चालक राजू सिंह की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।

# आसींद में मावे की फैक्ट्री का बॉयलर फटने से दो मजदूरों की मौत

भीलवाड़ा, 2 नवंबर (एजेंसियां)। दीपावली का त्योहार हर घर में खुशियां लेकर आता है। लेकिन भीलवाड़ा जिले के आसींद थाना क्षेत्र के करजालिया ग्राम पंचायत के नारायणपुरा गांव में यह खुशी मातम में बदल गई। नारायणपुरा में एक मावे की फैक्ट्री का बॉयलर फटने से दो मजदूरों की जान चली गई। इस हादसे ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया है और दिवाली की खुशियों पर एक गहरा साया डाल दिया है।

नारायणपुरा स्थित मावे की फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर महादेव गुर्जर (35) पुत्र उंकार गुर्जर और राधेश्याम गुर्जर (25) पुत्र सुखदेव गुर्जर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस फैक्ट्री में वे कई दिनों से काम कर रहे थे और उस दिन भी अपने रोजमर्रा के काम में व्यस्त थे। अचानक बॉयलर फट गया, जिससे दोनों मजदूरों की जान चली गई। इस हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

हादसे की खबर मिलते ही आसींद थाना अधिकारी हंसपाल सिंह अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। वहां का मंजर बेहद दिल दहलाने वाला था। चारो तरफ फैले खून और टूटे हुए बॉयलर के टुकड़ों को देख कर लोगों में खौफ और दुख का माहौल था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों शवों को आसींद स्वास्थ्य केंद्र में रखवाया और मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की।

पुलिस ने बताया कि दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम शनिवार को सुबह करवाया जाएगा।

# तथ्यात्मक त्रुटियों से भरे पडे हैं प्रधानमंत्री मोदी के बयान : रेवंत

## महिलाओं ने 101 करोड़ से अधिक मुफ्त बस यात्राएं की



हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयानों में तथ्यात्मक त्रुटियां बताते हुए मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार तेलंगाना में लोगों से किए गए वादों को लागू कर रही है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर कहा कि मुझे अपने राज्य और हमारी सरकार के बारे में आपके बयानों में कई गलतफहमियों और तथ्यात्मक त्रुटियों को स्पष्ट करने में खुशी हो रही है। तेलंगाना में 7 दिसंबर 2023 से जब कांग्रेस सरकार ने शपथ ली, बीआरएस के लगभग एक दशक के कुशासन के बाद, राज्य में खुशी और उम्मीद की लहर दौड़ गई है।

उन्होंने आगे कहा कि कार्यभार संभालने के दो दिनों के भीतर, तेलंगाना सरकार ने अपने पहले और दूसरे वादे को पूरा किया- सभी टीजीएसआरटीसी बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और राजीव आरोग्यश्री के तहत 10 लाख का स्वास्थ्य देखभाल और अस्पताल कवर। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 महीनों में तेलंगाना की हमारी बहनों और माताओं ने एक भी रुपया किराया दिए बिना यात्रा की है, राज्य भर में 101 करोड़ से अधिक मुफ्त बस यात्राएं की हैं, जिससे एक वर्ष से भी कम समय में 3,433.36 करोड़ रुपये की बचत हुई है।

रेवंत रेड्डी ने कहा कि अपना पहला साल पूरा करने से पहले ही हमने भारत में अब तक की सबसे बड़ी राज्य स्तरीय किसान ऋण माफी लागू कर दी है, जिससे रायते राजू (तेलंगाना में किसान ही राजा है) सुनिश्चित हो गया है। 22 लाख 22 हजार से अधिक किसान (22,22,365) अब किसी भी ऋण से मुक्त हैं, वे राजा की तरह रह रहे हैं, किसानों के 2,00,000 रुपये तक के सभी ऋण माफ कर दिए गए हैं। हमने 25 दिनों में किसानों के खातों में 18,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डाल दी है।

मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि महिलाएं हमें आशीर्वाद दे रही हैं, क्योंकि उन्हें मुफ्त बिजली मिलती है और 200 यूनिट तक उनके घरों में कोई घरेलू बिजली शुल्क नहीं लगता। उन्होंने कहा कि वे इस बात से खुश हैं कि भाजपा शासित राज्यों में उन्हें गैस सिलेंडर की ऊंची कीमतों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि कांग्रेस शासित तेलंगाना में उन्हें केवल 500 रुपये प्रति यूनिट पर सिलेंडर मिल रहा है। हमारे कार्यकाल में अब तक 1.31 करोड़ से अधिक गैस सिलेंडर रिफिल हुए हैं, जिनमें 42,90,246 से अधिक लाभार्थी हर दिन मुस्कुराते हुए रसोई में पहुंच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सबसे अधिक भर्ती अभियान चलाया है और नियमित रूप से सभी स्तरों- ग्रुप 1, 2, 3 और 4 की परीक्षाएं आयोजित कर रही है। 11 महीने से भी कम समय में, कांग्रेस सरकार ने 50,000 से अधिक योग्य युवाओं को नौकरियां प्रदान की हैं, जो किसी भी भाजपा राज्य सरकार द्वारा बनाया गया रिकॉर्ड है।

## पेदाचरम तालाब में छठ पूजा का आयोजन

हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मानव कल्याण सेवा संघ चिंतालकुंटा, के संस्थापक कैलाश सिंह ने बताया कि पेदाचरम तालाब में सात एवं आठ नवंबर को छठ पूजा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर छठ भजन और गीत का भी आयोजन किया गया है। इसमें भोजपुरी कलाकार राजकुमार पांडेय अपने भजनों से भक्तों को सराबोर करेंगे। संघ के अध्यक्ष मनोहर सिंह, तथा अन्य पदाधिकारी बी. भास्कर, राजीव वर्मा, पंकज सिंह, आई, गणेश पाटिल, ओपी सिंह सतीश सिंह ने सभी व्रतियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## छठ पूजा घाटों का निरीक्षण

हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जन सेवा संघ के महासचिव राजीव चौबे द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, वी.के. सिंह आईपीएस (वीआरएस) संरक्षक एवं संघ के लोगों ने संगारेड्डी क्षेत्र के सभी घाटों का दौरा कर घाटों की सफाई व्यवस्था को गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि पाटनचेरू, इस्नापुर और संगारेड्डी में अद्भुत झीलें हैं जो पर्यटक और पिकनिक स्पॉट बन सकती हैं। कम से कम छठ पूजा के साथ झीलों का रखरखाव किया जाना चाहिए। संघ ने जीएचएमसी को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए पत्र दिया है। इस अवसर पर वी.के. सिंह आईपीएस, वी.डी. चौबे, बिनीत सिंह, एल.एम. चौधरी, राजेश यादव, बसंत सिंह सोलंकी, सुमित चौबे आदि भी उपस्थित थे।

## श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव आज

हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कलम दवात-कायस्थ समाज की कार्यकारिणी समिति का बैठक गणेश प्रसाद श्रीवास्तव की अध्यक्षता में की गई। जिसमे कायस्थ समाज की वार्षिक पूजा श्री चित्रगुप्त भगवान की हो रही तैयारी की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि रविवार को चित्रगुप्त पूजनोत्सव श्री चित्रगुप्त देवालयम, उप्पुगुड़ा, छतरीनाका, कांदेकल गेट में होगी। पूजा का प्रारम्भ सुबह 7:30 बजे अभिशेखम से होगी। कलम दवात पूजा सुबह के 8:30 बजे प्रारम्भ होगी। महासचिव सुनील श्रीवास्तव के अनुसार पूजा के दौरान भजन-कीर्तन एवं चित्रगुप्त कथा, स्तुति एवं आरती सामूहिक रूप से होगा। संस्थापक बी के कर्ना ने किये गए तैयारी की समीक्षा की एवं सभी कायस्थ परिवार एवं चित्रगुप्त प्रेमी से इस पूजा में सम्मिलित होने की अपील की है।

# भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की देखभाल पर जोर दिया जाना चाहिए : राज्यपाल

## राज्य प्रबंध समिति की चौथी बैठक सम्पन्न



हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने राजभवन में सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष, तेलंगाना की राज्य प्रबंध समिति की चौथी बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में उपस्थित सदस्यों में रवि गुप्ता, विशेष मुख्य सचिव, गृह विभाग और सदस्य, एसएमसी, के. रामकृष्ण राव, सरकार के विशेष मुख्य सचिव, वित्त विभाग और सदस्य, एसएमसी के. सुरेन्द्र मोहन, सरकार के सचिव, खान एवं भूविज्ञान विभाग (तेलंगाना सरकार के मुख्य सचिव के प्रतिनिधि), मेजर जनरल राकेश मनोचा, एसएम, वीएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मुख्यालय तेलंगाना और आंध्र उप क्षेत्र और सदस्य, एसएमसी ए.के. धर, केंद्रीय सैनिक बोर्ड के प्रतिनिधि, भारत सरकार, नई दिल्ली, लेफ्टिनेंट कर्नल भरत यादव, पूर्व सैनिक कल्याण विभाग, रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रतिनिधि, मेजर जनरल एन. श्रीनिवास राव (सेवानिवृत्त), नामित सदस्य, आईएचक्यू, रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली, ब्रिगेडियर पी. गणेशम, वीएसएम (सेवानिवृत्त), गैर-सरकारी सदस्य, एसएमसी, मेजर भरत ओंगिरेड्डी, एसएम (सेवानिवृत्त), नामित सदस्य, आईएचक्यू, रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली, अनुदीप दुरीशेट्टी, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, हैदराबाद जिला और विशेष आमंत्रित, एसएमसी, कर्नल पी. रमेश कुमार (सेवानिवृत्त), निदेशक, सैनिक कल्याण और सदस्य/सचिव, एसएमसी और जे. भवानी शंकर, राज्यपाल के संयुक्त सचिव, सैनिक कल्याण निदेशक और सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष, तेलंगाना राज्य के सचिव कर्नल पी. रमेश कुमार ने कोष की स्थिति, विभिन्न योजनाओं, सैनिक कल्याण विभाग की प्रमुख गतिविधियों और कोष के माध्यम से सहायता प्राप्त करने वाले लाभार्थियों के विवरण पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने तेलंगाना सरकार के सभी राजपत्रित और अराजपत्रित कर्मचारियों, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों, ड्राइवरों, शिक्षकों और भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों के प्रति हर साल इस कोष में उनके उदार योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। समिति ने 25 वर्ष से कम उम्र के एक आश्रित बच्चे वाली पूर्व सैनिकों की विधवाओं को 2 लाख रुपये की तत्काल वित्तीय सहायता और 25 वर्ष से कम उम्र के दो आश्रित बच्चों वाली विधवाओं को 3 लाख रुपये की सहायता, अविवाहित सैनिकों के माता-पिता को 3 लाख रुपये, विवाहित सैनिकों के माता-पिता को 2.5 लाख रुपये और सेवा में शहीद हुए विवाहित सैनिकों के जीवनसाथी को 3 लाख रुपये की वित्तीय सहायता, पूर्व सैनिकों की बेटियों के लिए विवाह अनुदान को 40,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये किया गया, जिसे अब कल्याण कनुका नाम दिया गया।

# डीजीपी ने सुरक्षित शहर परियोजना की स्थिति की समीक्षा की



हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस महानिदेशक डॉ. जितेन्द्र ने शनिवार को डीजीपी कार्यालय में राज्य पुलिस विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही सुरक्षित शहर परियोजना की स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में सीआईडी डीजीपी शिखा गोयल, अतिरिक्त डीजीपी कानून एवं व्यवस्था महेश एम. भागवत, पुलिस आयुक्त अविनाश मोहंती, सुधीर बाबू और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान डीजीपी ने सुरक्षित शहर परियोजना के तहत विभिन्न पहलों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। इनमें परिवार परामर्श केंद्र, भरोसा केंद्र, सीसीटीवी इंस्टालेशन, फोरेंसिक लैब और पेलिकन सिग्नल शामिल हैं। डीजीपी ने इन सुविधाओं के प्रदर्शन और प्रभावशीलता पर संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की।

डॉ. जितेन्द्र ने महिलाओं के विकास और सशक्तिकरण (सीडीईडब्ल्यू) के लिए तीन अतिरिक्त केंद्रों की स्थापना को अनंतिम रूप से मंजूरी दी। ये नए केंद्र राचकोंडा क्षेत्राधिकार के तहत चौटुप्पल और भोंनगीर में और साइबराबाद क्षेत्राधिकार के तहत कुकटपल्ली में शुरू किए जाने हैं।

इसके अलावा, डीजीपी ने पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के अधिकारियों को नामपल्ली में फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी और जेहरा नगर में सीडीईडब्ल्यू केंद्र के निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए बुनियादी ढांचे को बढ़ाया जा सके।

नोडल अधिकारी सुरक्षित शहर परियोजना की ओर से, डीसीपी डी कविता ने परियोजना की स्थिति की जानकारी दी। बैठक में डीसीएसपी उषा विश्वनाथ, के.सृजना, डी. साई श्री, जीएचएमसी डीई ममता, महिला और बाल कल्याण विभाग जेडी अखिलेश्वर राव भी शामिल हुए।

## राजभवन में 8 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस मना

हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के तहत एक जीवंत समारोह में, तेलंगाना राजभवन ने हैदराबाद के राजभवन के संस्कृती हॉल में आठ राज्यों और पांच केंद्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस मनाया। तेलंगाना के माननीय राज्यपाल, जिष्णु देव वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। 1 नवंबर को राष्ट्रीय स्तर पर आठ राज्यों (आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब और तमिलनाडु) और पांच केंद्र शासित प्रदेशों (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, चंडीगढ़, दिल्ली, लक्षद्वीप और पुडुचेरी) के स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। राज्यपाल वर्मा ने इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लोगों को हार्दिक बधाई दी और एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत सांस्कृतिक और छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने संगीत और नृत्य की एकीकृत शक्ति पर टिप्पणी की (जो भाषा और सांस्कृतिक सीमाओं को पार करती है) तथा राष्ट्रीय एकीकरण की गहरी भावना को बढ़ावा देती है। उन्होंने कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुतियों की भी सराहना की, जिन्होंने समारोह को समृद्ध बनाया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा, इस पहल ने संस्कृतियों और परंपराओं का एक सुंदर संगम बनाया है, जो एक राष्ट्र के रूप में हमारी एकता को और मजबूत करता है।

# 5 नवंबर को हैदराबाद आएंगे राहुल गांधी

हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जाति जनगणना से पहले, कांग्रेस नेता राहुल गांधी चल रहे घरेलू जाति और आर्थिक सर्वेक्षण का समर्थन करने के लिए मंगलवार, 5 नवंबर को हैदराबाद का दौरा करेंगे। यह घोषणा तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस समिति (टीपीसीसी) के अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की। महेश गौड़ ने बताया कि राहुल गांधी बोवेनपल्ली में गांधी विचारधारा केंद्र में जाति सर्वेक्षण पर सुझाव एकत्र करने के लिए हितधारकों से बातचीत करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को आमंत्रित किया गया है और उनके शामिल होने की संभावना है।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि बैठक में राहुल गांधी की उपस्थिति तेलंगाना में स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण को अंतिम रूप देने के लिए आंकड़े जुटाने की चल रही प्रक्रिया पर मंजूरी की मुहर होगी।

तेलंगाना सरकार 6 नवंबर को व्यापक जाति जनगणना शुरू करने जा रही है, जिसका उद्देश्य विभिन्न समुदायों के बीच असमानताओं से निपटने के लिए विस्तृत सामाजिक-आर्थिक आंकड़े एकत्र करना है। जनगणना की तैयारी के लिए सरकार ने 1 नवंबर को घोषणा की कि सभी सरकारी प्राथमिक विद्यालय (एलबी और सहायता प्राप्त) 6 नवंबर से आधे दिन का कार्यक्रम अपनाएंगे, जो सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक संचालित होंगे।

# एनएमडीसी ने अक्टूबर माह में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया

हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने एक बार पुन: अपनी परिचालन उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए अक्टूबर माह का अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। कंपनी द्वारा लौह अयस्क के प्रभावशाली 4.07 मिलियन टन (एमटी) उत्पादन और 4.03 एमटी बिक्री के साथ पूर्व में स्थापित अक्टूबर माह के सभी रिकार्डों को पार किया है, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में उत्पादन में 3.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी और बिक्री में 17.15 प्रतिशत की वृद्धि है।



एनएमडीसी के वित्तवर्ष 25 के संचित आंकड़े उत्पादन में 21.55 एमटी और बिक्री में 23.84 एमटी पर पहुंच गए हैं। अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने एनएमडीसी के उल्लेखनीय प्रदर्शन का श्रेय इसकी अटूट प्रतिबद्धता को दिया है और कहा ये रिकार्ड-तोड़ आंकड़े हमारे नीतिगत निर्णयों, प्रौद्योगिकी उन्नति और दीर्घ-कालिक फोकस की सफलता को दर्शाता है।

निगम भारत के खनन क्षेत्र के विकास में योगदान देने के लिए दृढ़प्रतिज्ञ है, जो कि इस उद्योग के मजबूत भविष्य के इसके मिशन के साथ संरेखित करता है। इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत एक नवरत्न पीएसयू के रूप में एनएमडीसी भारत की इस्पात उत्पादन की मांगों की पूर्ति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# कार्तिक माह के दौरान शैव क्षेत्रों के लिए विशेष बसें : सज्जनार

## आरटीसी के प्रदर्शन पर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीजीएसआरटीसी के एमडी वीसी सज्जनार ने कहा कि कार्तिक के पवित्र महीने के दौरान प्रसिद्ध शैव मंदिरों के लिए भक्तों की सुविधा के लिए विशेष बसों की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि हम हैदराबाद से श्रीशैलम, वेमुलावाड़ा, धर्मपुरी,



कीसरगुट्टा और अन्य मंदिरों के लिए विशेष बसें चला रहे हैं। सज्जनार द्वारा प्रबंधित एमडी वीसी द्वारा शनिवार को हैदराबाद बस भवन से आरटीसी प्रदर्शन, कार्तिकमासम चुनौती, सबरीमाला संचालन, महालक्ष्मी-महिला मुफ्त बस सुविधा योजना आदि पर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक वस्तुतः आयोजित की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्तिक माह और सबरीमाला का संचालन आरटीसी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और उन्हें भक्तों को असुविधा से बचने के लिए उचित कार्रवाई करनी चाहिए। रविवार और सोमवार को शैवक्षेत्रों में श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ होगी, इसलिए विशेष बसें उपलब्ध कराई जाएं।

उन्होंने कहा कि हम इस महीने की 15 तारीख को कार्तिक पूर्णमी के अवसर पर तमिलनाडु के अरुणाचल के लिए एक विशेष पैकेज की पेशकश कर रहे हैं। साथ ही बताया गया कि आंध्र प्रदेश के पंचरामला के लिए हर सोमवार को अलग से बसें चल रही हैं। सज्जनार ने कहा कि किराये के आधार पर आरटीसी बस का किराया कम किया गया है। बताया गया है कि विलेज लाइट की कीमत 11 रुपये प्रति किलोमीटर, एक्सप्रेस की कीमत 7 रुपये, डीलक्स की कीमत 8 रुपये, सुपर लग्जरी की कीमत 6 रुपये और राजधानी की कीमत 7 रुपये कम की गई है।

सलाह दी जाती है कि सबरीमाला और शुभमुहूर्त के लिए आरटीसी बसें किराए पर बुक करें और गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचें।

## ताड़बन्द हनुमान मंदिर में अन्नकूट प्रसाद कल

हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। ताड़बन्द स्थित श्री हनुमान मंदिर में 11वां अन्नकूट प्रसाद का आयोजन श्री बालाजी डेयरी प्रोडक्ट्स

महाकाली मंदिर सिकंदराबाद बाकलियां, सेवड़ राजपुरोहित परिवार के तत्वावधान मे सोमवार 4 नवंबर सायं 5.15 बजे से पूजा-अर्चनाकर, श्री खेतेश्वर महाराज की तस्वीर पर माल्यापर्ण व महाआरती के पश्चात् बालाजी महाराज को भोग लगाकर भक्तों के लिए अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

प्रेस विज्ञप्ति में गजेन्द्र सिंह राजपुरोहित निम्बोल ने बताया कि हर वर्ष की भांति अन्नकूट महाप्रसादी का भक्तों के लिए भव्य आयोजन सोमवार 4 नवंबर सायं 5.15 बजे से किया जाएगा। जिसमे हजारों की संख्या में भक्तगण सपरिवार सम्मलित होकर अन्नकूट प्रसाद का लाभ लेंगे। अन्नकूट प्रसाद के वितरण के लिए कार्यकर्ताओं की विशेष टीमों का गठन किया गया। जो पधारे भक्तों की सेवार्थ उपस्थित रहेगे।

कार्यक्रम के आयोजन में रामसिंह, गजेन्द्रसिंह, पारससिंह, विरेन्द्रसिंह, भगवानसिंह, नरेन्द्रसिंह, हेमेन्द्रसिंह, जयपालसिंह, पियुषसिंह, हर्षसिंह एवं बहुत से कार्यकर्ता लक्ष्मणसिंह, नारायणसिंह निमाज, सोहनसिंह, बीरबलसिंह, महावीरसिंह, संजयसिंह राजपुरोहित, नेमीचन्द लखारा, राधेश्याम माली, मेहन्द्र चौहान प्रमुख रूप से अपनी सेवाएं देंगे। आयोजक गजेन्द्रसिंह राजपुरोहित निम्बोल ने बताया कि दिवाली के बाद मनाये जाने वाले अन्नकूट प्रसाद उत्सव कार्यक्रम में अन्नकूट प्रसाद का सेवन करने से सभी पाप नष्ट हो जाते है एवं परिवार मे सुख समृद्धि बनी रहती है, वैसे तो तेलंगाना में बहुत से स्थानों पर अन्नकूट प्रसाद का आयोजन किया जाता है लेकिन ताड़बन्द हनुमान मंदिर में अन्नकूट प्रसाद का अलग ही महत्व है। जिसमे हजारों की संख्या में भक्त सपरिवार पधारकर अन्नकूट प्रसाद का लाभ लेते है।

उन्होंने सभी भक्तों एवं राजपुरोहित समाज बन्धुओं से निवेदन किया है कि गौसेवार्थ दान-पुण्यकर अन्नकूट महाप्रसादी कार्यक्रम में सपरिवार, ईष्ट मित्रों सहित पधारकर लाभ लेवे।



दीपावली महोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित गोवर्धन पूजा-अर्चनाकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए सीरवी समाज अध्यक्ष मोहनलाल-सुगनादेवी हाम्बड़, किरन कंवर, पूजा कंवर सोलंकी, रेखा गौड़ व अन्य।

## एकमुश्त योजना की समय सीमा बढ़ी

हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सरकार ने ओटीएस-2024 की समय सीमा 30 नवंबर तक बढ़ा दी है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि हैदराबाद महानगर जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड (एचएमडब्ल्यूएसएसबी) ने योजना के विस्तार के लिए उपभोक्ताओं की भारी मांग का हवाला देते हुए सरकार को पत्र लिखा था, जिसके बाद योजना को 30 नवंबर तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया। एचएमडब्ल्यूएसएसबी ने ओटीएस-2024 योजना के माध्यम से 31 अक्टूबर तक लगभग 49 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है और इस दौरान लगभग 70,335 उपयोगकर्ताओं ने इस योजना का लाभ उठाया है। यह योजना शहर में लंबे समय से जमा हुए कनेक्शन बिलों को वसूलने के लिए शुरू की गई थी। इससे बिना किसी विलंब शुल्क या ब्याज के लंबे समय से लंबित बिलों का भुगतान करने का अवसर मिला।



धम्माईगुडा स्थित श्री राजस्थानी मित्र मंडल द्वारा आयोजित दिपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम एवं श्री खेतेश्वर सेवा समिति द्वारा आयोजित सुन्दरकान्ड का निमंत्रण देते हुए लक्ष्मणसिंह, मांगूसिंह राजपुरोहित। अवसर पर उपस्थित चेयरमैन ताराराम गेहलोत, अध्यक्ष सोहनसिंह राजपुरोहित, मोटाराम बर्फा, नेमाराम पंवार, सुरेश सीरवी, नेमाराम काग, भोलाराम, पूनाराम सोलंकी, प्रकाश सोयल, रुपाराम सैंणचा, तेजाराम सीरवी, सुरेन्द्रसिंह, परबत सोलंकी, ओमप्रकाश, राजुराम, गोविन्द सीरवी व अन्य।



बंजारा हिल्स में केबीआर पार्क में स्थित इच्छा पूर्ति गणेश की पूजा के बाद दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें राजेंद्र कुमार अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, विजया, रमादेवी अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, गोपाल बलदेव, सुरेश सी.ए., प्रवीण अग्रवाल, विजय कुमार अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, विजय कुमार अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद, भोज रेड्डी, पी.सी. जैन, विट्ठल दास अग्रवाल, अशोक लखोटिया, विजय तुंबी, प्रमोद सरायवाला, अशोक सरायवाला, सुधाकर रेड्डी आदि उपस्थित थे।

## संतोषनगर के मंदिर में मामूली आग

हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। संतोषनगर स्थित एक मंदिर में शुक्रवार रात दीपक जलने से मामूली आग लग गई। संतोषनगर कॉलोनी स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के अध्यक्ष नरसिंह राव के अनुसार, श्रद्धालुओं ने मंदिर के एक कोने में आग देखी, जहां सजावट के लिए तेल के दीपक रखे हुए थे। कुछ ज्वलनशील पदार्थ लैंप के संपर्क में आ गया और ऐसा संदेह है कि इसी के कारण आग लगी। नरसिंह राव ने कहा कि एक दमकल गाड़ी आई और कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया गया। दमकल टीम के पहुंचने से पहले ही सभी समुदायों के स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए।

# वरिष्ठ नागरिक से 14 लाख की ठगी

हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एक वरिष्ठ नागरिक को फर्जी सीबीआई अधिकारियों ने 'डिजिटल गिरफ्तारी' के तहत रखा और बाद में उनसे 14 लाख रुपये की ठगी कर ली। 70 वर्षीय व्यक्ति को एक व्यक्ति का फोन आया जिसने दावा किया कि वह दिल्ली पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) से है। व्यक्ति ने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट, वित्त मंत्रालय और आरबीआई के आदेश पर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और मनी लॉन्ड्रिंग के लिए उसकी जांच की जा रही है। जालसाज ने व्यक्ति को व्हाट्सएप वीडियो कॉल पर बुलाया और बताया कि उसके नाम पर एक बैंक खाता खोला गया है और इसका इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया जा रहा है। इसके बाद जालसाजों ने व्यक्ति को किसी ऐसे व्यक्ति से जोड़ा जिसने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया और फिर उसे गिरफ्तार करने का आदेश दिया और अगले आदेश तक घर से बाहर न निकलने का निर्देश दिया। साइबर क्राइम अधिकारियों ने बताया कि कुछ घंटों तक पूछताछ करने के बाद फर्जी सीबीआई अधिकारी ने व्यक्ति से अपनी बैंक पासबुक और चेक बुक लेकर नजदीकी बैंक जाने को कहा। उसे 14 लाख रुपये खाते में ट्रांसफर करने को कहा गया, जिस पर व्यक्ति ने विश्वास करके कॉल किया।

पीड़ित के व्यवहार पर परिवार के सदस्यों को संदेह हुआ और पूछताछ करने पर पता चला कि बुजुर्ग व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी की गई है। शिकायत दर्ज कर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जांच कर रही है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com






# मुंबई टेस्ट : न्यूजीलैंड ने 9 विकेट गंवाकर ली 143 रन की बढ़त

मुंबई, 2 नवंबर (एजेंसियां)। दूसरे दिन का खेल समाप्त हो गया। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में नौ विकेट पर 171 रन बनाकर 143 रन की बढ़त हासिल कर ली है। शनिवार को कीवियों के लिए विल यंग ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 51 रनों की शानदार पारी खेली। उनके अलावा कॉनवे ने 22, मिचेल ने 21 और फिलिप्स ने 26 रन बनाए। भारत के लिए जडेजा ने चार, अश्विन ने तीन विकेट चटकाए। वहीं, आकाश दीप और सुंदर को एक-एक विकेट मिला।



भारत की पहली पारी 263 रन पर समाप्त हुई। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 235 रन बनाए थे। इस लिहाज से टीम इंडिया को 28 रन की बढ़त मिली। भारत की ओर से शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा 90 रन बनाए।

शनिवार को भारत ने चार विकेट पर 86 रन से आगे खेलना शुरू किया और 177 रन बनाने में बाकी छह विकेट गंवा दिए। शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने आज भारतीय पारी को आगे बढ़ाया और आक्रामक बल्लेबाजी की। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी निभाई। पंत ने इस दौरान टेस्ट करियर का 13वां अर्धशतक और गिल ने सातवां अर्धशतक लगाया।

बड़े हिट के चक्कर में पंत एल्बीडब्ल्यू आउट हो गए। उन्हें ईश सोढ़ी ने पवेलियन भेजा। वह 59 गेंद में आठ चौके और दो छक्के की मदद से 60 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गई। एक वक्त भारत का स्कोर चार विकेट पर 180 रन था और फिर 83 रन बनाने में टीम इंडिया ने आखिरी छह विकेट गंवा दिए। पंत के आउट होने के बाद रवींद्र जडेजा 14 रन, रविचंद्रन अश्विन छह रन बनाकर आउट हुए। शुभमन गिल ने 146 गेंद में सात चौके और एक छक्के की मदद से 90 रन की पारी खेली। सरफराज खान और आकाश दीप खाता नहीं खोल सके। वॉशिंगटन सुंदर ने आखिर में कुछ बड़े हिट्स लगाए और भारत को बढ़त दिलाई। वह 36 गेंद में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 38 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से एजाज पटेल ने पांच विकेट लिए। वहीं, मैट हेनरी, ग्लेन फिलिप्स और ईश सोढ़ी को एक-एक विकेट मिला।

# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025: भारतीय फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी, वीजा जारी करने का आश्वासन दिया

इस्लामाबाद, 2 नवंबर (एजेंसियां)। आईसीसी का अगला टूर्नामेंट चैंपियंस ट्रॉफी है और इसकी मेजबानी पाकिस्तान करेगा. साल 2025 की शुरुआत में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड जमकर तैयारी कर रहा है. लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम के चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने की संभावना ना के बराबर हैं. भारत-पाकिस्तान के खराब रिश्तों और पाकिस्तान में सुरक्षा के खतरे के बावजूद PCB को उम्मीद है कि टीम इंडिया इस टूर्नामेंट के लिए उनके देश आएगी. इन सब के बीच पीसीबी ने भारतीय फैंस के लिए एक बड़ा फैसला लिया है.



**भारतीय फैंस के लिए पीसीबी का बड़ा फैसला**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष और केंद्र सरकार में मंत्री मोहसिन नकवी ने अगले साल होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के मैच देखने के लिए उनके देश आने के इच्छुक भारतीय फैंस के लिए त्वरित वीजा जारी करने का आश्वासन दिया है. नकवी ने कहा कि पीसीबी को उम्मीद है कि चैंपियंस ट्रॉफी के मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में भारत के क्रिकेट प्रेमी पाकिस्तान के दौरे पर आएंगे. वह चाहते हैं कि भारतीय फैंस पाकिस्तान आकर लाहौर में इन दोनों देशों के बीच होने वाले मैच को देखें. एक अखबार ने नकवी के हवाले से कहा, 'हम भारतीय फैंस के लिए टिकटों का एक विशेष कोटा रखेंगे और हम जल्द से जल्द वीजा जारी करने के लिए उपयुक्त कदम उठाएंगे.'

**बदल सकते हैं चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के वेन्यू**

भारत और पाकिस्तान के बीच पीछले कई समय से रिश्ते अच्छे नहीं हैं, जिसके चलते भारतीय टीम इस देश का दौरा नहीं करती है. भारत और पाकिस्तान के बीच सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट और एशिया कप के दौरान ही मैच खेले जाते हैं. ऐसे में माना जा रहा है कि ये टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल पर खेला जा सकता है. अगर ऐसा होता है कि टीम इंडिया ग्रुप स्टेज के अपने सभी मैच पाकिस्तान के बाहर ही खेलेगी और उसके सेमीफाइनल में पहुंचने पर भी वेन्यू में बदलाव किए जाएंगे. फिलहाल दोनों सेमीफाइनल भी पाकिस्तान में ही खेले जाने हैं.

दूसरी ओर, इस टूर्नामेंट का फाइनल मैंच लाहौर में खेला जाना है. लेकिन टीम इंडिया फाइनल में पहुंचती है तो फाइनल मैच भी पाकिस्तान के बाहर हो सकता, इसकी पूरी संभावना है कि ये मैच दुबई में कराया जा सकता है. हालांकि, इस टूर्नामेंट के लिए आईसीसी ने अभी तक शेड्यूल का भी ऐलान नहीं किया है. वहीं, ड्राफ्ट शेड्यूल के मुताबिक टीम इंडिया को अपने सभी मैच लाहौर में खेलने हैं.

टीम इंडिया अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलेगी. इसके बाद दूसरा मुकाबला वो 23 फरवरी को न्यूजीलैंड से खेलेगी. वहीं, ग्रुप स्टेज का तीसरा और आखिरी मैच पाकिस्तान से 1 मार्च को खेलेगी.

# छोटा पैकेट बड़ा धमाका ! तीन साल की उम्र में अनीश सरकार ने हासिल की फिडे रेटिंग, बनाया बड़ा रिकॉर्ड

कोलकाता, 2 नवंबर (एजेंसियां)। जहां छोटी उम्र के अधिकतर बच्चे कार्टूनों को देखने या केवल खिलौनों के साथ खेलने में लीन रहते हैं, वहीं अनीश सरकार शतरंज की बिसात पर अपना दिमाग दौड़ाते हैं जिससे उन्होंने एक नया रिकॉर्ड भी स्थापित कर दिया। उत्तरी कोलकाता में रहने वाले अनीश महज तीन साल, आठ महीने और 19 दिन की उम्र में फिडे रेटिंग हासिल करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए।



**कोलकाता में हुआ जन्म**

अनीश का जन्म 26 जनवरी 2021 को हुआ था। उन्होंने अक्तूबर में पश्चिम बंगाल राज्य अंडर-नौ ओपन प्रतियोगिता से प्रतिस्पर्धी शतरंज में डेब्यू किया। इस युवा खिलाड़ी ने अपनी पहली प्रतियोगिता में ही प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए संभावित आठ में से 5.5 अंक हासिल किए।

इन दो को अनीश ने दी मात

इस बीच उन्होंने दो रेटेड खिलाड़ियों - अरव चटर्जी और अहिलान बैश्य को हराया। वह कुल मिलाकर 24वें स्थान पर रहे। इस बीच, उन्हें भारत के नंबर एक खिलाड़ी और विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ खेलने का मौका भी मिला।

**तेजस तिवारी के रिकॉर्ड को तोड़ा**

अनीश को इसके बाद पश्चिम बंगाल राज्य अंडर-13 ओपन में खेलने का मौका मिला जिसमें उन्होंने पांच रेटेड खिलाड़ियों का सामना करने की अर्हता पूरी की। इस तरह से उन्हें फिडे रेटिंग में 1555 की प्रारंभिक रेटिंग मिली। उन्होंने इस तरह भारत के ही तेजस तिवारी के रिकॉर्ड को तोड़ दिया जिन्होंने पांच साल से कम उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी।

# भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के शेड्यूल में बड़ा बदलाव, एक मैच हुआ रद्द



मेलबोर्न, 2 नवंबर (एजेंसियां)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत 22 नवंबर से हो रही है। टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए इस सीरीज के शुरू होने से पहले टीम इंडिया को एक इंट्रा स्क्वाड मैच भी खेलना था, लेकिन अब इसे रद्द करने का फैसला लिया गया है। दरअसल ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद भारतीय टीम को 15 से 17 नवंबर तक पर्थ के वाका मैदान पर यह मैच खेलना था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

टीम इसकी जगह वाका मैदान के सेंटर विकेट पर प्रैक्टिस करेगी, जिससे उसकी तैयारियां बेहतर हो सकें।

भारतीय टीम इस बार भी सीरीज जीतकर ऑस्ट्रेलिया धरती पर सीरीज जीतने की हैट्रिक पूरी करना चाहेगी। टीम ने पिछले दो दौरों पर कंगारू टीम को 2-1 के अंतर से मात देने में सफलता पाई है।

# रवि शास्त्री ने फैलाई न्यूजीलैंड के खिलाफ डेब्यू करने वाले भारतीय खिलाड़ी की मौत की खबर

## फिर मांगी माफी

नई दिल्ली, 2 नवंबर (एजेंसियां)। रवि शास्त्री भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुंबई टेस्ट की कमेंट्री कर रहे हैं. लेकिन, इसी बीच उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल से न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू करने वाले एक भारतीय खिलाड़ी की मौत की खबर फैला दी. जब उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ तो ना सिर्फ वो पोस्ट डिलीट किया बल्कि गलती की माफी भी मांगी. रवि शास्त्री ने नारी कॉन्ट्रैक्टर के निधन की खबर शेयर की थी, जिन्होंने 1955 में मुंबई के ब्रेबॉर्न स्टेडियम पर न्यूजीलैंड के ही खिलाफ अपने टेस्ट करियर की शुरुआत की थी.



टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रहे रवि शास्त्री ने नारी कॉन्ट्रैक्टर के निधन को लेकर शेयर की गलत खबर के लिए माफी मांगी है. उन्होंने माफी मांगते हुए नारी कॉन्ट्रैक्टर के सेहत का मौजूदा हाल भी बताया. शास्त्री ने लिखा कि कॉन्ट्रैक्टर अच्छे हैं और उनके निधन की खबर पूरी तरह से गलत है.

नारी कॉन्ट्रैक्टर का जन्म 7 मार्च 1934 को गुजरात के गोधरा में हुआ था. उन्होंने साल 1955 में अपना पहला टेस्ट खेला. उनका टेस्ट करियर 7 साल का रहा. इस दौरान खेले 31 टेस्ट में उन्होंने 1611 रन बनाए और 1 विकेट लिया. उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मैच साल 1962 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था.

ग्रिफिथ की बाउंसर ने खत्म किया करियर !

नारी कॉन्ट्रैक्टर के टेस्ट करियर पर विराम लगने की वजह वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज ग्रिफिथ की वो बाउंसर रही, जिससे उनका सिर फट गया था. ये घटना 1962 की सीरीज की है. सिर फटने के बाद ग्रिफिथ के सिर में मेटल प्लेट डाले गए थे, जो 60 साल बाद 2022 में ही निकाले गए हैं.

# आईपीएल-2025 में सीएसके से खेल सकते हैं अश्विन

## 2009 में इसी टीम से डेब्यू किया था; पंत के लिए पंजाब-चेन्नई में लड़ाई

मुंबई, 2 नवंबर (एजेंसियां)। आईपीएल-2025 मेगा ऑक्शन में रविचंद्रन अश्विन को चेन्नई सुपर किंग्स खरीद सकती है। उन्हें हाल ही में जारी हुई रिटेंशन लिस्ट में राजस्थान रॉयल्स ने रिलीज कर दिया था। 2015 तक चेन्नई से खेलने वाले ऑफ स्पिनर अश्विन की घर वापसी हो सकती है। टीम ने कप्तान ऋतुराज गायकवाड, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीश पथिराना और एम एस धोनी (अनकैपड) इन सभी को 65 करोड़ में रिटेन किया है। टीम के पास पर्स में 55 करोड़ रुपए बचे हैं।



**अश्विन पर बोली लगाएगी चेन्नई**

टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक चेन्नई की विशलिस्ट में ऋषभ पंत और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शामिल है। 38 वर्षीय अश्विन ने फ्रेंचाइजी के लिए 6 साल आईपीएल खेला था। उन्होंने 2009 में सीएसके के लिए डेब्यू किया था। जिसके बाद वे राइजिंग पुणे सुपरजाइंट्स, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स से खेल चुके हैं। करीब 2 महीने पहले अश्विन ने चेन्नई से दोबारा खेलने की इच्छा जताई थी।

**पंत के लिए चेन्नई और पंजाब में लड़ाई**

इंडियन विकेटकीपर ऋषभ पंत को दिल्ली कैपिटल्स ने रिटेन नहीं किया है। ऐसे में कई टीमें पंत के पीछे जा सकती हैं।क्योंकि चेन्नई के पास 55 करोड़ बाकी है और उन्हें टीम में और भी प्लेयर्स शामिल करने है ऐसे में वे 25 करोड़ से ऊपर की बोली नहीं लगा सकते। इसके अलावा पंजाब, लखनऊ और बेंगलुरु ऋषभ को अपनी टीम में शामिल कर सकते हैं।

**डेवन कॉन्वे के लिए राइट-टु-मैच कार्ड**

कीवी ओपनर के लिए चेन्नई राइट-टु-मैच कार्ड इस्तेमाल कर सकती है। 2023 में कॉन्वे ने चेन्नई के लिए 16 मैच में 52 की औसत से 672 रन बनाए थे।

राइट टु मैच कार्ड क्या है

राइट टु मैच यानी आरटीएम कार्ड को टीमें ऑक्शन में इस्तेमाल कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, मान लीजिए कि रोहित शर्मा को मुंबई इंडियंस ने रिटेन नहीं किया। उनका नाम ऑक्शन में आया और उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 10 करोड़ रुपए में खरीद लिया। अब अगर मुंबई चाहे तो आरटीएम कार्ड का इस्तेमाल कर रोहित को 10 करोड़ रुपए में अपने साथ ही रख सकती है। आरटीएम कार्ड सभी टीमों के पास रहेगा।

# धोनी और गिलक्रिस्ट के बीच फंस गए हैं ऋषभ पंत!

## बतौर विकेट कीपर 100 प्लस की स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा फिफ्टी प्लस स्कोर का मामला

नई दिल्ली, 2 नवंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई टेस्ट की पहली पारी में ऋषभ पंत ने 60 रन की धमाकेदार इनिंग खेली. इस इनिंग ने भारत को मुश्किल से तो उबारा लेकिन पंत को एडम गिलक्रिस्ट और एमएस धोनी के बीच लाकर खड़ा कर दिया. दो दिग्गज विकेटकीपर्स के बीच फंसे पंत के सामने अब उससे बाहर निकलने की चुनौती है, जिससे निपटने के लिए उन्हें कम से कम 4 बार वही काम करना होगा, जो उन्होंने मुंबई के मैदान पर अर्धशतक जड़कर किया.



**101.69 की स्ट्राइक रेट से पंत ने जड़े 60 रन**

मुंबई टेस्ट की पहली पारी में न्यूजीलैंड के खिलाफ ऋषभ पंत ने 59 गेंद पर 60 रन बनाए. इस दौरान उन्होंने अपना अर्धशतक हालांकि 36 गेंद पर ही पूरा कर लिया था. ऋषभ पंत का ये 5वां फिफ्टी प्लस स्कोर है जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 100 से ज्यादा का दिखा. ऋषभ पंत ने मुंबई टेस्ट में 101.69 की स्ट्राइक रेट से 60 रन बनाए.

**100 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से 5 फिफ्टी प्लस स्कोर**

टेस्ट करियर में अब तक 5 फिफ्टी प्लस स्कोर 100 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से बनाने के चलते ही पंत, गिलक्रिस्ट और धोनी के बीच आकर ख़ड़े हुए हैं. दरअसल, इस मामले में उन्होंने धोनी को तीसरे नंबर पर धकेला है वहीं नंबर वन पर बैठे गिलक्रिस्ट को पीछे करने के लिए उन्हें 4 फिफ्टी प्लस स्कोर 100 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट वाले और बनाने होंगे.

धोनी और गिलक्रिस्ट के बीच में पंत!

धोनी ने जहां टेस्ट में बतौर विकेटकीपर 4 फिफ्टी प्लस स्कोर 100 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से बनाए हैं. वहीं ऋषभ पंत 5 बार ऐसा कर चुके हैं. जबकि एडम गिलक्रिस्ट ने टेस्ट क्रिकेट में 8 फिफ्टी प्लस स्कोर 100 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से बनाए हैं.

**गिल के साथ पंत ने जोड़े 96 रन**

ऋषभ पंत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई टेस्ट में अपनी शानदार पारी के दौरान 5वें विकेट के लिए शुभमन गिल के साथ बड़ी पार्टनरशिप भी की. दोनों ने मिलकर 114 गेंदों पर 96 रन की साझेदारी की, जिसने भारत की मैच में वापसी कराने का काम किया.

# आईपीएल 2025 के लिए साई सुदर्शन को मिले 8.5 करोड़

## ऑस्ट्रेलिया में जमाया शतक, करियर में 7वीं बार किया ऐसा दमदार प्रदर्शन

मेलबोर्न, 2 नवंबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया 10 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया रवाना होगी. लेकिन, इंडिया ए की टीम ना सिर्फ वहां पहुंच चुकी है बल्कि अपना पहला मैच भी ऑस्ट्रेलिया ए के साथ खेल रही है. 31 अक्टूबर से शुरू हुए पहले मुकाबले में इंडिया ए के बल्लेबाज साई सुदर्शन का जबरदस्त खेल देखने को मिला है. उन्होंने मुश्किल हालातों में ऑस्ट्रेलियाई जमीन पर अपनी काबिलियत को दिखाया है. साई सुदर्शन ने अपने दमदार प्रदर्शन की नुमाइश ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहले मैच की दूसरी पारी में शतक जड़ते हुए किया है. दोनों टीमों के बीच 4 दिनी मैच में, पहली पारी के बाद भारतीय टीम 88 रन से पीछे थी. लेकिन, दूसरी पारी में साई सुदर्शन के शानदार शतक की बदौलत इंडिया ए की टीम फ्रंटफुट पर दिख रही है. 7 नंबर की जर्सी पहनकर नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने उतरे साई सुदर्शन ने दूसरी पारी में 200 गेंदों का सामना किया, जिसमें उन्होंने सिर्फ 9 चौके के साथ अपने शतक की स्क्रिप्ट लिखी. साई सुदर्शन ने 103 रन बनाए. अब तक के फर्स्ट क्लास करियर में ये 7वीं बार है जब साई सुदर्शन ने ट्रिपल फीगर वाला स्कोर बनाया है.



साई सुदर्शन उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें आईपीएल 2025 के लिए अपनी-अपनी फ्रेंचाइजियों की ओर से रिटेन किया गया है. साई आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस का हिस्सा रहे थे. और, रिटेन होने के बाद अब ये साफ हो चुका है कि अब वो आईपीएल 2025 में भी गुजरात की ओर से ही खेलते दिखेंगे. गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2025 के लिए साई सुदर्शन को 8.5 करोड़ रुपये में रिटेन किया है. ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ बाएं हाथ के बल्लेबाज साई सुदर्शन ने शतक तो जड़ा ही साथ ही तीसरे विकेट के लिए देवदत्त पडिक्कल के साथ मिलकर 196 रन की पार्टनरशिप भी की. दोनों की साझेदारी को टॉड मर्फी ने तोड़ा. उन्होंने अपने बैक टू बैक ओवर में पहले साई का विकेट निकाला फिर देवदत्त को आउट किया. इससे पहले पहली पारी की ही तरह इंडिया ए की दूसरी इनिंग की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही थी. पहली पारी में 107 रन पर सिमटने के बाद दूसरी पारी में भी इंडिया ए ने पहले 2 विकेट 30 रन पर ही खो दिए थे. लेकिन फिर साई के शतक और देवदत्त के बल्ले से निकले 88 रनों ने टीम को संकट से उबारा और इंडिया ए का स्कोर 4 विकेट पर 229 रन हो गया. हालांकि, मिडिल ऑर्डर के दूसरे बल्लेबाजों का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा. बाबा इंद्रजीत दूसरी पारी में भी दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके वहीं ईशान किशन 32 रन पर आउट हो गए.

# यूएई ने किया बड़ा उलटफेर

## टीम इंडिया को हराकर किया टूर्नामेंट से बाहर

खेल डेस्क, 2 नवंबर (एजेंसियां)। रॉबिन उथप्पा की अगुवाई वाली टीम इंडिया हॉन्ग कॉन्ग सिक्सेस टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। टीम को पाकिस्तान के बाद अब यूएई जैसी कमजोर टीम से भी हार का सामना करना पड़ा है, जिससे उसकी टूर्नामेंट से विदाई हो गई। यूएई की टीम ने सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए भारत को एक रन से मात दी।

पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला और इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा मैच हारने के बाद भारत को इस मैच में जीत की जरूरत थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। टीम को पहली ही गेंद पर विकेट मिल गया, जब भरत चिपली ने यूएई के कप्तान आसिफ खान के स्टंप उखाड़ दिए। हालांकि इसके बाद भारत के लिए स्थिति खराब होती चली गई।

यूएई के लिए खालिद शाह ने 10 गेंदों पर 42 जबकि मुहम्मद जुहैब ने 5 गेंदों पर 17 रन बनाकर दूसरे विकेट के लिए दो ओवर में 58 रन जोड़ दिए। मिडिल ऑर्डर के बाकी बल्लेबाजों ने भी कुछ योगदान दिया, जहां जहूर खान ने 11 गेंदों पर 37 रन बनाकर यूएई का स्कोर छह ओवर में 130 रन तक पहुंचाया। स्टुअर्ट बिन्नी ने अपने दो ओवर में 31 रन देकर भारत के लिए तीन विकेट लिए और अब तक के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। जवाब में भारत ने मनोज तिवारी को चिपली के साथ ओपनिंग के लिए भेजा, जिन्होंने पिछले मैच में नाबाद अर्धशतक बनाया था। चिपली पहले ओवर की आखिरी गेंद पर 20 रन बनाकर आउट हो गए, जबकि तिवारी तीन गेंदों पर केवल 10 रन ही बना पाए। इसके बाद कप्तान रॉबिन उथप्पा ने मिडिल ऑर्डर में जिम्मेदारी संभाली और 10 गेंदों पर तीन चौकों और पांच छक्कों की मदद से 43 रन बनाए।

उथप्पा के आउट होने के बाद स्टुअर्ट बिन्नी ने मोर्चा संभाला और 11 गेंदों पर 44 रनों की पारी खेली। भारत को आखिरी ओवर में 32 रनों की जरूरत थी। बिन्नी ने आखिरी ओवर में चार छक्के जड़कर टीम को जिताने की कोशिश की, लेकिन कामयाब नहीं हो सके।

# विश्वविद्यालयों में ध्वस्त हो गई हैं व्यवस्थाएं : मुख्यमंत्री

## नए कुलपतियों के साथ सीएम ने की बैठक



हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने शनिवार को कहा कि राज्य के विश्वविद्यालय पिछले कुछ समय से अपनी प्रतिष्ठा खो रहे हैं और उनकी विश्वसनीयता बढ़ाने की जरूरत है।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने यहां विश्वविद्यालयों के नवनियुक्त कुलपतियों के साथ बैठक के दौरान कहा कि राज्य में विश्वविद्यालयों में व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गई हैं। रेवंत रेड्डी ने विश्वविद्यालयों की वर्तमान स्थिति पर व्यापक अध्ययन करने का आह्वान किया और कुलपतियों से तदनुसार कार्रवाई करने को कहा।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि यदि आवश्यक हो तो परामर्शदाताओं को नियुक्त करें और विश्वविद्यालयों के कामकाज पर एक रिपोर्ट तैयार करें। उन्होंने यह भी कहा कि नए कुलपतियों की नियुक्ति बिना किसी प्रभाव के की गई है।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालयों में ड्रग्स और गांजा की तस्करी पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

उनके कार्यालय से जारी बयान में कहा गया है कि छात्रों पर नजर रखें और उन्हें परामर्श प्रदान करें। विश्वविद्यालयों में विश्वास पैदा करने के लिए कड़ी मेहनत करें। रेवंत रेड्डी ने जोर देकर कहा कि नए कुलपतियों का चयन पूरी तरह से योग्यता और सामाजिक समीकरणों के आधार पर किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर कुछ भी गलत हुआ तो तेलंगाना सरकार सख्त कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगी। बयान में कहा गया कि कुलपतियों को अच्छा काम करने की स्वतंत्रता दी गई है। सरकार हमेशा उन लोगों का समर्थन करेगी जो बेहतरीन काम करते हैं। तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने शुक्रवार 18 अक्टूबर को विभिन्न राज्य विश्वविद्यालयों के लिए कुलपति के पदों पर नियुक्तियों को मंजूरी दे दी, जिसमें निजामाबाद स्थित तेलंगाना विश्वविद्यालय भी शामिल है, जहां पिछले कुलपति को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किए जाने के बाद यह पद रिक्त हो गया था।

# बीआरएस नेता धमकियों और झूठे मामलों से नहीं डरते : हरीश राव



हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और बीआरएस विधायक टी हरीश राव ने शनिवार को पूर्व मंत्री श्रीनिवास गौड़ और अन्य बीआरएस नेताओं के खिलाफ अवैध मामले दर्ज करने की कड़ी निंदा की। राव ने इस कार्रवाई की आलोचना करते हुए कहा कि यह राजनीति से प्रेरित है तथा इसका उद्देश्य गरीबों के घरों को गिराए जाने पर सवाल उठाने वाले परिवारों को निशाना बनाना है। राव ने सवाल किया कि क्या सार्वजनिक शासन का यही मतलब है- जनता के मुद्दों पर लड़ रहे विपक्ष की आवाज को दबाना? उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बीआरएस नेता ऐसे मामलों और धमकियों से अनजान नहीं हैं।

बीआरएस नेता ने कहा कि चाहे कितनी भी धमकियां दी जाएं या कितने भी अवैध मामले दर्ज किए जाएं, हम सरकार को जवाबदेह ठहराते रहेंगे और लोगों के लिए लड़ते रहेंगे। उन्होंने बीआरएस नेताओं के खिलाफ दर्ज मामलों को तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि पार्टी डरने वाली नहीं है और जनता के अधिकारों के लिए अपना संघर्ष जारी रखेगी।

# एटीएम लूटने की कोशिश कर रहा शख्स सीसीटीवी में कैद, गिरफ्तार



निर्मल, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एक व्यक्ति ने निर्मल शहर में एक एटीएम से पैसे चोरी करने का प्रयास किया और शनिवार सुबह स्थानीय पुलिस ने उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया। संदिग्ध की पहचान वेलमेल बोप्पाराम गांव के कंचम गंगाधर के रूप में हुई, जिसे सीसीटीवी फुटेज में कैद होने के बाद बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

घटना की जानकारी अधिकारियों को तब मिली जब बैंक मैनेजर ने एटीएम में संदिग्ध गतिविधि देखी और तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। इलाके में गश्त कर रहे इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की और आस-पास के इलाकों में संदिग्ध की तलाश में समन्वय किया।

उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड पर गंगाधर को ढूंढ निकाला और गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने एटीएम को सुरक्षित कर लिया है और जांच कर रही है कि क्या संदिग्ध का कोई साथी था या वह पहले भी इसी तरह के अपराधों में शामिल था।

समय पर हस्तक्षेप से नकदी की हानि या बैंक की संपत्ति को होने वाले नुकसान को रोकने में मदद मिली, जिससे सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हुई।




# रियल एस्टेट घोटालेबाज को साइबराबाद पुलिस ने पकड़ा

हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस ने मंदिर निर्माण के लिए सस्ती दरों पर जमीन दिलाने के नाम पर लोगों को ठगने के आरोप में एक ठग को गिरफ्तार किया है। मेदक जिले के शिवमपेट मंडल के मूल निवासी संदिग्ध यू नरसिम्हलू ने 2018 में तहसीलदार शिवमपेट कार्यालय में कुतुबुल्लापुर निवासी पीड़ित एनवीवी सुब्रमण्यम से मुलाकात की। नरसिम्हलु ने खुद को तहसीलदार कार्यालय के कर्मचारी के रूप में पेश किया और सुब्रह्मण्यम को जमीन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

कथित ठग ने सुब्रह्मण्यम को कुछ सरकारी ज़मीन के टुकड़े दिखाए और शिवमपेट में एक ज़मीन के टुकड़े से जुड़े दस्तावेज़ भी दिए। नरसिम्हलु ने सुब्रह्मण्यम से 1.20 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। बाद में जब पीड़ित ने दस्तावेजों की जांच की तो पता चला कि वे जाली दस्तावेज थे। पीड़ित ने पुलिस से संपर्क किया, जिसने आरोपों की पुष्टि के बाद मामला दर्ज किया और नरसिम्हलू को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी (ईओडब्ल्यू) के प्रसाद ने बताया कि ठग ने कथित तौर पर इसी तरह एक और व्यक्ति से 50 लाख रुपये की ठगी की है।

# बीआरएस ने की पिछड़ा वर्ग आरक्षण के लिए विधायी कार्रवाई की मांग



हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के वरिष्ठ नेता वी श्रीनिवास गौड़ ने योजना आयोग और पिछड़ा वर्ग (बीसी) आयोग के संबंध में तेलंगाना सरकार की सीमित कार्रवाई की आलोचना करते हुए कहा है कि केवल दो आदेश जारी किए गए हैं। शनिवार को तेलंगाना भवन में आयोजित एक मीडिया सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने पिछड़े वर्गों के आरक्षण के लिए विधायी समर्थन की आवश्यकता पर बल दिया तथा कहा कि कानून के बिना आरक्षण बढ़ाना संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि बिहार और महाराष्ट्र की अदालतों ने आरक्षण में वृद्धि को रद्द कर दिया है, जिससे कानूनी समर्थन का महत्व उजागर होता है। श्रीनिवास गौड़ ने चिंता व्यक्त की कि जब बीसी आयोग जिलों का दौरा करता है तो अक्सर उसे नजरअंदाज कर दिया जाता है और उन्होंने आयोग का अनादर करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने उपस्थित लोगों को याद दिलाया कि कांग्रेस पार्टी पिछड़ी जातियों के आरक्षण को बढ़ाने के वादे के साथ सत्ता में आई थी और इस बात पर जोर दिया कि स्थानीय निकाय चुनावों से पहले इन प्रतिबद्धताओं को पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर आगे चर्चा करने के लिए सभी विपक्षी दलों की बैठक बुलाने का प्रस्ताव रखा।

# आदिवासियों ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

कामारेड्डी, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस सरकार द्वारा चुनावी वादों को पूरा न करने के खिलाफ लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। राज्य भर में विभिन्न वर्गों द्वारा विरोध प्रदर्शन के बाद, माचेरेड्डी मंडल के एलामपेटा गांव के आदिवासी लोग शनिवार को सड़कों पर उतर आए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे अब खुले तौर पर बीआरएस अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव को मुख्यमंत्री के रूप में वापस मांग रहे हैं। कांग्रेस सरकार द्वारा चुनावी वादों को पूरा न किए जाने से निराश आदिवासियों ने गांव में प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के खिलाफ नारेबाजी की। आदिवासियों ने कहा कि उन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पर भरोसा किया था और उसका समर्थन किया था, लेकिन अब पार्टी का असली चेहरा धीरे-धीरे सामने आ रहा है। उनसे किए गए वादों को लागू करने की मांग को लेकर नारे लगाते हुए आदिवासियों ने कहा कि उनके साथ धोखा हुआ है, क्योंकि उनसे किए गए किसी भी वादे को अब तक पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि 10 महीने से ज्यादा बीत जाने के बावजूद कांग्रेस सरकार अपने चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह सरकार 6 गारंटी और लोगों से किए गए कई वादों को लागू करने में विफल रही है। यह किसानों से किए गए वादों को भी पूरा करने में विफल रही है। आदिवासियों ने कहा कि चुनाव के दौरान बीआरएस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव का समर्थन न करके उन्होंने बहुत बड़ी गलती की है। वे अब चाहते हैं कि बीआरएस सत्ता में आए क्योंकि उन्हें लगता है कि यह एकमात्र पार्टी है जो गरीबों और आदिवासियों के उत्थान के लिए काम करती है। पता चला है कि अलग-अलग इलाकों में इस तरह के और विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई जा रही है।

# कापू और मुन्नुरु कापू संघों के प्रतिनिधियों ने मंत्री से मुलाकात की



हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुन्नुरु कापू संघ के प्रदेश अध्यक्ष कोंडा देवय्या के मार्गदर्शन में शनिवार को हैदराबाद, सिकंदराबाद के जुड़वां शहरों के 29 कापू और मुन्नुरु कापू संघों के जेएसी के नेताओं और प्रतिनिधियों ने वन व पर्यावरण मंत्री कोंडा सुरेखा से जुबली हिल्स, आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मंत्री सुरेखा को कापू समुदाय के सामने आने वाली समस्याओं और सरकार द्वारा उन्हें प्रदान की जाने वाली सहायता और सहयोग के बारे में बताया। इस अवसर पर, उन्होंने सरकार और व्यक्तिगत रूप से बीसी की उन्नति और कापू समाज की प्रगति में मंत्री सुरेखा के योगदान की सराहना की। मंत्री सुरेखा ने सत्ता में आने के पांच महीने के भीतर मुन्नुरु कापू निगम की स्थापना में सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री सुरेखा ने दोहराया कि सरकार कपुला के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पीपुल्स सरकार के सत्ता में आने के पांच महीने के भीतर मुन्नुरु कापू निगम की स्थापना की गई और उन्होंने अपनी ईमानदारी दिखाई। मंत्री सुरेखा ने कहा कि सीएम रेवंत रेड्डी कापू और मुन्नुरु कापू के लिए बहुत कुछ करने की कोशिश कर रहे हैं, जो राज्य की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मंत्री सुरेखा ने स्पष्ट किया कि मुन्नुरु कापू निगम के अध्यक्ष की नियुक्ति बहुत जल्द की जाएगी और हम कापू समुदाय के कल्याण और विकास के लिए एक मजबूत कार्य योजना के साथ आगे बढ़ेंगे।

# हैदराबाद से श्रीशैलम, नागार्जुन सागर तक सड़क सह क्रूज यात्रा शुरू



हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना पर्यटन विकास निगम ने हैदराबाद से नागार्जुन सागर और श्रीशैलम तक सड़क-सह-क्रूज़ यात्राएं शुरू की हैं। तेलंगाना पर्यटन द्वारा आयोजित यह यात्रा धार्मिक यात्राओं, लुभावने परिदृश्यों और यादगार नदी क्रूज से भरा दो दिवसीय अनुभव प्रदान करती है। निगम ने हैदराबाद से सोमासिला और श्रीशैलम के लिए टूर सेवाएं भी शुरू की हैं। ये क्रूज़ टूर साप्ताहिक आधार पर शनिवार को संचालित होंगे।

यात्रा पहले दिन से शुरू होगी, दोपहर 1:30 से 2:00 बजे के बीच सिकंदराबाद, बेगमपेट और बशीरबाग से प्रस्थान करके, नॉन-एसी हाई-टेक कोच से श्रीशैलम तक की यात्रा की जाएगी। हैदराबाद से पर्यटक शाम 7:30 बजे श्रीशैलम पहुंचेंगे, नॉन-एसी या डॉरमेट्री आवास में रात बिताएंगे और अगली सुबह क्रूज में शामिल होंगे। दूसरे दिन श्रीशैलम मंदिर, साक्षी गणपति मंदिर और श्रीशैलम बांध के दर्शन शामिल हैं। नाश्ते के बाद, हैदराबाद के पर्यटक नागार्जुन सागर के लिए एक क्रूज पर सवार होंगे, जहां वे जहाज पर दोपहर का भोजन करेंगे। सड़क सह क्रूज यात्रा हैदराबाद की वापसी यात्रा के साथ समाप्त होती है, जो रात 11:00 बजे के आसपास पहुंचती है।

हैदराबाद से रोड कम क्रूज़ टूर की कीमत वयस्कों के लिए 3,050 रुपये और बच्चों के लिए 2,450 रुपये है और इसमें परिवहन, दोपहर का भोजन, चाय और आवास शामिल हैं। आगंतुकों को रात के खाने, नाश्ते और मंदिर शुल्क के लिए अलग से बजट बनाना चाहिए। आयोजकों ने बताया कि मौसम और अन्य परिस्थितियों के कारण कार्यक्रम में बदलाव हो सकता है।

# हैदराबाद में लगेगी महात्मा गांधी की सबसे ऊंची प्रतिमा

हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार हैदराबाद में बापू घाट पर विश्व की सबसे ऊंची महात्मा गांधी प्रतिमा स्थापित करने की योजना को आगे बढ़ा रही है। बापू घाट वह स्थान है जहां गांधीजी की अस्थियां विसर्जित की गई थीं। यह पहल मूसी नदी पुनरुद्धार परियोजना का एक व्यापक हिस्सा है, जिसमें गांधीवादी विचारधारा केंद्र की स्थापना भी शामिल है जिसका उद्देश्य शांति और भाईचारे के उनके सिद्धांतों को बढ़ावा देना है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी इस परियोजना का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसमें मूर्ति की डिजाइन, ऊंचाई और मुद्रा के संबंध में विशेषज्ञों से परामर्श और जनता के सुझाव शामिल होंगे।

वर्तमान में, पटना में सबसे ऊंची गांधी प्रतिमा 72 फीट ऊंची है, जबकि टेक्सास में आठ फीट ऊंची प्रतिमा दांडी मार्च के दौरान उन्हें दर्शाती है। नई प्रतिमा का उद्देश्य इन ऊंचाइयों को पार करना और राष्ट्रीय गौरव और प्रेरणा का प्रतीक बनना है। इसके अतिरिक्त, योजनाओं में मूल्यों और नैतिकता पर केंद्रित एक शैक्षिक केंद्र के रूप में गांधी आश्रम का निर्माण करना भी शामिल है, जिससे क्षेत्र का सांस्कृतिक महत्व बढ़ेगा। इस परियोजना में एसा और मूसी नदियों के संगम पर जल उपचार के लिए पुल-सह-बैराज जैसे बुनियादी ढांचे में सुधार भी शामिल होगा।

## हैदराबाद-विजयवाड़ा बस दुर्घटनाग्रस्त, 30 घायल

हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार को हैदराबाद से विजयवाड़ा जा रही तेलंगाना सड़क परिवहन निगम (टीजीएसआरटीसी) की बस राष्ट्रीय राजमार्ग 65 पर कोडाद में खड़ी बस से टकरा गई, जिससे कम से कम 30 लोग घायल हो गए। बस दुर्घटना के बाद घायलों को सूर्यपेट के कोडाद स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मरीजों की हालत गंभीर है।

# टीजी में लागू हो रहा दमनकारी शासन : केटीआर

## पुलिस अधिनियम के कार्यान्वयन की आलोचना



हैदराबाद, 2 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस सरकार पर उसके कार्यों पर सवाल उठाने वालों के खिलाफ मामले दर्ज करने, अपने अधिकारों की मांग करने वालों को धमकाने और जवाबी कार्रवाई करने वालों को निलंबित करने का आरोप लगाते हुए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव ने इसे एक 'तानाशाही शासन' बताया, जिसने लोगों को उनके अधिकारों से वंचित कर दिया है।

पुलिस अधिनियम के राज्यव्यापी कार्यान्वयन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि 10 वर्षों तक स्वतंत्र रूप से सांस लेने के बाद, तेलंगाना एक बार फिर आपातकाल के दिनों का अनुभव कर रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तेलंगाना में हम जूतों की आवाज से जाग रहे हैं, जो आपातकाल के दिनों की याद दिलाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार दमन का शासन बना रही है। उन्होंने पुलिस अधिनियम के राज्यव्यापी कार्यान्वयन पर चिंता जताते हुए इसकी तुलना आपातकाल के दिनों से की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई पोस्ट में रामा राव ने तेलंगाना की मौजूदा स्थिति पर अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संघर्ष तेलंगाना के लिए कोई नई बात नहीं है और प्रतिरोध की भावना यहां की जमीन में समाई हुई है।

उन्होंने घोषणा की कि हम अपनी स्वाभाविक भावना को कायम रखते हुए इस दमन का विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि बीआरएस तेलंगाना में लोकतंत्र की बहाली के लिए लड़ेगी।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.